नई दिल्ली RNI NO. DELHIN/2010/37009

वर्षः 11

अंकः 65

सोमवार, 27-02, जनवरी 2022

मूल्यः 5 रु प्रति

रु 250 वार्षिक



महामारी के दौरान केजरीवाल का दिल्ली स्वास्थ्य मॉडल विफल हो गया था : चन्नी 03

धर्म-परिवर्तन विरोधी कानून शुद्ध प्रेम पर आधारित विवाहों के मार्ग की बाधा नहीं बनने चाहिए 08


# NCR समाचार


डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने ओमीक्रोन संक्रमण के मामलों की 'सुनामी' आने की आशंका जताई 10

मोहम्मद शमी को लेकर शतकवीर राहुल ने कही यह बात, सफलता के पीछे का राज भी खोला 11




इस्माईल खान


www.ncrsamacharlive.in

BY C.R.O. TEAM

twitter-@ncrsamacharlive

भारत का नं 1 साप्ताहिक समाचार पत्र



ऐसे कपड़े पहनकर दादा की इज्जत को मिट्टी में मिलाती दिखीं रामानंद सागर की परपोती 12


### बेटियों पर फब्तियां कसने वाले खुलेआम घूमते थे

# अब योगी सरकार अपराधियों के साथ जेल-जेल खेल रही: मोदी

एजेंसी

**मेरठ।** पीएम मोदी ने कहा कि पहले की सरकारों में UP में अपराधी और माफिया अपना खेल खेलते थे। पहले बेटियों पर फब्तियां कसने वाले खुलेआम घूमते थे। मेरठ और आसपास के लोग भूल नहीं सकते कि पहले उनके घर जला दिए जाते थे। लोग अपना पुश्तैनी घर छोड़कर पलायन के लिए मज़बूर हो गए थे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरठ में मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय का शिलान्यास किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि मेरठ की स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी मेजर ध्यानचंद जी को समर्पित की जा रही है। मेजर ध्यानचंद के नाम में शब्द है ध्यान। बिना ध्यान के सफलता नहीं मिलती इसलिए जिस यूनिवर्सिटी का नाम ध्यानचंद से जुड़ा हो वहां ध्यान से काम करने वाले देश का नाम रोशन करेंगे यह मुझे पक्का विश्वास हैशाम होने के बाद अपने घर से निकलने से डरती थीं। आज मेरठ की बेटियां पूरे देश का नाम रौशन कर रही हैं।

**योगी सरकार अपराधियों के साथ जेल-जेल खेल रही**

पीएम मोदी ने कहा कि पहले की सरकारों में UP में अपराधी और माफिया अपना खेल खेलते थे। पहले बेटियों पर फब्तियां कसने वाले खुलेआम घूमते थे। मेरठ और आसपास के लोग भूल नहीं सकते कि पहले उनके घर जला दिए जाते थे। लोग अपना पुश्तैनी घर छोड़कर पलायन के लिए मज़बूर हो गए थे। अब योगी आदित्यनाथ की सरकार ऐसे अपराधियों के साथ जेल-जेल खेल रही है। पांच साल पहले इसी मेरठ की बेटियां शाम होने के बाद अपने घर से निकलने से डरती थीं। आज मेरठ की बेटियां पूरे देश का नाम रौशन कर रही हैं।

**मुलायम पर तंज**

अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने सपा मुखिया मुलायम सिंह यादव की भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि सरकारों की भूमिका अभिभावक की तरह होती है। योग्यता होने पर बढ़ावा भी दे और गलती होने पर ये कहकर ना टाल दे कि लड़कों से गलती हो जाती है। जो पहले सत्ता में थे, उन्होंने आपको गन्ने का मूल्य किस्तों में तरसा तरसा कर दिया. पहले की सरकारों में चीनी मिलें कौड़ियों के दाम बेची जाती थी।

## दिल्ली में बेकाबू हुआ कोरोना, 24 घंटे में 3200 नए केस, एक मरीज की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में रविवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 3,194 नये मामले सामने आए, जो पिछले साल 20 मई के बाद से एक दिन की सर्वाधिक संख्या है। महामारी से एक मरीज की भी मौत हुई है, जबकि संक्रमण दर बढ़ कर 4.59 प्रतिशत हो गई।

स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) की श्रेणीबद्ध प्रतिक्रिया कार्रवाई योजना के तहत, यदि संक्रमण दर लगातार दो दिन पांच प्रतिशत से अधिक रहता है तो 'रेड' अलर्ट जारी किया जा सकता है, जिसके चलते 'पूर्ण कर्फ्यू' लगाया जा सकता है और ज्यादातर आर्थिक गतिविधियां थम सकती हैं। रविवार को कोविड-19 के मामले एक दिन पहले के 2,716 मामले से 17 प्रतिशत अधिक हैं। दिल्ली में पिछले साल 20 मई को 5.50 संक्रमण दर के साथ 3,231 मामले सामने आए थे।

### लखनऊ रैली में बोले केजरीवाल

# योगी ने पांच साल में केवल श्मशान बनवाए और लोगों को वहां पहुंचाया: केजरीवाल

एजेंसी

**लखनऊ।** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार पर हमला करते हुए रविवार को कहा कि पांच साल में योगी सरकार ने केवल श्मशान घाट बनवाये और बड़ी संख्या में लोगों को वहां पहुंचाने का इंतजाम भी किया। केजरीवाल ने यहां आयोजित महारैली में अपने सम्बोधन के दौरान उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर हमले किये, वहीं प्रदेश की जनता से राज्य के सार्थक विकास के लिये आगामी विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को एक बार मौका देने की अपील भी की। केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरफ इशारा करते हुए कहा वर्ष 2017 में देश में भाजपा के सबसे बड़े नेता ने आकर कहा था कि उत्तर प्रदेश में कब्रिस्तान बनते हैं तो श्मशान घाट भी बनने चाहिए। दुख की बात यह है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले पांच सालों में केवल श्मशान



घाट बनवाए। न केवल श्मशान घाट बनवाए बल्कि कोरोना महामारी के दौरान अपने खराब प्रबंधन से बहुत बड़ी संख्या में लोगों को श्मशान घाट पहुंचाने का इंतजाम भी किया। उन्होंने योगी सरकार पर आरोप लगाया जिस तरह से कोविड-19 महामारी के दौरान योगी सरकार ने कोविड—19 का प्रबंधन किया, उससे पूरी दुनिया में उसकी थू—थू हुई। पूरी दुनिया में अगर कोई एक राज्य है जहां सबसे बुरा कोरोना का प्रबंधन हुआ तो वह उत्तर प्रदेश ही है। इतना बुरा प्रबंधन था कि उसे ढकने के लिये उत्तर प्रदेश सरकार को जनता की गाढ़ी कमाई के करोड़ों रुपये फूंककर अमेरिका की मैगजीन में 10—10 पेज विज्ञापन देने पड़े। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा मुझे स्कूल और अस्पताल बनवाने आते हैं। दिल्ली में बनवाकर आया हूं। उत्तर प्रदेश में भी बनवा दूंगा। विपक्षी पार्टियों को यह सब नहीं बनवाना आता है। यह केवल कब्रिस्तान और श्मशान घाट ही बनवा सकते हैं। मगर अब देश को स्कूल और अस्पताल चाहिए। केजरीवाल ने कहा कि योगी सरकार के विज्ञापनप्रेम का हाल यह है कि दिल्ली में दिल्ली सरकार के 106 होर्डिंग ही लगे हैं जबकि योगी सरकार के 850 होर्डिंग हैं। कई बार पता नहीं चलता कि यह उत्तर प्रदेश का चुनाव लड़ रहे हैं या दिल्ली का चुनाव।

# अखिलेश भी 'ब्राह्मण कार्ड' चलने को तैयार भगवान परशुराम की मूर्ति का किया अनावरण

**लखनऊ में आखिलेश यादव ने परशुराम की पूजा कर चुनावी बिगुल फूंका। भगवान परशुराम की मूर्ति और 68 फीट ऊंचे फरसे का अखिलेश यादव ने अनावरण किया। भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापना और मंदिर के सामने फरसा लगवाने वाले सपा के नेता संतोष पाण्डेय ने बताया है कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आज भगवान परशुराम के दर्शन करने यहां पहुंचे।**



एजेंसी

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी भी अब ब्राह्मणों को लुभाने के लिए कमर कस ली है। अखिलेश यादव ब्राह्मण नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिला रहे हैं तो ब्राह्मणों के प्रबुद्ध सम्मेलन करने की बात कहने लगे है। इससे पहले 23 अगस्त को बालिया और 24 अगस्त को मऊ में प्रबुद्ध सम्मेलन आयोजित करने का फैसला किया। इन सब के बीच राजधानी लखनऊ में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के किनारे भगवान परशुराम का मंदिर सपा के नेताओं ने बनवाकर तैयार कराया है और फरसा लगाया है।

अखिलेश यादव ने द्वारा आज भगवान परशुराम मंदिर में दर्शन पूजन करने के बाद इसे आम लोगों के लिए खोल दिया गया। लखनऊ में आज आखिलेश यादव ने परशुराम की पूजा कर चुनावी बिगुल फूंका। भगवान परशुराम की मूर्ति और 68 फीट ऊंचे फरसे का अखिलेश यादव ने अनावरण किया। भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापना और मंदिर के सामने फरसा लगवाने वाले सपा के नेता संतोष पाण्डेय ने बताया है कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आज भगवान परशुराम के दर्शन करने यहां पहुंचे। ब्राह्मण समाज के साथ प्रदेश के सभी समाज बहुत खुश हैं कि लखनऊ में भगवान परशुराम का दिव्य मंदिर बना है। अखिलेश ने कहा है कि सरकार बनने पर परशुराम जयंती की छुट्टी फिर बहाल की जाएगी। माना जा सकता है कि इससे अखिलेश यादव ब्राह्मण वोट बैंक पर फोकस कर रहे हैं, क्योंकि यूपी में करीब 12 फीसदी ब्राह्मण आबादी है।

### पीएम मोदी की 12 करोड़ की मर्सडीज पर संजय राउत का तंज

# अब 'फकीर' होने का दावा नहीं कर सकते

एजेंसी

**मुंबई।** शिवसेना सांसद संजय राउत ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने काफिले में ''12 करोड़ रुपये की कार'को शामिल करने के बाद 'फकीर' होने का दावा नहीं कर सकते। शिवसेना के मुखपत्र 'सामना' के साप्ताहिक स्तंभ 'रोखठोक' मेंराउत ने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की हमेशा भारत में बनी कार का इस्तेमाल करने और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जान का खतरा होने के बावजूद अपने सुरक्षाकर्मियों को नहीं बदलने के लिए प्रशंसा की।



शिवसेना नेता ने लिखा, '' 28 दिसंबर को मीडिया ने प्रधानमंत्री (नरेंद्र) मोदी के लिए लाई गई 12 करोड़ रुपये मूल्य की कार की तस्वीर प्रकाशित की। वह व्यक्ति जो खुद को फकीर, प्रधान सेवक कहते हैं, विदेश में बनी कार का इस्तेमाल करते हैं।'' राज्यसभा सदस्य ने कहा, ''प्रधानमंत्री की सुरक्षा और सुविधा अहम हैं लेकिन अब से प्रधान सेवक को नहीं दोहराना चाहिए कि वह फकीर हैं।'' उल्लेखनीय है कि हाल में विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) ने प्रधानमंत्री के काफिले में मर्सिडीज मेबैक एस 650 नामक कार को शामिल किया है। मीडिया में इस श्रेणी की कार की कीमत करीब 12 करोड़ रुपये बताई जा रही है। हालांकि, सरकारी सूत्रों का कहना है कि नयी कार प्रधानमंत्री द्वारा इस्तेमाल बीएमडब्ल्यू कार के स्थान पर लाई गई है क्योंकि जर्मन कंपनी ने उसका निर्माण रोक दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि एसपीजी ने उसके द्वारा सुरक्षा प्राप्त लोगों की कारों को बदलने के लिए छह मानक तय किए हैं लेकिन मोदी ने इसको लेकर कोई पसंद जाहिर नहीं की थी कि किस कार का इस्तेमाल किया जाए।उन्होंने यह भी बताया कि मीडिया में बताई जा रही कीमत से कार की वास्तविक कीमत करीब एक तिहाई है। राउत ने रविवार को कहा कि मोदी ने 'मेक इन इंडिया' और 'स्टार्ट अप इंडिया' जैसे स्वदेशी पहल की और वह विदेश निर्मित कार का इस्तेमाल कर रहे हैं।

# पेगासस: SC की बनाई कमेटी ने मांगी लोगों से जानकारी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त तकनीकी समिति ने अवैध जासूसी पर नकेल कसने के लिए एक सार्वजनिक नोटिस जारी कर नागरिकों से उनसे संपर्क करने का आग्रह किया, अगर उन्हें लगता है कि उनके मोबाइल डिवाइस पेगासस मैलवेयर से संक्रमित थे। एक प्रमुख दैनिक में जारी किए गए नोटिस में नागरिकों से यह भी कारण बताने का आग्रह किया गया है कि वे क्यों मानते हैं कि उनका उपकरण पेगासस से संक्रमित हो सकता है। समिति ने एक सार्वजनिक नोटिस में ऐसे लोगों से 7 जनवरी तक संपर्क करने को कहा है।

**पेगासस विवाद पर सुप्रीम कोर्ट का आदेश**

अक्टूबर में सीजेआई एनवी रमना, जस्टिस सूर्यकांत और हेमा कोहली की एससी बेंच ने जासूसी के आरोपों की जांच के लिए डॉ नवीन कुमार चौधरी, डॉ प्रभाकरन और डॉ अश्विन अनिल गुमस्ते की एक तकनीकी समिति का गठन किया। समिति की देखरेख सेवानिवृत्त एससी न्यायाधीश आरवी रवींद्रन करेंगे और पूर्व आईपीएस अधिकारी आलोक जोशी और साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ डॉ संदीप ओबेरॉय द्वारा सहायता प्रदान की जाएगी। पैनल को रिपोर्ट तैयार करने और इसे तेजी से सुप्रीम कोर्ट के समक्ष पेश करने का निर्देश दिया गया है। आदेश के अनुसार, समिति को यह जांच करने का काम सौंपा गया है कि क्या पेगासस स्पाइवेयर का इस्तेमाल भारतीयों के फोन या अन्य उपकरणों पर किया गया था। पीड़ितों का विवरण, व्हाट्सएप हैकिंग की रिपोर्ट के बाद 2019 में केंद्र द्वारा उठाए गए कदम, केंद्र, राज्य सरकार या किसी भी सरकार से पूछताछ करने को कहा गया है कि एजेंसी ने पेगासस का अधिग्रहण किया और यदि किसी घरेलू संस्था/व्यक्ति ने नागरिकों पर स्पाइवेयर का इस्तेमाल किया और क्या यह प्रयोग अधिकृत था।

**पेगासस जासूसी कांड**

जुलाई में, फ्रांसीसी गैर-लाभकारी फॉरबिडन स्टोरीज और एमनेस्टी इंटरनेशनल ने 50,000 फोन नंबरों के एक लीक डेटाबेस को एक्सेस किया, जिन्हें कथित तौर पर पेगासस द्वारा लक्षित किया गया था। सोलह मीडिया घरानों की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 50,000 नंबरों में से, 300 सत्यापित भारतीय मोबाइल टेलीफोन नंबर कथित तौर पर इजरायली निगरानी प्रौद्योगिकी फर्म पेगासस का उपयोग करने पर जासूसी कर रहे थे। न्यूज पोर्टल द वायर की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 142 से अधिक लोगों को इजरायली सॉफ्टवेयर पेगासस के जरिए निशाना बनाया गया था। रिपोर्ट में बताया गया था कि एमनेस्टी इंटरनेशनल की सिक्योरिटी लैब द्वारा कुछ सेलफोन की फोरेंसिक जांच में सुरक्षा में सेंध की पुष्टि हुई थी।

### संक्षिप्त समाचार

## कोरोना संक्रमितों की बढ़ोतरी के बाद बंगाल में 'मिनी लॉकडाउन', स्कूल-कॉलेज बंद, 50 फीसदी क्षमता से खुलेंगे ऑफिस

एजेंसी

**कोलकाता।** देश में कोरोना की रफ्तार तेज हो रही है। ओमिक्रॉन वैरिएंट के खतरे के बीच तीसरी लहर के संकेत मिलने शुरू हो गए हैं। इन सब के बीच पश्चिम बंगाल ने नई पाबंदियों का ऐलान किया है। पश्चिम बंगाल सरकार ने सभी शैक्षणिक संस्थाओं को बंद करने की घोषणा की, कार्यालयों को 50 प्रतिशत क्षमता के साथ खोलने की अनुमति, पूर्वाह्न 10 बजे से शाम पांच बजे तक केवल आवश्यक सेवाओं की अनुमति। लोकल ट्रेन सोमवार से 50 प्रतिशत क्षमता के साथ शाम सात बजे तक चलेंगी; पार्लर, जिम बंद रहेंगे। पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव एचके द्विवेदी ने जानकारी देते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल ने सभी स्कूलों और कॉलेजों के साथ-साथ सिनेमा हॉल, जिम और स्विमिंग पूल और ब्यूटी सैलून को बंद करने सहित नए कोविड प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। सरकारी और निजी कार्यालयों में उपस्थिति 50 प्रतिशत पर सीमित रहेगी। ब्रिटेन से सीधी उड़ानें, जिसने पिछले कुछ हफ्तों में कोविड-19 मामलों की एक चौंका देने वाली बढ़ोतरी हुई है, जिसमें अधिक संक्रामक ओमिक्रोन स्ट्रेन भी शामिल है, को भी रोक दिया गया है। पश्चिम बंगाल में पिछले कुछ दिनों से कोविड-19 के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और शनिवार को संक्रमण के 4,512 मामले सामने आए, जो पिछले दिन की तुलना में 1,061 मामले अधिक हैं। वहीं, कोलकाता में 2,398 नये मामले सामने आए हैं। राज्य में शुक्रवार को 3,451 मामले सामने आए थे, जिनमें कोलकाता से 1,954 मामले थे।

### आईटी मंत्री ने अश्विनी वैष्णव ने कहा कि होस्टिंग प्लैटफॉर्म 'गिटहब' ने उपयोगकर्ता को ब्लाक करने की पुष्टि की है

# मुस्लिम महिलाओं के खिलाफ नफरत पर घमासान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कम से कम सौ प्रभावशाली मुस्लिम महिलाओं की तस्वीरें एक ऐप पर अपलोड किए जाने पर मचे बवाल के बाद सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि होस्टिंग प्लैटफॉर्म 'गिटहब' ने उपयोगकर्ता को ब्लाक करने की पुष्टि की है और भारतीय कम्प्यूटर आपदा प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी) तथा पुलिस अधिकारी आगे की कार्रवाई के लिए समन्वय कर रहे हैं। ऐप 'बुली बाई' पर तस्वीरें अपलोड करने की घटना पिछले वर्ष जुलाई में ''सुल्ली डील्स'' पर तस्वीरें अपलोड़ करने के समान है। दोनों ऐप एक जैसा ही काम करते हैं। ऐप को खोलने पर एक मुस्लिम महिला की तस्वीर बुली बाई के तौर पर सामने आती है। ट्विटर पर अधिक फॉलोवर वाली मुस्लिम महिलाएं जिनमें पत्रकार भी शामिल है, उन्हें चुन कर उनकी तस्वीरें अपलोड

**ऐप 'बुली बाई' पर तस्वीरें अपलोड करने की घटना पिछले वर्ष जुलाई में ''सुल्ली डील्स'' पर तस्वीरें अपलोड़ करने के समान है। दोनों ऐप एक जैसा ही काम करते हैं। ऐप को खोलने पर एक मुस्लिम महिला की तस्वीर बुली बाई के तौर पर सामने आती है।**

की गई हैं। पिछले वर्ष सुल्ली डील्स में मुस्लिम महिलाओं की तस्वीरों के दुरुपयोग के मामले में दिल्ली और उत्तर प्रदेश पुलिस ने दो प्राथमिकियां दर्ज की थीं। लेकिन अब तक दोषियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। 'बुली बाई' की ही तरह 'सुल्ली डील्स' को भी गिटहब प्लेटफार्म पर पेश किया गया था। शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने शनिवार को मुंबई पुलिस और वैष्णव दोनों को 'बुलीबाई' ऐप 'फ्लैग' किया और कार्रवाई की मांग की। वैष्णव ने शनिवार देर रात ट्वीट किया,'' गिटहब ने आज सुबह उपयोगकर्ता को ब्लाक करने की पुष्टि की। सीईआरटी और पुलिस अधिकारी आगे की कार्रवाई के लिए समन्वय कर रहे हैं। गौरतलब है कि सीईआरटी साइबर सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए नोडल एजेंसी है। मंत्री ने हालांकि इस बात की जानकारी नहीं दी कि क्या कार्रवाई की जा रही है। शनिवार को चतुर्वेदी ने ट्वीट किया था, ''(मैंने) मुंबई पुलिस आयुक्त और पुलिस उपायुक्त (अपराध) रश्मि करांदिकर जी से बात की है। वे इसकी जांच करेंगे। (मैंने) महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से भी हस्तक्षेप करने के लिए बात की है। उम्मीद है कि इस तरह की गलत साइट के पीछे जो लोग हैं उन्हें पकड़ा जाएगा।'' उन्होंने कहा, ''मैंने सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री माननीय अश्विनी वैष्णव जी से उन लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का कई बार आग्रह किया जो सुल्लीडील्स जैसे प्लेटफार्म के जरिये महिलाओं को निशाना बना रहे हैं। शर्म की बात है कि इसे नजरअंदाज किया जा रहा है।'' इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया जताते हुए, मुंबई पुलिस ने कहा कि उसने मामले का संज्ञान लिया है और संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई करने के लिए कहा गया है। एक अधिकारी ने कहा कि मुंबई साइबर पुलिस ने आपत्तिजनक सामग्री के संबंध में जांच शुरू कर दी है।


एनसीआर समाचार, साप्ताहिक समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

कार्यालयः
12/276, संगम विहार
नई दिल्ली-62

फोनः
8888883968,
9811111715




एनसीआर समाचार पत्र के स्वामित्व/ प्रकाशन परिवर्तन के संबंध में

**आवश्यक सूचना**

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

## संक्षिप्त समाचार

### उपराज्याल सिन्हा ने जम्मू-कश्मीर में कोविड-19 की स्थिति की समीक्षा की



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कोविड-19 कार्यबल और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हुई उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की और केंद्र शासित प्रदेश में महामारी की स्थिति की समीक्षा की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि शनिवार को कोविड-19 के 169 नए मामले आने के साथ अबतक केंद्र शासित प्रदेश में संक्रमित हुए मरीजों की संख्या बढ़कर 3,41,459 हो गई। वहीं, दो और मरीजों की मौत होने से महामारी में यहां जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 4,530 हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि सिन्हा ने यहां राजभवन में हुई बैठक की अध्यक्षता की और महामारी की संभावित तीसरी लहर के मद्देनजर सभी अस्पतालों में गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) और ऑक्सीजन युक्त बिस्तरों का ऑडिट करने सहित कई निर्देश दिए। उपराज्यपाल ने सिलसिलेवार ट्वीट कर बताया कि बैठक में कोविड-19 की स्थिति, ओमीक्रोन स्वरूप, 15 से 18 साल के किशोरों के टीकाकरण और चिकित्सा अवसंरचना की तैयारियों की समीक्षा की गई, जिसमें सभी जिलों के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक मौजूद रहे।

### ठाकरे को स्वस्थ होने में समय लग रहा तो उन्हें प्रभार एकनाथ शिंदे को सौंप देना चाहिए: दानवे



**औरंगाबाद।** केंद्रीय मंत्री रावसाहेब दानवे ने रविवार को कहा कि अगर उद्धव ठाकरे के स्वस्थ होने में समय लग रहा है तो महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री का प्रभार राज्य के शहरी विकास मंत्री और शिवसेना के वरिष्ठ नेता एकनाथ शिंदे को सौंप दिया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ठाकरे की सर्वाइकल स्पाइन सर्जरी गत 12 नवंबर को हुई थी और उन्हें दो दिसंबर को अस्पताल से छुट्टी दी गई थी। इस समय वह स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं और उन्होंने 22 दिसंबर से 28 दिसंबर तक चले राज्य विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में भी हिस्सा नहीं लिया था। जालना-पुणे के बीच चालू हुई नयी ट्रेन सेवा से सफर कर औरंगाबाद रेलवे जंक्शन पहुंचे दानवे ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि शिंदे सक्षम मंत्री हैं। केंद्रीय रेल राज्यमंत्री और भाजपा के लोकसभा सदस्य दानवे ने कहा, ''मैं शिवसेना में परेशानी पैदा नहीं कर रहा हूं। मैं केवल इतना कह रहा हूं कि अगर उद्धव ठाकरे को ठीक होने में समय लग रहा है तो उन्हें मुख्यमंत्री का प्रभार शिंदे को सौंप देना चाहिए।

### इस वजह से क्रैश हुआ था CDS रावत का हेलीकॉप्टर! कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी से खुलासा

इस हादसे में वायुसेना का MI-17V5 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। सूत्रों का कहना है कि खराब मौसम के कारण कम दृश्यता की वजह से हेलीकॉप्टर हादसा हुआ है। सीडीएस जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी और 11 सशस्त्र बलों के जवानों की जान लेने वाले हेलिकॉप्टर दुर्घटना में वायु सेना की जांच लगभग पूरी हो चुकी है और जल्द ही प्रस्तुत की जाएगी। जांच या उसकी रिपोर्ट पर न तो वायु सेना और न ही सरकार ने अभी तक कोई बयान दिया है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि खराब मौसम के कारण कम दृश्यता की वजह से हेलीकॉप्टर हादसा हुआ है। इस पर भी अब तक कोई बयान या स्पष्टीकरण नहीं आया है कि क्या दुर्घटना का मूल कारण पायलट-त्रुटि थी या क्या पहाड़ी क्षेत्रों में बादलों के भीतर संचालन के नियमों की अवहेलना की गई थी।

# भारतीय जनता पार्टी सिर्फ विकास ही नहीं अल्पसंख्यकों की भी दुश्मन: अखिलेश

एजेंसी

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को लखनऊ में भगवान परशुराम के नवनिर्मित मंदिर में दर्शन पूजन किया और समाजवादी विजय यात्रा लेकर निकले। लखनऊ से निकला संदेश, बाइस में आ रहे अखिलेश जैसे नारों के बीच राजधानी में अपनी समाजवादी विजय यात्रा में अखिलेश यादव ने अपने संबोधन में भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा केवल विकास की दुश्मन नहीं हैं, ये अल्पसंख्यकों के भी दुश्मन हैं और इनको इसलिए अल्पसंख्यकों का दुश्मन कहता हूं कि जिस समय ये सरकार में आये दिल्ली की लोकसभा और उप्र की विधानसभा में बैठने के लिए एंग्लो इंडियन लोगों के लिए जो आरक्षण था, उस आरक्षण को समाप्त कर दिया। गौरतलब है कि भाजपा



**समाजवादी विजय यात्रा में अखिलेश यादव ने अपने संबोधन में भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा केवल विकास की दुश्मन नहीं हैं।**

सरकार में विधानसभा में एंग्लो इंडियन के लिए आरक्षित सीट समाप्त कर दी गई है। कानपुर और कन्नौज में इत्र व्यापारियों के यहां आयकर छापेमारी की चर्चा करते हुए यादव ने कहा कि ये लोग छापा इसलिए मार रहे हैं क्योंकि जैन समाज के लोग अल्पसंख्यक समाज से आते हैं, ये नहीं चाहते कि जैन लोग तरक्की करें। उन्होंने आरोप लगाया कि छापेमारी में कानपुर में (पीयूष जैन) जो पैसा निकला वह भारतीय जनता पार्टी का था और जो दीवारों से निकला वह भाजपा का था और जो गिना गया वह भी भाजपा का था। यादव ने दावा किया कि भाजपा बदनामी से बचने के लिए अपने गलत फैसले को सही बनाने के लिए जबर्दस्ती समाजवादियों के ऊपर उंगली उठाने का कार्य कर रही है। यादव ने कन्नौज में सपा के विधान परिषद सदस्य और समाजवादी इत्र बनाने वाले पुष्पराज जैन के यहां छापेमारी की ओर इशारा किया। उल्लेखनीय है कि आयकर ने पहले कानपुर और कन्नौज में इत्र कारोबारी पीयूष जैन के यहां छापेमारी की जिनके यहां ढाई सौ करोड़ से अधिक बेहिसाब नकदी बरामद हुई थी और इसके करीब हफ़्ते भर बाद समाजवादी इत्र बनाने वाले सपा विधान पार्षदपुष्पराज जैन के यहां छापेमारी की। सपा प्रमुख ने लखनऊ में समाजवादी पार्टी की सरकारों में हुए विकास कार्यों को गिनाते हुए सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर विकास पूरी तरह से ठप करने का आरोप लगाया और कहा कि हर वर्ग परिवर्तन चाहता है क्योंकि भाजपा के साढ़े चार वर्ष के समय में उप्र की जनता को दुख और परेशानी मिली है।

# नगा संगठन ने नगालैंड में आफस्पा विस्तारित किये जाने की निंदा की

एजेंसी

**कोहिमा।** वैश्विक स्तर पर नगा लोगों के लिए काम करने वाले एक संगठन ने नगालैंड में सशस्त्र बल (विशेष अधिकार) अधिनियम (आफस्पा) विस्तारित किये जाने की निंदा की है। पूर्वोत्तर के इस राज्य में मोन जिले के ओटिंग इलाके में पिछले साल दिसंबर की शुरूआत में पैरा-कमांडो द्वारा 14 नागरिकों के मारे जाने के बाद कई वर्गों ने आफस्पा हटाने की मांग की है। ग्लोबल नगा फोरम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे एक खुला पत्र में कहा है, ''नगालैंड, मेघालय और मणिपुर सहित क्षेत्र में राज्य सरकारों के नेताओं ने आफस्पा हटाने की अपील की है। क्षेत्र के लोग और नागरिक समाज संस्थाएं आफस्पा हटाया जाना चाहते हैं।'' केंद्र ने राज्य से इस विवादित अधिनियम को हटाने की संभावना की पड़ताल के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित की है। हालांकि, 30 दिसंबर को सरकार ने पूरे नगालैंड को और छह महीने के




लिए आफस्पा के तहत ''अशांत क्षेत्र'' घोषित कर दिया। साथ ही कहा कि राज्य की स्थिति अशांत और खतरनाक है। फोरम की सह-संयोजक प्रो. रोजमेरी दुविचु और सचिव प्रो. पॉल पिमोमो ने पत्र में कहा है, ''मारे गये लोगों के परिवार के सदस्य अब भी शोक मना रहे हैं, लेकिन सरकार ने हत्याओं की कोई नैतिक जिम्मेदारी नहीं ली, ना ही हत्या का कारण रहे सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (1958) को हटाने की कोशिश की।'' फोरम के पत्र में दावा किया गया है कि ओटिंग हत्याकांड के बाद (नरेंद्र) मोदी को ऐसे प्रधानमंत्री के रूप में देखा जाएगा, जिन्होंने आफस्पा को विस्तारित कर नगालैंड के लोगों को नये साल का तोहफा दिया है।

# हरियाणा की सरकार कोरोना की तीसरी लहर की किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी मुस्तैदी से कार्य कर रही

एजेंसी

**चंडीगढ़ ।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि सरकार कोरोना की तीसरी लहर की किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी मुस्तैदी से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री आज यहां कोविड-19 की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में सभी जिला उपायुक्त वीसी के माध्यम से जुड़े। उन्होंने उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे जिलों में ऑक्सीजन प्लांट, अस्पताल एवं आवश्यक उपकरण एवं अन्य सुविधाओं की समीक्षा करना सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उपायुक्त अपने जिलों की लोकल लेवल कमेटियों को भी सर्तक रखें। आंगनबाडी वर्कर तथा शिक्षा विभाग की भी आवश्यकता पड़ने पर उनकी सेवाएं ली जा सकती है। उन्होंने कहा कि बस स्टेण्ड, लघु सचिवालय, मॉल, जिम तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पूरी निगरानी रखें और ऐसे स्थानों पर बिना वेक्सिन डोज लगवाए लोगों का प्रवेश निषेध करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि विदेश यात्रा करके आने वाले यात्रियों पर पूरी निगरानी रखी जाए, जब तक यह सुनिश्चित न हो, कि उनमें किसी भी तरह के कोविड संबंधी लक्षण नहीं हों। टेस्टिंग की रिपोर्ट आने तक उन्हें होम आईसोलेट करें। मुख्यमंत्री ने यह भी अवगत



करवाया कि नए वेरियंट की टेस्टिगं की सुविधा महर्षि दयानन्द युनिवर्सिटी रोहतक में शुरू कर दी गई है। अब टेस्टिंग के परिणाम जल्द आने शुरू हो जाएगें। इसके अलावा अन्य स्थानों पर टेस्टिंग बढाई जा रही है। उन्होंने कहा कि नए वेरिंयंट का प्रभाव तेजी से बढ रहा है और दूसरी लहर का वेरियंट भी एक्टिव है। इसलिए एहतिहायत बरतना बहुत ही आवश्यक है। उन्होंने नाईट मुवमेंट का प्रतिबंध सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यक्तिगत स्तर पर कोविड निर्देशों की अवहेलना करने वालों पर 500 रुपए तथा संस्थाओं पर 5000 रुपए का जुर्माना किए जाने का प्रावधान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हैल्थ वर्कर एवं फ्रंट लाईन वर्कर तथा 60 साल से अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए 10 जनवरी से कोरोना प्रीकॉशन डोज लगानी आरम्भ की जाएगी। इसके अलावा 15 से 18 साल तक की आयु के बच्चों को भी 3 जनवरी से को-वैक्सिन लगानी शुरू की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरूग्राम, फरीदाबाद, पंचकूला, सोनीपत व अम्बाला में कोरोना के मामले बढ रहे है। इसलिए इन जिलों को ए ग्रुप में रखा गया है। इन जिलों में अधिक सावधानी बरतने और सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने उपायुक्तों को प्रतिदिन कोरोना केसों की समीक्षा करने को भी कहा। हर रोज लगभग 3 लाख वेक्सिनेशन डोज लगाई जा रही है तथा अब तक लगभग 3 करोड़ 45 लाख़ लोगों को वेक्सिन लगाई जा चुकी है। इसमें लगभग 2 करोड़ लोगों को पहली तथा एक करोड़ 44 लाख लोगों को दूसरी वैक्सिन डोज शामिल है।

### सेना का हेलीकॉप्टर हरियाणा के गांव में आपात स्थिति में सुरक्षित उतरा : पुलिस

**जींद/चंडीगढ़।** सेना का एक हेलीकॉप्टर रविवार को आपात स्थिति में हरियाणा के जींद जिले में एक खेत में सुरक्षित उतार लिया गया। हेलीकॉप्टर में सवार सेना के चार जवान सुरक्षित हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मौके पर पुलिस पहुंच गयी है और सेना के तकनीकी युनिट को मौके पर बुलाया गया है। हालांकि सेना की ओर से इस संबंध में अभी कोई बयान नहीं आया है। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया, ''सेना के हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग खेतों में हुई। उसमें सवार जवान तथा हेलीकाप्टर सुरक्षित है। किसी प्रकार के नुकसान की सूचना नही है।''उन्होंने बताया, ''सेना का एआई-1123 हेलीकॉप्टर पंजाब के बठिंडा से दिल्ली जा रहा था और इसी दौरान इसमें कुछ तकनीकि खामी आ गई, जिसके चलते हेलीकॉप्टर के पायलट ने उसे गांव जाजनवाला निवासी जबर सिंह के खेत में सुरक्षित उतार लिया।''सिंह ने बताया, ''किसी प्रकार का कोई नुकसान न तो हेलीकॉप्टर को हुआ और न ही उसमें सवार किसी जवान को।

# दिल्ली वालों को नए साल पर मिलने जा रहा है यह गिफ्ट



एजेंसी

नए साल पर दिल्ली सरकार दिल्ली वालों को एक और सौगात देने जा रही है। दिल्ली सरकार ने फैसला किया है कि वह शहर में 600 एलईडी स्क्रीन लगाएगी। सरकार यह एलईडी स्क्रीन शहर के मुख्य चौराहों, मेट्रो स्टेशन के बाहर और कई दूसरी जगहों पर लगाएगी। दिल्ली सरकार इसके लिए 475.78 करोड़ रूपये खर्च करेगी। सरकार इन एलईडी स्क्रीन्स के जरिये जनता तक सूचना पहुंचाएगी।

इन एलईडी स्क्रीन का उपयोग सामाजिक संदेश, सरकार की पॉलिसी, प्रदूषण से जुड़े आंकड़े, और जनहित मुद्दों की जानकारी देने के लिए किया जाएगा। अधिकारियों ने जानकारी दी कि, पिछले हफ्ते वित्तीय समिति की बैठक मनीष सिसोदिया की अध्यक्षता में हुई थी। जिसमें इन एलईडी स्क्रीन्स को लगाने के लिए 475.78 करोड़ रुपये मंजूर किए गए। अधिकारी ने बताया कि, एलईडी

**इन एलईडी स्क्रीन्स को लगाने के लिए 475.78 करोड़ रुपये मंजूर किए गए।**

स्क्रीन्स को लगाने का लक्ष्य 1 वर्ष में पूरा करना है। पीडब्ल्यूडी के दस्तावेजों से जानकारी मिली है कि, एलईडी को उन सब सड़कों जिनकी चौड़ाई 80 फुट से ज्यादा है, और भीड़भाड़ वाले मेट्रो स्टेशन के प्रवेश एवं निकास द्वार पर लगाया जाएगा। डॉक्यूमेंट से मिली जानकारी के मुताबिक स्क्रीन को लगाने के लिए 100 से 200 फूट चौड़ी सड़कों या भीड़ भाड़ वाली सड़कों को प्राथमिकता दी जाएगी। बता दें कि दो आकार के एलईडी स्क्रीन लगाए जाएंगे, जिनका आकार 9.50 से 12.5 फुट और 15 गुना 40 फूट होगा। अधिकारी ने बताया कि, जिस विक्रेता से यह एलईडी स्क्रीन ली जाएंगी वह 7 साल तक इनकी देखभाल भी करेगा।

# यह भाजपा का मानसिक दिवालियापन ही है जो मोदी की तुलना मनमोहन सिंह से कर रहे

एजेंसी

**शिमला ।** हिमाचल भाजपा द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह की आलोचना करने पर कांग्रेस ने तीखा पलटवार किया है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता दीपक शर्मा ने आज कहा कि डॉक्टर मनमोहन सिंह की तुलना वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नहीं की जा सकती क्योंकि डॉक्टर मनमोहन सिंह न केवल विश्व के महानतम अर्थशास्त्री थे बल्कि दूरदृष्टि रखने वाले काबिल प्रधानमंत्री थे जिनके कार्यकाल में देश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए। प्रवक्ता दीपक शर्मा ने कहा कि भाजपा इसी बात पर इतरा रही है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हिमाचल आते रहते हैं।लेकिन भाजपा यह बताए कि मोदी ने हिमाचल आ कर प्रदेश को क्या दिया।मात्र गप्पों का हलवा बनाने के अतिरिक्त मोदी ने हिमाचल को ठगा है। यह भाजपा का मानसिक दिवालियापन ही है जो भाजपा नेता मोदी की तुलना डॉक्टर मनमोहन सिंह जी से कर रहे हैं। कांग्रेस प्रवक्ता ने



कहा कि भाजपा नेता आंकड़ों और तथ्यों पर बात करें।किसी भी महान व्यक्ति से तुलना करने से कोई महान नहीं हो जाता है।मनमोहन सिंह जी के कार्यकाल में जीडीपी कहां थी और आज कहां है।आयात-निर्यात विकास दर,औद्योगिक विकास दर से लेकर हर क्षेत्र में देश आगे बढ़ रहा था।जबकि पूरे विश्व में आर्थिक गिरावट का दौर था लेकिन डॉक्टर मनमोहन सिंह की सरकार ने देश की आर्थिकी को गिरने नहीं दिया।जब पूरे विश्व में कच्चे तेल के दाम आसमान छू रहे थे तब भी महंगाई को बढ़ने नहीं दिया। दीपक शर्मा ने कहा कि आज देश कहां खड़ा है।जिस भारत के ऊपर 2014 में अढ़ाई लाख करोड़ का कर्ज था आज मोदी राज में यह बढ़ कर 25 लाख करोड़ हो चुका है।देश की बेशकीमती सम्पत्तियों को बेचा जा रहा है।सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण सरकारी उपक्रमों को औने पौने दामों पर निजी हाथों में बेचा जा रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि मोदी और मनमोहन सिंह की तुलना नहीं की जा सकती है। मनमोहन सिंह जहां काम करने वाले प्रधानमंत्री थे वहीं मोदी गप्पें हांकने वाले प्रधानमंत्री हैं जिनके राज में देश चन्द बड़े घरानों के हाथों में गिरवी रखा जा रहा है।

### ऐप विवाद: महबूबा ने मुस्लिम महिलाओं को निशाना बनाने की आलोचना की

**श्रीगनर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने रविवार को आरोप लगाया कि कुछ स्वार्थी तत्व मुस्लिम महिलाओं को ऑनलाइन तरीके से निशाना बना रहे थे और उन्हें आधिकारिक संरक्षण प्राप्त है। पूर्व मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया, ताज्जुब है कि मुस्लिम महिलाओं के खिलाफ इस तरह की अपमानजनक गतिविधियों को अंजाम देने वाले अपराधियों को खुली छूट दी जाती है.. यह स्पष्ट है कि इन स्वार्थी तत्वों को सत्ता में बैठे लोगों का संरक्षण मिला हुआ है। महबूबा बुली बाई नामक एक ऐप पर कम से कम 100 प्रभावशाली मुस्लिम महिलाओं की तस्वीरें अपलोड किए जाने के बाद प्रतिक्रिया दे रही थीं। इस ऐप को लेकर मचे बवाल के बाद सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मेजबान मंच 'गिटहब' ने उपयोगकर्ता को ब्लॉक करने की पुष्टि की है तथा भारतीय कम्प्यूटर आपदा प्रतिक्रिया दल और पुलिस अधिकारी आगे की कार्रवाई के लिए समन्वय कर रहे हैं।

# दी सीडी साख सहकारी सभा सीमित गोहर को बैंक में बदलने के लिए राज्य सरकार करेगी हर संभव प्रयास: मुख्यमंत्री

**सीएम ने कहा कि दी सीडी साख सहकारी सभा सीमित के विस्तार की बहुत सम्भावनाएं हैं**

एजेंसी

**शिमला ।** मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने कहा कि मंडी जिले की दी सीडी साख सहकारी सभा सीमित गोहर को बैंक में बदलने के लिए राज्य सरकार हर संभव प्रयास करेगी। इसके लिए केंद्र सरकार और आरबीआई से बात कर तकनीकी पेचीदगियों का समाधान तलाशने की दिशा में कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री रविवार को मंडी में दी सीडी साख सहकारी सभा सीमित गोहर के 59वें साधारण अधिवेशन के समापन सत्र को बतौर मुख्यातिथि सम्बोधित कर रहे थे। जय राम ठाकुर ने कहा कि दी सीडी साख सहकारी सभा सीमित गोहर ने मंडी जिले में शानदार काम किया है। 30 जून 1957 को चच्योट डिवेल्पमेंट ब्लॉक सोसाइटी के नाम से आरंभ यह सभा समय के साथ अपने में आवश्यक परिवर्तन लाकर प्रासंगिक बनी रही। वर्तमान में सभा का कुल




कारोबार 1500 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है, जो इसकी सफल कार्य प्रणाली की बानगी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सराहनीय है कि लगभग 64 वर्षों के अपने सफर के बाद आज यह सभा एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर है और इसके 66 हजार 298 सदस्य हैं। मंडी जिले में ये अपने सदस्यों को घर द्वार पर बैंकिंग सुविधा उपलब्ध करवा रही है। इसकी 49 शाखाएं और 2 विस्तार पटल हैं। सभा ने 165 करोड़ रुपये से ज्यादा के ऋण बांटे हैं। उन्होंने ऋणों की वसूली के मैकेनिज्म की मजबूती पर बल दिया। जय राम ठाकुर ने कहा कि सहकार बहुत मजबूत सेक्टर है, जिसकी हर जगह पहुंच है। मिलकर काम करने, परस्पर सहयोग के साथ आगे बढ़ने का यह कान्सेप्ट पुराने समय से ही हमारे गांव में मौजूद रहा है। अच्छे-बुरे में साथ रहना, एक-दूसरे के काम में मदद करने का भाव ही सहकार का मूल है, जिसने आगे बढ़कर एक बड़े आंदोलन का रूप लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दी सीडी साख सहकारी सभा सीमित के विस्तार की बहुत सम्भावनाएं हैं। इसकी मंडी जिले से बाहर विस्तार की मांग हो या फिर इस सभा को राज्य सहकारी बैंक में जमा अमानतों पर 0.5 प्रतिशत (आधा प्रतिशत) अधिक ब्याज प्रदान करवाने की बात हो, राज्य सरकार इन मामलों में समाधान का रास्ता तलाशने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। उन्होंने इस अवसर पर सभा की पत्रिका सीडी दर्पण 2021-22 का विमोचन भी किया। इससे पूर्व, दी सीडी साख सहकारी सभा सीमित के अध्यक्ष कमल राणा ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए उन्हें सभा की गतिविधियों से अवगत करवाया। उन्होंने सहकारी सभा की विभिन्न मांगें मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं, जिन्हें मुख्यमंत्री ने पूरी गम्भीरता से सुना और हर सम्भव मदद का भरोसा दिया। इस अवसर पर विधायक राकेश जम्वाल, विनोद कुमार और इंद्र सिंह गांधी, जिला परिषद अध्यक्ष पाल वर्मा, मिल्क फेडरेशन के अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा, सहकारी सभा के उपाध्यक्ष कर्म चन्द सैनी व श्याल लाल कश्यप, निदेशक मंडल के सदस्य रवि सिंह, धर्मपाल ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, विक्रांत ठाकुर, शिव प्रकाश, लाल सिंह, सोहन सिंह ठाकुर, मनजीत परमार, देविंद्रा राणा, बलदेव ठाकुर, उपायुक्त मण्डी अरिंदम चैधरी, पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री सहित अन्य अधिकारी और सहकारी सभा के सदस्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

## हिमाचल प्रदेश बना देश का पहला एलपीजी युक्त और धुआंमुक्त राज्य



**शिमला।** केंद्र की उज्ज्वला और प्रदेश सरकार की गृहिणी सुविधा योजना की बदौलत दिसम्बर 2019 में हिमाचल देश का पहला एलपीजी युक्त और धुआं मुक्त राज्य बना है। धुएं से होने वाली बीमारियों से महिलाओं को निजात दिलाने के लिए केंद्र ने उज्ज्वला योजना की शुरुआत की थी। इसके साथ ही हिमाचल सरकार ने भी योजना के तहत अधिक से अधिक महिलाओं को लाभ पहुंचाने के लिए गृहिणी सुविधा योजना की शुरुआत की। केंद्र सरकार की ओर से उज्ज्वला योजना के तहत 21.81 करोड़ रुपये की लागत से हिमाचल में 1.36 लाख निःशुल्क घरेलू कनेक्शन दिए गए, जबकि हिमाचल सरकार की गृहिणी सुविधा योजना के तहत करीब 120 करोड़ रुपये खर्च कर 3.23 लाख गृहिणियों को मुफ्त गैस सिलेंडर दिए गए। मुख्यमंत्री गृहिणी सुविधा योजना की शुरुआत 26 मई, 2018 को हुई। केंद्र और प्रदेश सरकार के कारण आज प्रदेश की महिलाओं को खाना बनाते समय चूल्हे के धुएं से छुटकारा मिला है। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्यान्वित की जा रही इस योजना के तहत गैस कनेक्शन रहित परिवारों को एलपीजी कनेक्शन निःशुल्क वितरित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री गृहिणी सुविधा योजना को शुरू करने का उद्देश्य उन परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदान करना था, जो केंद्र की उज्ज्वला योजना के दायरे में नहीं आए थे। उज्ज्वला योजना के तर्ज पर ही प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री गृहिणी सुविधा योजना शुरू की। केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही उज्ज्वला योजना और प्रदेश की सरकार की मुख्यमंत्री गृहिणी योजना हिमाचल की महिलाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना और मुख्यमंत्री गृहिणी सुविधा योजना के फलस्वरूप ईंधन के लिए लकड़ी पर निर्भरता कम हुई है। साथ ही महिलाओं के स्वास्थ्य पर धुंए से पड़ने वाले विपरित प्रभाव से भी मुक्ति मिली है। इन योजनाओं की वजह से महिलाओं का जीवन स्तर भी बेहतर हुआ है।

## अमित शाह ने किसानों को 20,900 करोड़ रुपये जारी करने को लेकर PM मोदी का अभिनंदन किया



**नई दिल्ली|** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 2022 के प्रथम दिन पीएम किसान योजना के तहत 10 करोड़ किसानों को 20,900 करोड़ रुपये हस्तांतरित करने को लेकर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया। शाह ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा कि मोदी सरकार पिछले सात वर्षों में किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा, ''किसान सशक्तिकरण के बिना देश का समग्र विकास असंभव है। आज साल के पहले ही दिन पीएम किसान योजना से करीब 10 करोड़ किसानों के खातों में लगभग 20,000 करोड़ रुपये की 10वीं किस्त हस्तांतरित कर नरेंद्र मोदी जी ने किसान कल्याण की अपनी प्राथमिकता को पुनः दर्शाया है, इसके लिए मोदीजी का अभिनंदन करता हूँ।''उन्होंने कहा, ''पीएम किसान योजना ने खेती के सबसे महत्वपूर्ण समय पर किसानों को आर्थिक संबल देकर उन्हें कर्जमुक्त रखने का बहुत बड़ा काम किया है।'' उल्लेखनीय है कि मोदी ने शनिवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम किसान योजना) की 10वीं किस्त के तौर पर 20,900 करोड़ रुपये देशभर के 10.09 करोड़ किसानों के खातों में जारी किए।

## पूर्व केन्द्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने नए साल पर सभी को चौंकाया, चुनावी राजनीति से संन्यास का किया ऐलान



**जींद।** पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने शनिवार को कहा कि उन्होंने राजनीति से नहीं बल्कि चुनावी राजनीति से संन्यास लिया है और भविष्य में वह मार्गदर्शक के रूप में राजनीति में सक्रिय रहेंगे। सर्व समाज, युवाओं द्वारा राजीव गांधी महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने कहा, ''राजनीति में फैसले दिल से नहीं बल्कि दिमाग से लिए जाते हैं। राजनीतिक फैसला जो भी होगा, उसे मुझपर छोड़ दें, मैं अपने नहीं, आपने हित में फैसला करूंगा।''उन्होंने कहा, ''जब मैं कांग्रेस में था और भ्रष्टाचार की बात आती थी तो मैं अपनी बात रखने से पीछे नहीं हटा। लोगों के हितों की बात होती थी तो पीछे नहीं हटा।'' सिंह ने कहा कि वह हमेशा किसानों की बात करेंगे अगर किसान की बात करना पाप है तो बेशक उन्हें पार्टी से निकाल दें, लेकिन वह किसानों, मजदूरों के हितों की बात कहने से पीछे नहीं हटेंगे। सिंह ने, ''किसानों को एमएसपी खत्म होने का डर नहीं था उन्हें तीनों कृषि कानूनों के कारण अपनी जमीन जाने का डर था। इसी डर के चलते वह धरने पर बैठे और कामयाब हुए।

# सिद्धू के साथ काम करने के लिए तैयार हूं : चन्नी



**सरकार के खिलाफ सिद्धू की प्रतिकूल टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर चन्नी ने कहा कि वह पार्टी के एक ''वफादार सिपाही'' हैं और पूरी ईमानदारी के साथ कर्तव्य का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''मैं सिद्धू साहब के साथ काम करने के लिए तैयार हूं और मैं पहले से ही यह कर रहा हूं।**

एजेंसी

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने शनिवार को कहा कि वह कांग्रेस की पंजाब इकाई के अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू के साथ काम करने और पार्टी के लिए कोई भी ''त्याग'' करने के लिए तैयार हैं। मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी उनके और सिद्धू के बीच चल रहे शीतयुद्ध की पृष्ठभूमि में आयी है। सिद्धू अपनी ही पार्टी की राज्य सरकार की अक्सर आलोचना करते रहते हैं। सरकार के खिलाफ सिद्धू की प्रतिकूल टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर चन्नी ने कहा कि वह पार्टी के एक ''वफादार सिपाही'' हैं और पूरी ईमानदारी के साथ कर्तव्य का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''मैं सिद्धू साहब के साथ काम करने के लिए तैयार हूं और मैं पहले से ही यह कर रहा हूं। मैं पार्टी के लिए कोई भी त्याग करने के लिए हमेशा तैयार हूं। पार्टी मुझे जो भी कहेगी मैं उसका पालन करूंगा।

## महामारी के दौरान केजरीवाल का दिल्ली स्वास्थ्य मॉडल विफल हो गया था : चन्नी

**चन्नी ने कहा, ''अब केजरीवाल पंजाब में दिल्ली के स्वास्थ्य और शिक्षा मॉडल को दोहराने का झूठा वादा कर रहे हैं लेकिन पंजाब के लोग ऐसे हथकंडों को भली भांति जानते हैं।**

**चमकौर साहिब (पंजाब)।** पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने शनिवार को दिल्ली के अपने समकक्ष अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि कोविड-19 की पहली और दूसरी लहरों के दौरान उनका स्वास्थ्य मॉडल पूरी तरह विफल हो गया था। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, चन्नी ने दावा किया कि महामारी की दो लहरों के दौरान राष्ट्रीय राजधानी से हजारों लोग इलाज कराने के लिए पंजाब आए। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार कोविड-19 की संभावित तीसरी लहर से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। चन्नी ने कहा, ''अब केजरीवाल पंजाब में दिल्ली के स्वास्थ्य और शिक्षा मॉडल को दोहराने का झूठा वादा कर रहे हैं लेकिन पंजाब के लोग ऐसे हथकंडों को भली भांति जानते हैं।

# देश में अब तक कोविड रोधी टीकों की 145 करोड़ से ज्यादा खुराक दी गयी

**आंकड़े के अनुसार टीकाकरण के तीसरे चरण की शुरुआत के बाद से अबतक 18-44 साल के उम्रवर्ग में लोगों को कोविड-19 रोधी टीकों की 50,04,54,035 पहली खुराक और 33,50,59,168 दूसरी खुराक दी गयी। मंत्रालय ने बताया कि अबतक टीकों की 84,54,89,349 पहली और 60,85,62,479 दूसरी खुराक**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि शनिवार को कोविड-19 रोधी टीकों की 22 लाख से अधिक खुराक देने के साथ ही देश में अब तक दी गयी कोविड-19 रोधी टीकों की खुराकों की संख्या 145.40 करोड़ से अधिक हो गई। मंत्रालय ने बताया कि देर रात तक अंतिम रिपोर्ट आने पर यह संख्या बढ़ने की उम्मीद है। उसके आंकड़े के अनुसार टीकाकरण के तीसरे चरण की शुरुआत के बाद से अबतक 18-44 साल के उम्रवर्ग में लोगों को कोविड-19 रोधी टीकों की 50,04,54,035 पहली खुराक और 33,50,59,168 दूसरी खुराक दी गयी। मंत्रालय ने बताया कि अबतक टीकों की 84,54,89,349 पहली और 60,85,62,479 दूसरी खुराक लगायी गयी है। उसने कहा, ''आज भारत का कोविड-19 टीकाकरण कवरेज 145.40 करोड़ के पार चला गया। आज शाम सात बजे तक टीकों की 22 लाख से अधिक यानी 22,56,362 खुराक दी गयीं।'' उसने कहा कि देश में सबसे अधिक जोखिम वाले समूहों को कोविड से बचाव के उपाय के तौर पर टीकाकरण अभियान की शीर्षतम स्तर पर लगातार नियमित रूप से समीक्षा एवं निगरानी की जाती है। देश भर में टीकाकरण अभियान 16 जनवरी को शुरू किया गया था।

### दिल्ली में कोरोना केस में उछाल

# चिंता की बात कोई नहीं: अरविंद केजरीवाल

एजेंसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार ने 37,000 आक्सीजन बेड की व्यवस्था की है जिनमें से सिर्फ़ 82 बेड पर ही मरीज हैं और 6000 से ज़्यादा लोग दिल्ली में कोरोना से पीड़ित हैं। मैं आपको केवल यह बताना चाहता हूं कि सभी नए मामलों में हल्के लक्षण हैं इसलिए घबराने की जरूरत नहीं है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बताया है कि राजधानी में कोरोना तेजी से बढ़ रहा है। कोरोना के मामले रोज छलांग मार रहे हैं। लेकिन चिंता और पैनिक की कोई बात नहीं है। लोगों को डरने की ज़रूरत नहीं है। दिल्ली में कोरोना के रोज़ करीब 2,500 से 3,000 मामले आ रहे हैं। अभी दिल्ली में कोरोना के 6,360 सक्रिय मामले हैं। कोरोना से जो लोग बीमार हो रहे हैं उन में से लगभग किसी को भी अस्पातल जाने की ज़रूरत नहीं पड़ रही है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार ने 37,000 आक्सीजन बेड की व्यवस्था की है जिनमें से सिर्फ़ 82 बेड पर ही मरीज हैं और 6000 से ज़्यादा लोग दिल्ली में कोरोना से पीड़ित हैं। मैं आपको केवल यह बताना चाहता हूं कि सभी नए मामलों में हल्के लक्षण हैं इसलिए घबराने की जरूरत नहीं है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में क्या कोविड-19 संबंधी और प्रतिबंध लगाने की जरूरत है इसकी समीक्षा की जाएगी क्योंकि कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में वृद्धि के बावजूद अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या कम है। जैन ने यह भी कहा कि वर्तमान स्थिति के मद्देनजर बच्चों के लिए तीन हजार से अधिक बिस्तर तैयार किये गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी किए गए आंकड़े के अनुसार, दिल्ली में शनिवार को संक्रमण के 2,716 नये मामले सामने आए और एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं संक्रमण दर बढ़कर 3.64 प्रतिशत हो गई। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली सरकार कोविड-19 रोगियों को उनकी प्रतिरक्षा बढ़ाने के लिए मुफ्त और व्यक्तिगत ऑनलाइन योग कक्षाएं प्रदान करेगी। दिल्ली सरकार द्वारा प्रशिक्षित शिक्षकों के मार्गदर्शन में दिल्ली के निवासियों को नियमित रूप से योग करने में मदद करने के लिए दिल्ली की योगशाला कार्यक्रम शुरू करने के कुछ सप्ताह बाद यह कदम आया है। सिसोदिया ने कहा कि कोविड -19 का कोई मामला सामने आने के बाद, मरीज को दिल्ली सरकार से एक एसएमएस प्राप्त होगा।

# दिलीप घोष ने कहा- गोवा, त्रिपुरा की बजाय बंगाल पर ध्यान दें टीएमसी

एजेंसी

**कोलकाता।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने रविवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के महासचिव अभिषेक बनर्जी के त्रिपुरा दौरे पर सवाल उठाया और दावा किया कि पूर्वोत्तर राज्य में निकाय चुनावों के बाद पार्टी के लिए कुछ भी नहीं बचा है। घोष ने कहा कि टीएमसी को इसके बजाय पश्चिम बंगाल के विकास पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की प्रिय परियोजना दुआरे सरकार (घर के दरवाजे पर सरकार) धन की कमी के कारण रद्द कर दी गई है जबकि इसका एक और संस्करण रविवार से शुरू होना था।

घोष ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''टीएमसी के पास त्रिपुरा में कुछ नहीं बचा है, वह (अभिषेक बनर्जी) क्यों जा रहे हैं? त्रिपुरा के लोगों ने स्पष्ट कर दिया है कि ऐसी पार्टी वहां नहीं टिकेगी। उन्होंने कहा कि इसके बजाय टीएमसी सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पश्चिम बंगाल के लोगों को नौकरी की तलाश में बाहर न जाना पड़े। उन्होंने कहा, टीएमसी त्रिपुरा में विस्तार करेगी या गोवा में यह बाद में देखा जाएगा, लेकिन अभी उन्हें बंगाल पर ध्यान देना चाहिए। टीएमसी देश के विभिन्न हिस्सों में अपना प्रसार की कोशिश कर रही है और उसने कहा है कि वह गोवा और त्रिपुरा में विधानसभा चुनाव लड़ेगी। घोष ने दावा किया कि योजना और धन की कमी के कारण पश्चिम बंगाल में सरकारी परियोजनाएं बाधित हो रही हैं। उन्होंने कहा, वे कोविड-19 का हवाला देते हुए 'दुआरे सरकार' को रद्द कर रहे हैं, लेकिन तथ्य यह है कि कोई धन नहीं है। भाजपा नेता



**त्रिपुरा के लोगों ने स्पष्ट कर दिया है कि ऐसी पार्टी वहां नहीं टिकेगी। उन्होंने कहा कि इसके बजाय टीएमसी सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पश्चिम बंगाल के लोगों को नौकरी की तलाश में बाहर न जाना पड़े। उन्होंने कहा, टीएमसी त्रिपुरा में विस्तार करेगी या गोवा में यह बाद में देखा जाएगा, लेकिन अभी उन्हें बंगाल पर ध्यान देना चाहिए।**

पर पलटवार करते हुए, टीएमसी सांसद सौगत रॉय ने सवाल किया कि क्या दिलीप घोष ने पश्चिम बंगाल सरकार के खजाने की जांच की है। रॉय ने कहा कि 'दुआरे सरकार' केंद्रों पर भीड़ को रोकने के लिए कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया है, जहां लोग, मुख्य रूप से महिलाएं, विधवा और वृद्धावस्था पेंशन जैसी विभिन्न योजनाओं के लिए बड़ी संख्या में कतार में खड़ी होती हैं। उन्होंने कहा, ''राज्य सरकार ने (कार्यक्रम को रोककर) सही फैसला लिया है।

## गाजियाबाद में अवैध हथियार निर्माण कारखाने का भंडाफोड़



**गाजियाबाद ।** शहर में एक अवैध हथियार कारखाने का भंडाफोड़ कर पूरी तरह से निर्मित 20 औरअर्धनिर्मित 16 देशी पिस्तौल बरामद की गयी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। जिले के विशेष अभियान दल (एसओजी) और जिले की भोजपुर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में इस कारखाने का भंडाफोड़ किया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि माचरी चौक को पट्टी गांव से जोड़ने वाली सड़क पर अर्धनिर्मित इमारत में यह अवैध इकाई स्थापित की गई थी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) इराज राजा ने बताया कि छापेमारी शुक्रवार-शनिवार की रात लगभग 2.45 बजे एक गुप्त सूचना पर की गई थी और परिसर से सुभाष खतीक नामक एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया।

# IIT दिल्ली और जामिया समेत 6 हजार संस्थान नहीं ले सकेंगे विदेशी चंदा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से 6,000 निजी कंपनियों का विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) पंजीकरण फिलहाल के लिए रद्द कर दिया गया है। जिनमें ऑक्सम इंडिया ट्रस्ट, इंडियन यूथ सेंटर ट्रस्ट, जामिया मिलिया इस्लामिया, ट्यूबरकुलोसिस एसोसिएशन ऑफ इंडिया, दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के नाम शामिल हैं। मदर टेरेसा द्वारा स्थापित संगठन मिशनरीज ऑफ चैरिटी का



मामला इन दिनों खूब सुर्खियों में रहा। जब इसके खाते फ्रीज होने के दावे किए गए जो बात में गलत पाए गए। लेकिन इसके विदेशी फंडिंग को लेकर एफसीआरए रजिस्ट्रेशन की तारीख खत्म हो गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पहले कहा था कि 31 दिसंबर तक बढ़ाए जाने के बाद इसे बंद कर दिया जाएगा। लेकिन इसके साथ ही केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से 6,000 निजी कंपनियों का विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) पंजीकरण फिलहाल के लिए रद्द कर दिया गया है। जिनमें ऑक्सम इंडिया ट्रस्ट, इंडियन यूथ सेंटर ट्रस्ट, जामिया मिलिया इस्लामिया, ट्यूबरकुलोसिस एसोसिएशन ऑफ इंडिया, दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के नाम शामिल हैं। इन संस्थानों का विदेशी चंदा लेने के लिए जरूरी एफसीआरए रजिस्ट्रेशन शनिवार को खत्म हो गया। विदेश से चंदा लेने के लिए किसी भी संगठन या एनजीओ के लिए एफसीआरए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होता है। जिन संगठनों का एफसीआरए के तहत रजिस्ट्रेशन खत्म हुआ है, उनमें इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल फाउंडेशन, लेडी श्री राम कॉलेज फॉर वुमन, दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग और ऑक्सफैम इंडिया शामिल है।

# मंहगाई को नियंत्रित करने के लिए भाजपा को हराएं: कांग्रेस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने जूते-चप्पल से लेकर खाद्यान्न सामग्री तक विभिन्न श्रेणियों में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) बढ़ाने के लिए केन्द्र की नरेंद्र मोदी सरकार की शनिवार को आलोचना की और मंहगाई को नियंत्रित करने के लिए आने वाले विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराने की जनता से अपील की। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र ने हिमाचल प्रदेश और कुछ अन्य राज्यों में उपचुनाव में भाजपा की हार के बाद पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क घटा दिया था। उन्होंने जनता से विवेकपूर्ण ढंग से मतदान करके कर को कम करने वाला शासन लाने की अपील की। सुरजेवाला ने कहा, ''2022 के पहले दिन ही मोदी



सरकार ने हमें नए साल का तोहफा नयी महंगाई के रूप में दे डाला है। यह नयी महंगाई और इसके साथ 2021 के पूरे साल में लगभग 10 प्रतिशत की ऊंची बेरोजगारी दर। क्या इसके लिए हमें मोदी जी को धन्यवाद देना चाहिए।''कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि कर बढ़ने के कारण एक जनवरी से जूते चप्पल, टैक्सी, ऑटो रिक्शा से यात्रा, यात्रा संबंधी ऐप का इस्तेमाल, खाना मंगवाने वाले ऐप के जरिए खाना मंगवाना, बच्चे का रंग करने (ड्रॉइंग) का सामान और एटीएम मशीन से पैसे निकालना मंहगा हो गया है। देशभर के 12 शहरों में कांग्रेस प्रवक्ताओं ने ''मोदी टैक्स'' के तौर पर जीएसटी में वृद्धि का उल्लेख किया और लोगों से भाजपा को हराने का आग्रह किया। सुरजेवाला ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के सत्ता में आने के बाद से चाय, दालें, खाद्य तेल, रसोई गैस और यहां तक कि नमक की कीमतें बढ़ी हैं। कांग्रेस प्रवक्ता ने जनता से आगामी चुनावों में भाजपा को हराने की अपील करते हुए कहा, '' याद रखें, अगर मोदी हैं तो महंगाई बनी रहेगी, मोदी सरकार का मतलब है ऊंची कीमतें। मोदी और महंगाई देश के लिए हानिकारक हैं।'' उन्होंने कहा कि सरकार बजट पेश होने से पहले ही कर बढ़ा रही है और बाद में यह दावा कर सकती है कि इसने ''कर मुक्त बजट ''पेश किया है। सुरजेवाला ने टेक्सटाइल पर जीएसटी को पांच प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत करने के जीएसटी परिषद के फैसले के टलने का श्रेय कांग्रेस को दिया और दावा किया कि पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने के बाद कर बढ़ा दिए जाएंगे। उन्होंने कहा,''किसी को भी यह भूलना नहीं चाहिए कि टेक्सटाइल पर जीएसटी बढ़ाने के प्रस्ताव को वापस नहीं लिया गया है,केवल टाला गया है। इस निर्णय पर कुछ महीने के लिए रोक लग सकती है, जब तक चुनाव नहीं हो जाए। एक बार चुनाव हो जाएं, फिर कर बढ़ाएं जाएंगे।'' सुरजेवाला ने दावा किया कि टेक्सटाइल पर जीएसटी बढ़ाने से इस क्षेत्र में 15 लाख नौकरियां गंवाई जा सकती ऊँ। उन्होंने कहा, ''देश में 80 प्रतिशत से अधिक कपड़ा उत्पादन असंगठित क्षेत्र में होता है। कपड़ों पर जीएसटी बढ़ाकर 12 प्रतिशत करने से कारोबारों और विद्युत करघा और हथकरघा इकाइयों में रोजगार के अवसरों को नुकसान पहुंचेगा।

# दो महीने से छिप रहे थे बीजेपी कार्यकर्ताओं की हत्या के आरोपी, SIT ने किया गिरफ्तार

एजेंसी

एसआईटी सूत्रों के अनुसार, हिंसा के दौरान तीन भाजपा कार्यकर्ताओं की कथित रूप से पीट-पीट कर हत्या करने के मामले में किसानों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए दो किसानों की पहचान कमलजीत सिंह (29) और कवलजीत सिंह सोनू (35) के रूप में हुई है। पिछले साल 3 अक्टूबर को हुई लखीमपुर खीरी हिंसा के सिलसिले में विशेष जांच दल (एसआईटी) ने शनिवार को दो किसानों को गिरफ्तार किया था। एसआईटी सूत्रों के अनुसार, हिंसा के दौरान तीन भाजपा कार्यकर्ताओं की कथित रूप से पीट-पीट कर हत्या करने के मामले में किसानों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए दो किसानों की पहचान कमलजीत सिंह (29) और कवलजीत सिंह सोनू (35) के रूप में हुई है। वे कथित तौर पर करीब दो महीने से पुलिस से छिपे हुए थे। एसआईटी ने पहले कुछ संदिग्धों की तस्वीरें जारी की थीं, जिनमें दोनों शामिल थे। उन्हें मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाएगा और जांच अधिकारी द्वारा उनकी रिमांड कस्टडी मांगी जाएगी। भाजपा के तीन कार्यकर्ताओं की मौत के मामले में अब तक छह किसानों को गिरफ्तार किया जा चुका है। एसआईटी ने पहले विचित्र सिंह, गुरविंदर सिंह, अवतार सिंह और रंजीत सिंह को संदिग्धों के रूप में पहचाने जाने के बाद गिरफ्तार किया था। हिंसा के दौरान चार किसानों और एक पत्रकार की मौत के साथ ही केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा के साथ सह-आरोपी भाजपा कार्यकर्ता सुमित जायसवाल की शिकायत के आधार पर शुरू में 'अज्ञात किसानों' के खिलाफ हत्या और दंगा करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### मोबाइल एप पर मुस्लिम महिलाओं की 'नीलामी', सुल्ली डील्स के बाद अब बुल्ली बाई से बनाया निशाना



**नई दिल्ली|** बुल्ली बाई एप के बारे में बात कर रहे हैं। बुल्लीबाई डाट गिथुब डाट आईओ (bullibai.github.io) पर महिलाओं की तस्वीरें अपलोड की गई हैं, उन्हें टारगेट किया गया और इस ऐप पर उनके खिलाफ गंदी और नफरत भरी बातें लिखी जा रही हैं।

टेक्नोलॉजी का सही तरीके से इस्तेमाल किया जाए तो वो काम फायदेमंद है। लेकिन अगर इसका इस्तेमाल गलत तरीके से किया जाए तो इसके काफी ज्यादा नुकसान भी हैं। टेक्नोलॉजी को कुछ लोग बहुत अच्छे तरीके से इस्तेमाल करते हैं तो कुछ लोग इसका इस्तेमाल ऐसे करते हैं कि जिससे बवाल बढ़ जाता है। इन दिनों एक ऐसे एप को लेकर भी बवाल बढ़ गया है। जिसका इस्तेमाल गलत तरीके से किया गया। एक एप इन दिनों काफी ज्यादा सुर्खियों में है। सुर्खियों में क्या हम कह सकते हैं कि इस ऐप को लेकर काफी ज्यादा विवाद हो रहा है। दरअसल, इस ऐप में ऐसे आपत्तिजनक पोस्ट थे जिसको लेकर नाराजगी जताई गई। हम बुल्ली बाई एप के बारे में बात कर रहे हैं। बुल्लीबाई डाट गिथुब डाट आईओ (bullibai.github.io) पर महिलाओं की तस्वीरें अपलोड की गई हैं, उन्हें टारगेट किया गया और इस ऐप पर उनके खिलाफ गंदी और नफरत भरी बातें लिखी जा रही हैं।

ऑनलाइन ऐप पर सैकड़ों मुस्लिम महिलाओं को तस्वीर अपलोड करने को लेकर लेकर लोगों का गुस्सा भड़क गया है। इस मामले में दिल्ली की महिला पत्रकार ने दिल्ली पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराई। वहीं, शिवसेना सांसद ने भी मुंबई पुलिस से इस मामले की जांच के साथ ही केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव से भी कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

चतुर्वेदी ने कहा कि उन्होंने इस मामले को मुंबई पुलिस के सामने उठाया है और मांग की है कि दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाना चाहिए। उन्होंने ट्वीट किया, '' (मैंने) मुंबई पुलिस आयुक्त और पुलिस उपायुक्त (अपराध) रश्मि करांदिकर जी से बात की है। वे इसकी जांच करेंगे। (मैंने) महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से भी हस्तक्षेप करने के लिए बात की है। उम्मीद है कि इस तरह की गलत साइट के पीछे जो लोग हैं उन्हें पकड़ा जाएगा।'' इससे पहले सुल्ली डील्स नाम से बने एक ऐप को लेकर विवाद हुआ था। जिसमें मुस्लिम महिलाओं को निशाना बनाया गया था। मुस्लिम महिलाओं के नाम, फोटो और सोशल मीडिया प्रोफाइल शेयर की गई थी। 80 से ज्यादा तस्वीर नाम के साथ डाली गई। तस्वीरों के आगे उनकी कीमत लिखी थी। एप के टॉप पर "Find Your sulli" लिखा था। बता दें कि 'सुल्ली' या 'सुल्ला' मुसलमानों के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला अपमानजनक शब्द है।

### भदोही में किसान की गोली मारकर हत्या

**भदोही|** भदोही में शनिवार रात एक किसान की गोली मारकर हत्या किये जाने का मामला सामने आया है। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती ने बताया कि कोतवाली इलाके के कुकरौठी गाँव के किसान पंच देव पटेल (45) को दो ग्रामीणों ने किसी सुनसान इलाके में ले जाकर गोली मार दी और दोनों फरार हो गए। यह वारदात रात लगभग नौ बजे के आस पास हुई है। भारती ने बताया कि किसान को दो गोली मारी गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है। भारती के मुताबिक फिलहाल दोनों हत्यारों के बारे में जानकारी मिल गई है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी नए साल की बधाई

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने ट्विटर पर कहा आपको 2021 की शुभकामनाएं!, यह साल अच्छा स्वास्थ्य, खुशी और समृद्धि लाए। आशा और कल्याण की भावना प्रबल हो। हैव ए वंडरफुल 2020: पीएम मोदी ने ट्वीट कर नए साल की शुभकामनाएं दी। नया साल 2020: मंगलवार को, उन्होंने एक असेंबल भी ट्वीट किया, जिसमें यह संकलित किया गया था कि देश ने 2019 में क्या हासिल किया और इस साल क्या हासिल करने की उम्मीद है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरती नव वर्ष के अवसर पर गुजरात के लोगो को शुभकामनाएँ दी | प्रधानमंत्री ने गुजराती में ट्वीट किया: सभी गुजरातियों को नए साल मुबारक, आज से शुरू हो रहे है नए साल की शुभकामनाएँ | उन्होंने कहा आज से शुरू होने वाला नया साल आपके जीवन में सुख समृद्धि लेकर आएगा, आपको स्वस्थ रखेगा और प्रगति के नए कदम की ओर ले जाएगा, उन्होंने कहा कि आइए नए साल का स्वागत आशा की भावना के साथ करें क्योंकि हम एक ऐसे साल को अलविदा कह रहे हैं जिसने हमें हाल की स्मृति में सबसे विनाशकारी महामारियों में से एक के माध्यम से जीवन में कई सबक सिखाए हैं। इसके साथ ही उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने भी शुक्रवार को देशवासियों को नए साल की बधाई दी। इस बीच, उपराष्ट्रपति नायडू ने ट्वीट किया, "नए साल 2021 में कदम रखते ही मैं अपने सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

### योगी सरकार की छवि को धूमिल करने पर लगे भाजपा के मंडल अध्यक्ष देव सिंह

**अज़ीम खान**

**बदायूं/सहसवान।** मामला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शेखपुर सैदपुर निवासी धर्म सिंह, पुत्र टोडी सिंह ने एक मुकदमा ट्रैक्टर की ट्राली चोरी को लेकर थाना कोतवाली में नन्हे पुत्र, धनपाल, निवासी ग्राम कमनपुर बेला व मोकम, पुत्र तेजपाल, निवासी ग्राम कैल थाना गुन्नौर जनपद संभल जिसका मुकदमा थाना कोतवाली पुलिस ने दर्ज कर लिया। चोर नन्हे को जिसको लेकर भाजपा का मंडल अध्यक्ष देव सिंह ने पुलिस के नाम पर नन्हे से लगभग ₹50000 की रकम ले ली नन्हे ने बताया यह पैसा आराम सिंह ग्राम कमनपुर बेला व मंडल अध्यक्ष देव सिंह ने मुझसे ले लिया, नन्हे ने बताया पुलिस के नाम पर लिया कहा मैं तुझे जेल नहीं जाने दूंगा तेरा मामला पुलिस से सेटिंग करा कर बाहर ही बाहर निपटा दूंगा। इसी तरह 21000, एक 20000, एक 5000, एक 4000, एक कुल मिलाकर ₹50000 की रकम पुलिस से चोरी में बचाने के नाम पर ले लिए गए।

# पार्टी जहां से कहेगी मैं वहां से उप्र विधानसभा का चुनाव लड़ूंगा: योगी

**एजेंसी**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार रात स्पष्ट किया कि वह आगामी विधानसभा चुनाव लडेंगे। उन्होंने कहा कि वह कहां से चुनाव मैदान में उतरेंगे, इस बात का फैसला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेतृत्व करेगा। योगी ने कुछ पत्रकारों से औपचारिक बातचीत में कहा, मेरे चुनाव लड़ने पर कोई संशय नहीं हैं। लेकिन मैं चुनाव कहां से लड़ूंगा इस बात का फैसला पार्टी नेतृत्व करेगा। योगी इस समय उत्तर प्रदेश विधानपरिषद के सदस्य हैं। जब उनसे पूछा गया कि वह अयोध्या से चुनाव लड़ेंगे या मथुरा से या गोरखपुर से, तब उन्होंने कहा, ''पार्टी जहां से कहेगी, मैं वहां से चुनाव लड़ूंगा।'' योगी से जब पूछा गया कि कोई ऐसा कार्य जो वह अपने पांच साल के कार्यकाल में नहीं कर पायें, उन्होंने कहा, जो हमने कहा था वे सब काम किये। ऐसा कोई काम नहीं बचा जिसका मुझे पश्चाताप हों।''कुछ क्षेत्रों में विधायकों के प्रति नाराजगी होने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, इस समय हमारी जनविश्वास यात्राएं निकल रही हैं। जनविश्वास यात्राएं हमारी तीन जनवरी को पूरी होने जा रही हैं। आप देखेंगे इसके बाद और भी अच्छा वातावरण प्रदेश में देखने को मिलेगा। जब मुख्यमंत्री योगी को यह बताया गया कि ऐसी चर्चा है कि मंत्रियों और विधायकों में यह डर हैं कि आगामी विधानसभा चुनाव में उनका टिकट कट सकता है, उन्होंने कहा, ''भाजपा एक विराट परिवार है। वहां व्यक्ति की भूमिका अलग-अलग समय में अलग-अलग होती है। यह आवश्यक नहीं कि एक व्यक्ति हमेशा सरकार में रहें। कभी वह संगठन का काम भी कर सकता हैं।'' चुनाव कब होंगे' इस सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इसका निर्णय चुनाव आयोग ही करेगा तथा चुनाव के समय कोरोना प्रोटोकॉल का पूरा पालन किया जायेगा। जब उनसे पूछा गया कि 2017 के चुनाव और 2022 में होने वाले चुनाव में क्या फर्क नजर आता हैं, उन्होंने कहा, '' 2017 में हम राज्य सरकार की नाकामियों पर लड़ रहे थे, इस बार राज्य की कामयाबियों को आगे रख कर चुनाव लड़ रहे हैं। राज्य सरकार ने विकास के कार्य किये हैं, उसी के आधार पर हम चुनाव लड़ रहे हैं।''समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव के तीन सौ यूनिट बिजली मुफ्त करने संबंधी वादे पर उन्होंने कहा कि जनता जानती हैं कि 2017 से पहले प्रदेश के केवल पांच जिलों में ही बिजली आती थी। उत्तर प्रदेश में आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनजर नये साल के पहले दिन शनिवार को यादव ने कहा कि उनकी पार्टी अगर सत्ता में आती है तो लोगों को 300 यूनिट घरेलू बिजली मुफ्त मिलेगी और सिंचाई बिल माफ किया जायेगा। राज्य में 2017 से पहले सपा की सरकार थी। जब योगी से पूछा गया कि कांग्रेस महिलाओं को स्कूटी देने की बात कह रही हैं, मुख्यमंत्री ने कहा, राजस्थान, पंजाब और छत्तीसगढ़ में भी तो कांग्रेस की सरकार हैं वहां उसने कितने लोगों को स्कूटी दे दी है।

# बिहार में 'डबल इंजन' की कोई सरकार नहीं: तेजस्वी


**एजेंसी**




**पटना।** राजद नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को बिहार के नीतीश कुमार शासन पर सभी मोर्चों, विशेषकर रोजगार सृजन पर पूरी तरह से विफल रहने का आरोप लगाया और दावा किया कि राज्य में कोई 'डबल इंजन की सरकार' नहीं है। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ वर्षों से, भाजपा 'डबल इंजन सरकार' पर जोर दे रही है और यह दावा करती है कि यह तेजी से विकास सुनिश्चित करेगी। भाजपा केंद्र और राज्य में एक ही पार्टी शासन को 'डबल इंजन' सरकार कहती है। हालांकि जनता दल (यूनाइटेड) के नेता नीतीश कुमार बिहार के मुख्यमंत्री हैं, लेकिन उनकी सहयोगी भाजपा के पास उनकी पार्टी की तुलना में अधिक विधायक हैं। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता यादव ने आरोप लगाया कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार अपने वादों को पूरा करने में विफल रही है। उन्होंने कहा, ''बिहार सरकार के एक महीने में लोगों को 19 लाख नौकरियां देने के वादे का क्या हुआ? जनता अब और इंतजार नहीं कर सकती... राज्य में कोई डबल इंजन की सरकार नहीं है।'' वर्ष 2020 में विधानसभा चुनाव से पहले, भाजपा ने अपने घोषणापत्र में बेरोजगारों को 19 लाख नौकरियों का वादा किया था। राजद ने 10 लाख रोजगार देने का वादा किया था। राजद प्रमुख लालू प्रसाद के छोटे पुत्र तेजस्वी यादव ने कहा, ''केंद्र सरकार की एजेंसियों की हालिया रिपोर्ट ने बिहार सरकार को लगभग सभी संकेतकों पर विफल दिखाया है। इस बारे में जब भी मुख्यमंत्री से पूछा गया तो उन्होंने अनभिज्ञता जाहिर की। इससे पता चलता है कि बिहार सरकार लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए गंभीर नहीं है।''

# सुचारू रूप से चल रही है माता वैष्णो देवी यात्रा : प्रवक्ता

**एजेंसी**



**जम्मू।** माता वैष्णो देवी यात्रा शनिवार तड़के हुई भगदड़ के बावजूद सुचारू रूप से चल रही है और शनिवार को करीब 27,000 श्रद्धालुओं ने मंदिर में दर्शन किए। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। भगदड़ में 12 श्रद्धालुओं की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गए। सरकार के प्रवक्ता ने एक बयान में बताया कि भगदड़ के बाद श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड, जिला प्रशासन, पुलिस और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के संयुक्त दल ने तुरंत राहत अभियान चलाया। उन्होंने कहा, ''पांच मिनट के भीतर स्थिति पर काबू पा लिया गया।'' प्रवक्ता ने कहा, ''यात्रा सुचारू रूप से चल रही है और आज करीब 27,000 श्रद्धालुओं ने मंदिर में दर्शन किए।''इस बीच, घटना की जांच के लिए गठित जांच समिति के सदस्य शनिवार शाम को भवन में घटनास्थल पर गए और घटना की जानकारी ली। प्रवक्ता ने बताया कि बहरहाल, प्रथमदृष्टया ऐसा लगता है कि कुछ तीर्थयात्रियों के बीच मामूली झड़प के कारण गेट नंबर तीन के पास भगदड़ हुई।

# उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव तय समय पर होंगे

## रैलियों को सीमित करने पर हो रहा विचार, दिव्यांग और बुजुर्ग कर सकेंगे घर बैठे वोटिंग

**एजेंसी**





चुनाव आयोग ने यूपी विधानसभा चुनाव को लेकर तीन दिन की बैठक के बाद गुरुवार को लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। मुख्य चुनाव आयुक्त सुशील चंद्र ने कहा, "यूपी में वर्तमान सरकार का कार्यकाल 14 मई को समाप्त हो रहा है। निर्वाचन आयोग सामान्य पोलिंग ही कराएगा। हमने राजनीतिक पार्टियों के साथ मीटिंग की है, हमने जिलाधिकारियों के साथ भी बैठक की है, हमने आयकर विभाग, जीएसटी, एनसीबी, नोडल अफसरों के साथ भी चर्चा की है। हमारा प्रयास है कि प्रलोभन फ्री इलेक्शन हो। इस बारे में हमारी मुख्य सचिव, डीजी, आदि के साथ भी मीटिंग हुई है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने बताया है कि कोविड प्रोटोकॉल के तहत चुनाव कराए जाएं। चुनाव आयोग घनी आबादी वाले पोलिंग बूथों को खुले में लाएगा, महिलाओं की सुरक्षा और बुजुर्गों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा है कि पेड न्यूज पर भी चर्चा की गई है। साथ ही यह सूचना भी दी कि 5 जनवरी को मतदाता लिस्ट जारी की जाएगी। इस बार के चुनाव में टोटल वोटर्स की संख्या 15 करोड़ के लगभग है, जिसमें 52.8 लाख नए मतदाता है। इसमें 28.86 लाख महिला मतदाता हैं। कोविड को देखते हुए चुनाव में वोटिंग का वक़्त पूरे राज्य में एक घंटा बढ़ा दिया गया है। अब 8 से 5 के बजाय मतदान 8 से 6 बजे तक होगा। नेताजी को भीड़ चाहिए और कोरोना को भी !:5 महीने के पीक पर कोरोना, कारण सरकार ही; 1 दिन की 13 तस्वीरें इसकी गवाह। पिछले दिनों इलाहाबाद हाई कोर्ट ने चुनाव टालने को लेकर सुझाव दिया था। इसके बाद चुनाव आयोग ने तय किया कि राज्यों की रिपोर्ट के आधार पर फैसला किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने पांच राज्यों के अधिकारियों के साथ चुनाव पर समीक्षा बैठक की थी।

इस प्रेस कांफ्रेंस से पहले चुनाव आयोग ने यूपी के मुख्य सचिव से चुनावी तैयारियों पर चर्चा की। यूपी के नए मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा इस बैठक में शामिल थे। चुनाव आयोग की इस बैठक में देश में ओमिक्रॉन के मामले और टीकाकरण के बारे में जानकारी लेगा। केंद्र और राज्य सरकार एक साथ मिलकर ओमिक्रॉन को रोकने के लिए क्या और किस तरह की तैयारियां कर रहें है, इस बारे में भी जानकारी ली जाएगी।

# देश में अभी तक 'ओमीक्रोन' के 961 मामले आए सामने, दिल्ली में सर्वाधिक 263 मामले

**एनसीआर समाचार**



भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के नए स्वरूप 'ओमीक्रोन' के 180 नए मामले सामने आने के बाद, देश में इस स्वरूप के मामले बढ़कर 961 हो गए। ये एक दिन में सामने आए ओमीक्रोन के सर्वाधिक मामले हैं। इनमें से 320 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं या अन्य स्थानों पर चले गए हैं। ये मामले 22 राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों में सामने आए। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को बताया कि दिल्ली में सबसे अधिक 263 मामले सामने आए और इसके बाद महाराष्ट्र में 252, गुजरात में 97, राजस्थान में 69, केरल में 65 और तेलंगाना में 62 मामले सामने आए हैं। मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, भारत में एक दिन में कोविड-19 के 13,154 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,48,22,040 हो गई है। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 82,402 हो गई। 268 और संक्रमितों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 4,80,860 हो गई है। देश में 49 दिन बाद कोविड-19 के 13 हजार से अधिक दैनिक मामले सामने आए हैं। इससे पहले, 11 नवंबर को 24 घंटे में संक्रमण के 13,091 नए मामले सामने आए थे। आंकड़ों के अनुसार, देश में लगातार 63 दिन से कोविड-19 के दैनिक मामले 15 हजार से कम हैं। उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 82,402 हो गई है, जो संक्रमण के कुल मामलों का 0.24 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटों में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 5,400 की वृद्धि दर्ज की गई है। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.38 प्रतिशत है। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, दैनिक संक्रमण दर 1.10 प्रतिशत दर्ज की गई, जो पिछले 87 दिन से दो प्रतिशत से कम है। साप्ताहिक संक्रमण दर 0.76 प्रतिशत दर्ज की गई, जो पिछले 46 दिन से एक प्रतिशत से कम है। देश में अभी तक कुल 3,42,58,778 लोग संक्रमणमुक्त हो चुके हैं और कोविड-19 से मृत्यु दर 1.38 प्रतिशत है। राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 143.83 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी हैं। देश में पिछले साल सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितंबर को 40 लाख से अधिक हो गई थी। वहीं, संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर को 50 लाख, 28 सितंबर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर को ये मामले एक करोड़ के पार, इस साल चार मई को दो करोड़ के पार और 23 जून को तीन करोड़ के पार चले गए थे। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, देश में पिछले 24 घंटे में संक्रमण से मौत के जो 268 मामले सामने आए हैं, उनमें से 211 मामले केरल और 20 मामले महाराष्ट्र में सामने आए। आंकड़ों के अनुसार, देश में अभी तक कुल 4,80,860 लोगों की मौत संक्रमण से हुई है, जिनमें से महाराष्ट्र के 1,41,496, केरल के 47,277, कर्नाटक के 38,324, तमिलनाडु के 36,758, दिल्ली के 25,107, उत्तर प्रदेश के 22,915 और पश्चिम बंगाल के 19,745 लोग थे।

## गांव अदियाना के समस्त ग्राम वासियों ने पंचायत भवन में इकट्ठा होकर किसान आंदोलन की जीत का जश्न मनाया

**खुशी राम**



भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष सोनू मालपुरिया को पगड़ी और फूलमाला पहनाकर व लड्डूओ से तोलकर सम्मानित किया और पूरी जिला कार्यकारिणी व किसान नेताओं को गांव के बुजुर्गों ने हरे पटके भेंट कर सम्मानित किया। जिला प्रधान सोनू मालपुरिया ने समस्त गांव वासियों का धन्यवाद किया और गांव वालों को हरे पटके से सम्मानित किया और एकजुट रहने का संदेश दिया। जिला प्रधान ने शहीद किसानों को नमन किया और सभी गांव वासियों ने आगे भी इसी तरह एकजुट रहने का संकल्प लिया इस अवसर पर मतलोडा के ब्लाक प्रधान रामनिवास देशवाल, जिला उपप्रधान रामेश्वर दहिया, सुनहरा खर्ब, प्रताप माजरा, मा ईश्वर, दया सिंह पाथरी, जगबीर बबैल, टेकराम दहिया, सत्ता आटा, सतनारायान कुंडू नफे सिंह जागलान आदि मौजूद रहे।

# गजरथ महोत्सव के लिए उत्कृष्ठ व्यवस्थाएँ की जाएं: मंत्री सखलेचा



**एनसीआर समाचार**

जैन तीर्थ क्षेत्र कुण्डलपुर में होने वाले गजरथ महोत्सव के दौरान मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा अनुरूप सभी व्यवस्थाएँ उत्कृष्ट हो। यह बात बुधवार को सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने दमोह जिला कार्यालय के सभाकक्ष में गजरथ महोत्सव की तैयारियों के सबंध में बैठक में कही। उन्होंने पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षा, स्वास्थय और यातायात की सुदृढ व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। पूर्व वित्त मंत्री श्री जयंत कुमार मलैया और कलेक्टर सहित अधिकारी मौजूद रहे। मंत्री श्री सखलेचा ने कहा कि देश और विदेश से आने वाले धार्मिक बंधुओ को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि जिस हिसाब से जिला प्रशासन तैयारियों में लगा हैं, उससे उत्कृष्ट व्यवस्थाएँ सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह बाद वे पुनः यहाँ आकर तैयारियों का जायजा लेंगे। मंत्री श्री सखलेचा ने कुण्डलपुर पहुँचकर आगामी माह होने वाले गजरथ महोत्सव की समिति के पदाधिकारियों से अब तक की गई व्यवस्थाओं के सबंध में जानकारी भी ली। श्री सखलेचा ने परिसर में डिजिटल कैमरे लगाये जाने के सबंध में भी बताया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को सबसे सफलतम कार्यक्रम बनाने के लिये मुख्यमंत्री जी ने मुझे जवाबदारी सौंपी हैं। श्री सखलेचा ने कहा कि गुरुदेव की इच्छा एवं मंशा भी समझने आया हूँ, जिससे सभी लोगों के लिए उत्कृष्ठ व्यवस्था हो सके। उन्होंने बताया कि बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य की दृष्टि से कोई दिक्कत न हो। इसके लिए आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएँ मुहैया करवाई जाएगी।

**आचार्य श्री विद्यासागर महराज जी के दर्शन कर आर्शीवाद लिया**

मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने कुण्डलपुर में आचार्य श्री विद्यासागर महराज जी के दर्शन कर आर्शीवाद लिया। उन्होंने प्रदेश और क्षेत्रवासियों के जीवन की मंगल कामना भी की।


## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय परिवर्तन दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डी पी यादव एक जनसभा को करेंगे संबोधित



**एनसीआर समाचार**
**बदायूं/सहसवान।** राष्ट्रीय परिवर्तन दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री डी पी यादव जी 5 जनवरी दिन बुधवार को उघैती में राष्ट्रीय परिवर्तन दल की एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे और संबोधित करने के बाद एक रोड शो जो कि हो उघैती से इस्लाम नगर, पिनौनी, नाधा होते हुए सहसवान जाकर राष्ट्रीय परिवर्तन दल के कार्यालय जाकर समाप्त होगी।

### अरनिया कला का लाल मनोज वर्मा नेवी नौसेना विशाखा पटनम में हुआ शहीद



**ब्रज कुमार राठौर**
शाजापुर जिले के अरनिया कला गांव के मनोज वर्मा का कल विशाखा पटनम में डिवटी के दौरान निधन हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनोज वर्मा अपनी बाइक से डिवटी जा रहे थे तभी इनका एक्सिडेंट हो गया और इलाज के दौरान मनोज वर्मा का निधन हो गया मनोज वर्मा का पूरे सैन्य सम्मान के साथ आज अरनिया कला में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। 2012 से देश सेवा में गया था मनोज वर्मा नों साल की देश सेवा। मनोज वर्मा के पिता भी है पूर्व फौजी रह चुके है। शहीद मनोज की शादत से पूरे नगर व आस पास के गावो में शोक की लहर छा गई, वहीं मनोज वर्मा के अंतिम संस्कार को लेकर प्रशासन ने पूरी तायारिया कर ली है।

### दिल्ली में ओमिक्रॉन: रात 10 से सुबह 5 बजे तक कर्फ्यू, 50 प्रतिशत क्षमता के साथ चलेगी मेट्रो

मुख्यमंत्री ने ये भी जानकारी दी है कि कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए सख्ती और पाबंदी की जरूरत है इसलिए आज से ग्रेप प्रणाली भी राजधानी में लागू की जा रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज ओमिक्रॉन को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस की है जिसमें बताया कि ओमिक्रॉन वैरिएंट से डरने की बिल्कुल जरूरत नहीं है लेकिन लापरवाही भी नहीं की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने ये भी कहा कि कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए आज से ग्रेप (ग्रेडड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान) लागू हो रहा है। इसके कुछ ही समय बाद सरकार की ओर से दिल्ली में रात 10 से सुबह 5 बजे तक कर्फ्यू लागू किया गया है। इससे पहले रात 11 बजे से कर्फ्यू लागू करने की बात कही गई थी। इसके साथ ही दिल्ली मेट्रो, रेस्टोरेंट और बार अब 50 प्रतिशत क्षमता के साथ संचालित होंगे। सिनेमा हॉल, स्पा, जिम, मल्टीप्लेक्स, विवाहघर, ऑडिटोरियम और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को बंद करने का निर्णय लिया गया है। केजरीवाल ने कहा कि ओमिक्रॉन को लेकर सबसे बड़ी बात अभी तक ये सामने आई है कि, इसके लक्षण बहुत हल्के हैं, इसलिए डरने की जरूरत नहीं है। किसी को भी अस्पताल की जरूरत नहीं पड़ रही, ऑक्सीजन की भी जरूरत नहीं पड़ रही। लेकिन अगर लापरवाही करेंगे तो कोरोना नहीं छोड़ेगा। घर से निकलने से पहले मास्क जरूर लगाएं। मुख्यमंत्री ने ये भी बताया कि इस बार आपकी सरकार भी दस गुना तैयार है। सीएम ने अपील की है कि मैं कई दिनों से बाजारों की तस्वीर देख रहा हूं कि बेतहाशा भीड़ जुट रही है। अगर इसी तरह चला तो कोरोना फैलने का डर बना रहेगा। इसलिए मेरी आप सबसे अपील है कि सार्वजनिक स्थानों और भीड़भाड़ वाले इलाके में जाने से बचें। ऐसी जगहों पर आप मास्क लगाकर भी रखें। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बताया कि हमने कुछ दिन पहले एक ग्रेप प्रणाली तैयार की थी जिसके तहत आज से कुछ चीजों पर पाबंदियां लगाई जा रही हैं। ये पाबंदियां आपके लिए लगाई जा रही है। मैं जानता हूं कि आप इन पाबंदियों से दो साल से थक चुके हैं लेकिन ये आपकी सुरक्षा के लिए है। इसलिए आपको इसका पालन करना ही होगा।

### दिल्ली सरकार की बड़ी लापरवाही: दक्षिणी दिल्ली डॉ करणी शूटिंग रेंज पर मलवा खिसकने से दो मजदूर दबे एक की मौत

**अन्नू कुमारी**
यह घटना आज सुबह लगभग 11 बजे करीब की हैं। दक्षिणी दिल्ली शूटिंग रेंज रोड पर बिजली विभाग का कार्य किया जा रहा था, मजदूर रोड पर खुदाई का कार्य कर रहे थे उसी दौरान वहां खुदाई करते वक्त दो मजदूरों का पैर फिसलने से मलबे सहित 10 से 15 फ़ीट गहरे गड्ढे में जा गिरे। एक मजदूर को कुछ ही देर में निकाल कर ऑटो से हॉस्पिटल भेज दिया, मलवा इतना ज्यादा था की दूसरे मजदूर को निकालने में लगभग आधा घंटा लगा। पुलिस और एम्बुलेंस को कॉल किये हुए भी लम्बा समय हो चूका था मगर प्रशासन की ओर से कोई जवाब नहीं मिला जिससे बचाव कार्यो में देरी होती गई।

**मौके पर नहीं था ठेकेदार**

मजदूरों के लिए एक ठेकेदार को रखा जाता है जो इनके काम और स्वास्थ्य को समय-समय पर देखने का कार्य करता हैं। मगर जब ये हादसा हुआ तो मौके पर ठेकेदार भी नहीं था, सभी लोग सरकार को दोषी बता रहे थे। देश की राजधानी दिल्ली पुलिस पर सवाल उठना कोई बड़ी बात नहीं है आये दिन पुलिस सवालो से घिरी रहती हैं। दक्षिणी दिल्ली तुग़लकाबाद शूटिंग रेंज पर मलबे में दबे मजदूरों को बचाने के लिए दिल्ली पुलिस को कॉल किया गया मगर आधा घंटा बीतने के बाद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। अगर देश की राजधानी के ऐसे हालात होंगे तो अन्य राज्यों मेँ क्या हो रहा होगा आप अंदाजा भी नहीं लगा सकते। मामला दिल्ली के संगम विहार के नजदीक शूटिंग रेंज का हैं, जहाँ रोड पर खुदाई करते मजदूरों का पैर फिसल जाने से दो मजदूर के ऊपर मलबा गिरने से मजदूर की मौत हो गई। पुलिस को कॉल किये हुए लम्बा समय बीत गया मगर पुलिस प्रशासन का न कोई सिपाही पंहुचा और ना ही कोई पीसीआर समय पर पहुंची, जिसके कारण जनता में गुस्सा साफ़ दिखाई दे रहा था।

# होशंगाबाद में पर्यटन की अनंत संभावनाएँ मौजूद: मुख्यमंत्री

**एनसीआर समाचार**



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि होशंगाबाद में पर्यटन की अनंत संभावनाएँ मौजूद हैं। पचमढ़ी, तवा, सतपुड़ा आदि पर्यटन स्थल अद्भुत हैं। यहाँ की प्राकृतिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक समृद्धता से दुनिया को रू-ब-रू कराएँ। व्यापक स्तर पर इसकी मार्केटिंग की जाए, जिससे होशंगाबाद पर्यटन के क्षेत्र में विश्व पटल पर अपना नाम अंकित करा सके। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने गुरुवार को होशंगाबाद जिले के पचमढ़ी में रविशंकर भवन में जिला प्रशासन द्वारा तैयार डिस्ट्रिक्ट टूरिज्म प्लान का अवलोकन किया। कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री श्री चौहान को आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश अभियान के तहत जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बनाए गए 52 सप्ताह 52 इवेंट्स के बारे में जानकारी दी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि होशंगाबाद आने वाले सैलानियों के लिए दिन की गतिविधियों के साथ पर्यटन की सांध्य गतिविधियाँ भी आयोजित की जाये। पर्यटन की दृष्टि से शाम का समय बहुत महत्वपूर्ण होता है। सांध्य गतिविधियाँ क्या-क्या हो सकती हैं, इसकी संभावनाएँ तलाशे। बेहतर प्लानिंग कर पीपीपी मोड में इन गतिविधियों को प्रमोट करें। शाम के समय लोक नृत्य, लाइट एंड साउंड शो, आर्मी बैंड जैसी गतिविधियाँ प्लान की जा सकती हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि चौरागढ़ मंदिर जाने के लिए केबल कार का प्रस्ताव भेजा जाए। केबल कार से धार्मिक पर्यटकों को एक अलग अनुभव प्राप्त होगा। पर्यटक यहाँ की पहाड़ियों, दुर्लभ वनस्पतियों आदि प्राकृतिक सुंदरता का लुफ्त उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि पचमढ़ी में गोल्फ खेल को बढ़ावा देने की भी अपार संभावना है, जो पर्यटकों को आकर्षित करेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हमारे लिए गौरव का विषय है कि मध्यप्रदेश आजादी की लड़ाई में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वीर जनजातीय नायकों की जन्म-स्थली हैं। जनजातीय नायकों को पूरा सम्मान देना और भावी पीढ़ी को उनकी वीर-गाथाओं से अवगत कराना हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि मड़ई के पास स्थित जनजातीय गौरव राजा विभूत सिंह के स्थान को आकर्षण का केंद्र बनाएँ। राजा विभूत सिंह की मूर्ति स्थापित की जाए और यहाँ उनके इतिहास को भी उल्लेखित किया जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि होशंगाबाद धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से समृद्ध हैं। चौरागढ़, बड़ा महादेव, बांद्राभान, सेठानी घाट, रामजी बाबा समाधि, सलकनपुर आदि धार्मिक पर्यटन स्थलों का एकीकृत रूट बनाएँ, जिससे पर्यटक एक दिन में इन स्थलों पर पहुँच सकें। उन्होंने कहा कि चौरागढ़ मंदिर, बड़ा महादेव, पांडव गुफा आदि में यहाँ से जुड़ी भगवान शिव की कथाओं को भी उल्लेखित किया जाए।

## शहर में स्थापित हो डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की प्रतिमा: अपना दल (एस)



**एनसीआर समाचार**
**बदायूं।** अपना दल एस पार्टी की जिला कार्यकारिणी की बैठक हुई जिसमें सर्व सम्मति से फैसला लिया गया, कि बदायूं शहर के प्रमुख चौराहों का सौंदर्यीकरण हो चुका है तथा लगभग सभी चौराहों पर समाज के सामाजिक संगठनों द्वारा अपने अपने महापुरुषों की प्रतिमा लगाए जाने के साथ-साथ उनके नामों पर चौराहों के नाम भी रख दिए गए हैं। ऐसे में भारत देश को विश्व पटल पर शक्तिशाली देश बनाने वाले महान वैज्ञानिक मिसाइल मैन के नाम से मशहूर भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम जी ने किसी जाति अथवा धर्म विशेष के लिए कार्य न करके संपूर्ण देश एक श्रेष्ठ भारत बनाने के लिए काम किया। ऐसे महान व्यक्ति की प्रतिमा लगाना आवश्यक है श्री कलाम साहब की प्रतिमा लगाने के लिए आज जिला कार्यकारिणी अपना दल एस बदायूं ने जिला अध्यक्ष के साथ जिलाधिकारी को मांग पत्र सौंपा, मांग पत्र देते समय जिलाअध्यक्ष देवेंद्र सिंह, नदीम अशरफ प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक मंच अपना दल एस, जिला उपाध्यक्ष शिवेन्द्र पटेल, जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट रघुवीर सिंह पटेल, जिला अध्यक्ष विधि मंच एडवोकेट रचित शर्मा , एडवोकेट विनय पटेल आदि उपस्थित रहे।

## आशा सहयोगिनी श्रमिक संघ द्वारा संकल्प दिवस के रूप में होगा आशा आंदोलन

**प्रतीक देशमुख**



मिशन संचालक के प्रस्ताव को लागू कराने का लेंगे संकल्प, कोविड-19 की पहली लहर से लेकर दूसरी लहर को नियंत्रण करने में फ्रंटलाइन वर्कर्स आशा एवं सहयोग ने कार्यकर्ताओं का बहुत बड़ा योगदान रहा ना सिर्फ रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम बल्कि वैक्सीनेशन को सफल बनाने के लिए जन समुदाय के मन से वैक्सीन से डर निकाल कर वैक्सीन के प्रति विश्वास बढ़ा कर अपनी जान तक जोखिम में डालकर उत्कृष्ट कार्य कर हाल ही में मध्य प्रदेश में एक करोड़ वैक्सीन का टारगेट पूरा होने में सहायक बनी है लेकिन निर्भर मध्य प्रदेश की और कदम बढ़ाने वाली शिवराज सरकार ने इतनी अहम भूमिका निभाने वाली आशा और सहयोगनी कार्यकर्ताओं को जीने लायक वेतन ना देकर उनके हाल पर मरने के लिए छोड़ दिया है मात्र ₹66 इसी दिन के प्रोत्साहन पर कार्य कर रही जिले की ..1900.आशा और सहयोगनी कार्यकर्ताओं सहित संपूर्ण मध्यप्रदेश में 84000 आशा कार्यकर्ताओं को रोजगार के नाम पर ठग लिया है क्योंकि 12 से 18 घंटे और 30 दिवस का कार्य देकर प्रोत्साहन के नाम पर भी के समान राशि दी जा रही है इस कारण से मध्यप्रदेश में विगत 7 माह से इनकी लंबी लड़ाई अनवरत जारी है इस दौरान ब्लॉक मुख्यालय जिला मुख्यालय सहित प्रदेश स्तर पर लगभग 10 बड़े आंदोलन किए जा चुके हैं और हर आंदोलन में मध्य प्रदेश सरकार का अन्यायी चेहरा देखने को मिलता है।

## बेहतर ट्रैफिक, बेहतर भोपाल सुरक्षा सहित सेवा

**एनसीआर समाचार**



यातायात पुलिस भोपाल द्वारा गुरुवार को ट्रिनिटी कॉलेज, रायसेन रोड़ भोपाल में यातायात अवेयरनेस प्रोग्राम चलाया गया। प्रोग्राम मे यातायात नियमों की जानकारी से संबंधित वीडियों फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। इस कार्यक्रम मे सायबर क्राइम से संबंधित फ्रॉड के बारे कॉलेज के छात्र/छात्राओं को एसीपी सायबर क्राइम नीतू सिंह द्वारा जानकारी दी गई। छात्र, छात्राओं को वर्तमान में हो रहे सायबर संबंधी वित्तीय अपराध जैसे-जॉब फ्रॉड, एडमिशन फ्रॉड, वर्क फ्रॉड एवं होम फ्रॉड, सोशल मीडिया फ्रॉड संबंधी जानकारी दी गई।

छात्र, छात्राओं को इन फ्रॉड से कैसे बचा जाए इस संबंध में एसीपी सायबर क्राइम नीतू सिंह द्वारा अवगत कराया गया। कार्यक्रम में नवीन सिंटीजन कॉप ऐप के संबंध में सिटी सर्विलांस के निरीक्षक श्री इरशाद अली एवं उपनिरीक्षक सुरभि शुक्ला द्वारा सभी छात्र, छात्राओं को अवगत कराया गया कि किस प्रकार उक्त ऐप्लीकेशन के माध्यम से आम जनता यातायात के समस्या के निराकरण हेतु पुलिस को सूचना दे सकती हैं। यातायात नियमों से संबंधित जानकारी एसीपी ट्रैफिक श्री सुशील तिवारी एवं एसीपी ट्रैफिक श्री मनोज शर्मा द्वारा कॉलेज के छात्र, छात्राओं को दी गई। उक्त कार्यक्रम मे लगभग 250 छात्र, छात्राएं एवं कॉलेज स्टाफ उपस्थित थे। इस कार्यशाला मे एसीपी नीतू सिंह, एसीपी सुशील तिवारी, एसीपी मनोज शर्मा, टीआई इरशाद अली, उनि. सुरभि शुक्ला तथा लगभग 250 कॉलेज के छात्र-छात्राएं एवं कॉलेज स्टाफ सम्मिलित हुए।

## गूगल ने त्यौहारी डूडल के साथ साल को अलविदा कहने के लिए की तैयारी

**एनसीआर समाचार**




नए साल के आखिरी शाम 2021 के मौके पर गूगल ने अगले साल की तैयारी के लिए एक समरोह का आयोजन किया गया है, जिसमे बहुत सारी कैंडी, चॉकलेट और जैकलाइट है, डूडल कई छेत्रों में गूगल ने अपने होम पेज पर ग्राहको के लिए तरह-तरह और नए तरीक़े से डिजाइन किया है जिससे वह अपने उपभोग्ताओं के लिए नए साल के मौके पर शुभकामनाएँ दें सके। न्यू ईयर के मौके पर गूगल हॉलिडे डूडल को एक विशाल कैंडी मिली है, जिसका टॉपिक है नया साल 2022 है,जो नए साल मौके पर 2022 के स्वागत के लिए 31 दिसम्बर की आधी रात को 12 बजते ही होम पेज पर नए साल का डिजाइन किया हुआ दिखने लगेगा, ₹गूगल के शब्द के अन्य डिजाइन डूडल जैकलाइट के साथ मिलकर कलरफूल तरीके से दिखेगी, इसके अलावा डूडल के साथ आनंद लेने के लिए जुड़ सकते हैं। वैसे इस बार गूगल-डूडल बहुत ज्यादा विवरण के साथ नहीं आया है इसके अलावा, नए साल की शुरुआत के लिए डूडल के साफ़ और सीधे डिजाइन की तारीफ़ करने के लिए अपने उपयोगकर्ताओं पर भरोसा कर रहा है। नया साल मुबारक हो! Google ने अपने डूडल के संग्रह पर नए डिज़ाइन का दस्तावेजीकरण करते हुए लिखा है गूगल ने पहले नए साल की पूर्व संध्या के डूडल के लिए बहुत अधिक अद्वितीय और विस्तृत डिज़ाइनों में निवेश किया था। हालांकि, इस बार डिजाइन काफी सरल है। साल 2021 को कोरोना वायरस ने बहुत ज्यादा प्रभावित किया है, जिसके वज़ह से दुनिया भर में संक्रमण फ़ैला हुआ है, लाखों लोगो की मौत हुई है। दो साल पहले पता चला था, और मार्च 2020 में एक वैश्विक महामारी घोषित की गई थी, जिसने 5.4 मिलियन से अधिक लोगों को मार डाला, आर्थिक संकटों को जन्म दिया और लॉकडाउन के कारण दुनिया भर में लोगो को बहुत ज्यादा कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। यह साल हमें कुछ अच्छी यादे देकर नहीं जा रहा है साथ ही नया साल और भी महामारी को लेकर आ रहा है जिससे संक्रामक रोग विशेषज्ञों, चिकित्सा स्वास्थ्य पेशेवरों और दुनिया भर की सरकारों को हाई अलर्ट किया गया है, पर सुरक्षा बरतें हुए हम ये उम्मीद कर सकते है कि आने वाला साल 2022 सिर्फ सबके लिए खुशियाँ लेकर ही आएगा।

### न्याय के लिए निकाला गया कैंडल मार्च

**राम नारायण पाल**



समाजवादी पार्टी के पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेश चंद्र मौर्य और अपने कार्यकर्ताओं और जनता के साथ भीटी के नब्बे चौराहा में कैंडल मार्च निकाला। बता दें कि मिर्जापुर के कतवारूपुर अनगढ़ रोड के पास एक 9 साल की मासूम बच्ची की रेप कर हत्या कर दी गई थी। जिसमें दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी भी हो चुकी है। इस मामले को देखते हुए निर्भया कांड की वकील रह चुकी समृद्धि कुशवाहा भी वहां पहुंची और न्याय दिलाने की मांग की। इसी बाबत सुरेश चंद्र जी ने कैंडल मार्च करके सत्ताधारी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है । हम इस बार भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से बेदखल करेंगे। किसी की भी दिनदहाड़े हत्या कर दी जाती है, आज प्रयागराज में भाजपा विधायक संजय गुप्ता के चार रिश्तेदारों पर अपराधियों ने दिनदहाड़े फायरिंग कर फरार हो गए।

## जम्मू कश्मीर में किया गया जैश-ए-मोहम्मद के 6 आतंकियों का खात्मा

**अन्नू कुमारी**
**जम्मू-कश्मीर।** गुरूवार में दो अलग अलग जगहों पर 6 आतंकियों मार गिराया गया। आईजीपी कश्मीर विजय कुमार ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि कुलगाम में हुए एनकाउंटर में जैश-ए-मोहम्मद के 3 आतंकी मारे गए हैं, जिसमें एक पाकिस्तानी आतंकी और दो स्थानीय आतंकी थे। मारे गए आतंकियों के पास से 2 AK-47 और एक M-4 राइफल बरामद हुई।अनंतनाग में हुए एनकाउंटर में 1 आतंकी मारा गया है। आतंकियों पास से 2 AK-47 और एक M-4 राइफल बरामद हुआः आईजीपी कश्मीर विजय कुमार ने बताया कि इस दौरान सेना के 3 जवान और जम्मू-कश्मीर पुलिस का 1 जवान घायल हुआ। इस दौरान रात में एक जवान की मृत्यु हो गई। सुबह फिर एनकाउंटर शुरू हुआ और बाकी 2 अन्य आतंकी भी मारे गए। दो जगहों पर हुए एनकाउंटर मे कुल 2 पाकिस्तानी और 4 स्थानीय आतंकी मारे गए। सेना के 3 जवान और जम्मू-कश्मीर पुलिस का 1 जवान घायलः इस मुठभेड़ के बारे में ज्यादा जानकारी देते हुए कश्मीर के IGP विजय कुमार ने बताया कि पहली बार हुआ है। कि पूरे कश्मीर में आतंकियों की संख्या 200 से कम रह गई है। स्थानीय आतंकियों की संख्या भी पहली बार 100 से कम रह गई है। कल के एनकाउंटर के बाद स्थानीय आतंकियों की संख्या 85-86 ही रह गई है। आतंकवाद बढ़ नहीं, घट रहा है। उन्होनें कहा इस साल अब तक 128 स्थानीय युवक आतंकवाद में शामिल हुए, जिसमें से 73 आतंकी एनकाउंटर में मारे गए और 16 आतंकी गिरफ़्तार हुए हैं। 39 के आसपास आतंकी बचे हैं।

# आईशर से भारी मात्रा में अवैध शराब का परिवहन करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**एनसीआर समाचार**




**इंदौर।** जिलों में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इंदौर श्री हरिनारायणचारी मिश्र द्वारा सभी को अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध मादक पदार्थ एवं शराब के क्रय विक्रय के साथ ही सभी अवैधानिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए इन अपराधों में लिप्त अपराधियो पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देश के तारतम्य में पुलिस उप महानिरीक्षक ग्रामीण रेंज इंदौर श्री चन्द्रशेखर सोलंकी एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री आशुतोष बागरी के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण इंदौर श्री पुनित गेहलोद द्वारा एस.डी.ओ.पी. साँवेर श्री पंकज दिक्षित को अनुभाग के थाना प्रभारीयो को अवैध मादक पदार्थ एवं शऱाब विक्रय करने वालो के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये थें । जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना सांवेर ने भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद कर आरोपी को पकड़ने में सफलता मिली है। क्षेत्र में अवैध शराब अवैधानिक गतिविधियों पर नियंत्रण हेतु दिए हैं निर्देश के पालन में पुलिस थाना सांवेर की टीम को रात्री 01.47 बजे के मध्य जरिये मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक आईसर MP13 GB 0957 लाल रंग मे अवैध शराब भरकर एक व्यक्ति क्षिप्रा से कुडाना होते हुए पंथपिपलई तरफ जायेगा। आईशर मे पीछे प्लास्टिक की खाली केरेट रखी हुई है । मुखबिर कि सूचना पर स.उ.नि विरेन्द्र सिंह गौर द्वारा हमराह फोर्स कि मदद से भुट्टा चौराहा पर नाकाबंदी कर कुडाना तरफ से थोडी देर पर एक आईसर आते दिखी जिसे रोकने का प्रयास किया गया । उक्त वाहन चालक उज्जैन तरफ भगाने लगा जिसका पिछा शासकीय वाहन व अन्य वाहन से करते इंदौर पब्लिक स्कूल के पास घेराबंदी करके रोका तो आईशर मे बैठा चालक कूदकर भागने लगा जिसने अपना नाम राजकुमार पिता ओमप्रकाश चौधरी उम्र – 27 साल निवासी ग्राम बिजुर थाना सादलपुर जिला धार का होना बताया । आईसर के पीछे रखे केरेट को हटाकर चैक करते आईसर के अंदर 125 पेटी देशी दुबारा, 140 पेटी देशी मसाला शराब कुल 265 शराब पेटी ( 2385 लीटर ) कीमती करीब 12,65,500 रुपये व आईसर वाहन क्रमाकं MP13 GB 0957 किमती 4,00000कुल मश्रुका 16,65,500 रुपये जप्त किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### मास्टर प्लान मामला के चलते धरने पर बैठे व्यापारी कल्याण गुप्ता की हालत बिगड़ी जयपुर किया रेफर



**प्रमोद कुमार बंसल**

कोटपुतली में मास्टर प्लान का मामला जोरों पर है, धरने पर बैठे एक व्यापारी की हालत बिगड़ी आनन-फानन में व्यापारी कल्याण गुप्ता को बी-डी-एम अस्पताल में भर्ती करवाया गया। डॉक्टरों ने की अटैक की पुष्टि जयपुर रैफर। पिछले तीन-चार दिनों से बैठा था व्यापारी धरने पर, धरने पर बैठने के बाद भी व्यापारियों की हालत को नहीं समझ पाया पालिका प्रशासन। वह सरकारी विभाग व्यापारियों को मंगलवार को तोड़फोड़ करने की बात पर लगा झटका, यह झटका अटैक में बदल गया सभी व्यापारी गण पहुंचे राजकीय बीडीएम हॉस्पिटल। व्यापारी कल्याण गुप्ता की पत्नी का रो-रोकर हुआ बुरा हाल।

### युवा मंडल नोटिखड गुम्मा की बैठक सभी युवा साथियों के सहयोग से सम्पन्न



प्रदीप ठाकुर उर्फ जोनी जी पूर्व एनवाईके युथ वोलेंटियर एवं संजीव गंगटा जी पूर्व नोडल अध्यक्ष दोनों बतौर अतिथि मौजूद रहे! बैठक में मुख्यत: गत वर्ष किए गए कार्यों की समीक्षा की गई युवा मंडल द्वारा आगामी कार्यक्रम करने पर विचार विमर्श किया गया स्वरोजगार विषय पर चर्चा हुई, ऑर्गेनिक खेती, खेल के विषय बारे चर्चा, इसके अलावा युवा मंडल से जुड़े अन्य विषयों पर चर्चा की गई! आज की बैठक में सहयोग एवं अपना कीमती समय देने के लिए आप सभी सम्मानित सदस्यों सुनील ठाकुर जी, यशपाल जी, कमल ठाकुर जी, अंकित ठाकुर जी, मनोज जी, अंकित वर्मा जी, अमित ठाकुर जी, भास्कर जी, हरीश महंत जी, उदय वर्मा जी, तरुण जी आदि सभी का बहुत बहुत धन्यवाद !

### सर्वप्रथम मैं आभारी हूँ ईश्वर का जिन्होंने मुझे निम्न परिस्थितियों में मेरा सद मार्गदर्शन किया




उन लोगों का जो मुझसे नफरत करते हैं क्यों कि उन्होंने मुझे मजबूत बनाया.....!! धन्यवाद् उन लोगों का जो मुझसे प्यार करते हैं क्यों कि उन्होंने मेरा दिल बड़ा कर दिया. धन्यवाद् उन लोगों का जो मेरे लिए परेशान हुए और मुझे बताया कि दरअसल वो मेरा बहुत ख्याल रखते हैं. धन्यवाद् उन लोगों का जिन्होंने मुझे अपना बना के छोड़ दिया और मुझे एहसास दिलाया कि दुनिया में हर चीज आखिरी नही होती. धन्यवाद् उन लोगों का जो मेरी जिंदगी में शामिल हुए और बना दिया ऐसा कि मैं निरंतर आत्मलोचन करता रहूँ, और सबसे महत्वपूर्ण बहुत-बहुत धन्यवाद आपका प्रिय अग्रज जिनके साथ होने मात्र से प्रतिपल साहस मिलता रहता है।

### यूरिया की कालाबाजारी में संलग्न पाए गए बालाजी ट्रेडर्स की दुकान की गई सील



**एनसीआर समाचार**

कलेक्टर श्री मनीष सिंह के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा खाद की कालाबाजारी में संलग्न व्यक्तियों एवं इकाइयों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज अपर कलेक्टर डॉ. अभय बेडेकर के निर्देशन में राजस्व अमले द्वारा खुडैल क्षेत्र के नेमावर रोड स्थित बालाजी ट्रेडर्स का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान की गई जांच में दुकान संचालक योगेश यादव को यूरिया की कालाबाजारी में संलग्न पाया गया। स्टॉक रजिस्टर से मिलान करने पर दुकान पर 11 क्विंटल यूरिया कम पाया गया। जिसको दृष्टिगत रखते हुए दुकान को सील कर संबंधित संचालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही हैं।

### साढ़े 3 करोड़ से अधिक की शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया

कलेक्टर भोपाल श्री अविनाश लवानिया के निर्देश पर जिला प्रशासन, पुलिस एवं नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा गुरूवार को अनुमानित लगभग 3 करोड़ 54 लाख रूपए मूल्य की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। तहसील हुजूर के अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र में कोलूखेड़ी पटवारी हल्का नम्बर - 54 स्थित शासकीय भूमि खसरा क्रमांक 262 नोईयत शासकीय वृक्षारोपण रकबा १.९१० हेक्टर के अंश भाग 1800 वर्ग फीट पर पक्की दुकान निर्माण कर एवं 3200 वर्गफिट रिक्त भूमि पर किया गया अवैध कब्जा हटाया गया।

## ओमिक्रॉन के चलते चुनाव टालने के मूड में नहीं आयोग

# यूपी समेत 5 राज्यों में तय समय पर होंगे

**एनसीआर समाचार**

चुनाव आयोग ओमिक्रॉन के डर के चलते अगले साल होने वाले 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव टालने के मूड में नहीं है। आयोग ने सोमवार को दिल्ली में चुनावी राज्यों के स्वास्थ्य सचिवों के साथ बैठक की। सूत्रों के मुताबिक, उत्तर प्रदेश समेत 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव तय समय पर ही कराए जाने पर विचार किया जा रहा है। हालांकि, इस पर आखिरी फैसला जनवरी के पहले हफ्ते में होने वाली बैठक में लिया जा सकता है।




**चुनावी राज्यों से ओमिक्रॉन और वैक्सीनेशन का डेटा मांगा**

सूत्रों के मुताबिक, चुनाव आयोग अपने शेड्यूल पर टिका रहना चाहता है। आयोग ने चुनावी राज्यों उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा, पंजाब और मणिपुर के स्वास्थ्य सचिवों के साथ ओमिक्रॉन के बढ़ते मामलों पर चर्चा की है। इन राज्यों में वैक्सीन कवरेज और ओमिक्रॉन केसेज का आंकड़ा भी मांगा है।

केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी ने चुनाव आयोग को कोरोना के हालातों के बारे में बताया। अब राज्यों को यह भी बताना है कि वे केंद्र के साथ मिलकर क्या काम कर रहे हैं। इसी रिपोर्ट के आधार पर जनवरी के पहले हफ्ते में बैठक होगी।

**बड़ी रैलियों और जनसभाओं पर लग सकती है रोकः सूत्र**

विशेषज्ञों का दावा है कि कुछ ही दिनों में ओमिक्रॉन के रूप में कोरोना की तीसरी लहर भी आ सकती है। लिहाजा चुनाव आयोग कुछ सख्त कदम उठा सकता है। चुनाव के पहले राज्यों के हालात को समझ कर इसका फैसला किया जाएगा। चुनाव को लेकर अधिसूचना जनवरी में जारी हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक ओमिक्रॉन को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव की रिपोर्ट के बाद संभव है कि चुनाव आयोग बड़ी रैलियों और जनसभाओं पर रोक लगा दे। वर्चुअल और डोर-टु-डोर कैंपेन की इजाजत मिले। चुनाव प्रचार के तरीकों में बदलाव के साथ मास्क और दो गज की दूरी को पूरी तरह से लागू किया जा सकता है।

**क्या नहीं टल सकते हैं चुनाव?**

अभी तक चुनाव आयोग के रुख के अनुसार चुनावों के टलने की संभावना बहुत कम है। अधिकारियों के मुताबिक चुनाव टालने से कई तरह के बड़े निर्णय लेने होंगे। जैसे, जिन राज्यों में विधानसभा का कार्यकाल पूरा हो चुका है वहां राष्ट्रपति शासन लगाना होगा। सारी तैयारियां भी नए सिरे से करनी होंगी। हालांकि चुनाव आयोग इस बार प्रचार और भीड़ प्रबंधन पर एहतियातन कड़े कदम उठा सकता है।

## दुर्घटनाओं को रोकने के लिए 150 ट्रैक्टर-ट्रालियों के पीछे लगाई गयी रेडियम पट्टी

**संजय कसेरा**

**रतलाम** ।अंधेरे और कोहरे में होने वाले सड़क हादसों को रोकने के लिए लहसन प्याज मंडी सैलाना बस स्टेण्ड रतलाम में करीब 150 ट्रैक्टर-ट्रालियों के पीछे रेडियम पट्टी लगाई। अधिकांश ट्रैक्टर-ट्रालियों के पीछे रेडियम पट्टी या लाइट नहीं होने के कारण रात को अंधेरे में वाहन चालकों को दूर से दिखाई नहीं देती, इससे वाहन दुर्धटना ग्रस्त हो जाते है।

अमित जैन जिला पंचायत ने बताया कि अभी हाल में आलोट रोड पर एसआर पंप के पास बिना रेडियम या बिना बेक लाइट वाली ट्राली से बीएससी एग्रीकल्चर के छात्र सत्यनारायण पाटीदार की मौके पर ही मृत्यु हो गयी, साथ ही उसके साथी रोहित घायल हो गया था, ऐसी घटनाएं ना हो इसके लिये जिला पंचायत रतलाम में कार्यरत लिपिक अमित उमेश कुमार जैन, महेश पोरवाल, महेन्द्र शर्मा ने आर्थिक सहयोग कर मंडियों में आने वाली ट्रैक्टर ट्रालियों पर रेडियम लगवाई गयी। म.प्र. जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में खुशी एक पहल संस्था के वॉलेटियर्स ने सहयोग करते हुऐ सभी ट्रालियों पर रेडियम लगवाई गयी तथा सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटना के प्रति जागरूक किया। जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमति विनिता लोढा के द्वारा रेडियम पट्टी लगाकर शुभारंभ किया गया तथा उन्होने कहा कि दुर्घटना से बचने के लिए इसी प्रकार के उपाय अन्य सभी वाहन मालिकों को स्वप्रेरणा से करना चाहिए, जिससे दुर्धटनों को रोका जा सकें।

## रविशंकर यादव के नेतृत्व में मसौढ़ी शहर के कर्पुरी चौक मांग को लेकर किया गया राज्यव्यापी चक्का जाम

**रवि शंकर कुमार**



जिला प्रधान महासचिव विशाल केशरी ने संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में 90 फ़ीसदी किसानों में 30 फ़ीसदी परिवार भूमिहीन है बिहार सरकार ने मंडी व्यवस्था को खत्म कर प्रायमरी एग्रीकल्चर को-ऑपरेटिव सोसायटी यानी पैक्स के द्वारा धान कुल उत्पादन का 30 से 40% ही खरीदी जाती है यदि धान बासमती किस्म का हो फिर भी आपको लगभग 16 -40 रूपये प्रति किलो प्राप्त होता है जिससे किसानों को लागत मूल्य भी नहीं निकल पाता है। उत्पादन का शेष धान लगभग 60 से 70% हिस्से को कम भाव में बेचने को मजबूर होते हैं। धान और गेहूं के अलावा बाजरा, मक्का, गन्ना, के लिए किसानों के पास कोई व्यवस्था नहीं है , मंडी को पहले ही समाप्त कर दिया गया है इसलिए हमारी मांग है की बिहार में एमएसपी और मंडी व्यवस्था को सरकार अविलंब लागू करें! जिला अध्यक्ष टिकुं यादव ने कहा की बिहार को विशेष राज्य की दर्जा देने के सवाल पर सरकार नाटक करती है। मैं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं एनडीए की सरकार से कहना चाहता हूँ यदि हमारी मांगों को सरकार पूरा नहीं करती है तो किसानों के तर्ज पर दिल्ली से भी बड़ा आंदोलन बिहार में होगा। नगर अध्यक्ष बिपिन सिंह राजपूत ने वार्ड सचिव की सरकारी नौकरी और मानदेय वेतन देने को लेकर नारेबाजी करते दिखे जाप के कार्यकर्ता और पांच सुत्री मांगों को जोरदार प्रदर्शन किया!

## खाद्य एवं औषधि विभाग की कार्यवाही से किराना व्यापारी नाराज, मंत्री से की गुहार

**ब्रज कुमार राठौर**

आए दिन खाद एवं औषधीय विभाग द्वारा शुजालपुर में किराना व्यापारियों के यहां की जा रही कार्यवाही से नाराज व्यापारी हैं, गुरुवार को शाजापुर से आए खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम द्वारा भील खेड़ी रोड पर स्थित बिंदल किराना से मैदा का तथा राधे किराना से चावल का नमूना जांच के लिए लिया गया। इसके बाद नाराज किराना व्यापारियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए राज्यमंत्री इंदर सिंह परमार के निवास पर पहुंचकर समस्या से अवगत कराया। मामले में किराना संघ अध्यक्ष विक्रम जैन ने बताया कि आए दिन खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम शुजालपुर में किराना व्यापारियों के यहां कार्यवाही करने पहुंचती है। जबकि अब हम व्यापारी पैकिंग खाद्य सामग्री बेच रहे हैं, बावजूद इसके विभागीय अधिकारी पैकिंग वस्तुओं को खोलकर जांच के लिए नमूने ले रही है, जो कि गलत है आए दिन विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई से व्यापारी खौफजदा है, इन्हीं बातों को लेकर मंत्री परमार से चर्चा की गई है, जैन ने आगे कहा कि यदि भविष्य में भी खाद्य एवं औषधि विभाग अपनी कार्यवाही इसी तरह जारी रखेंगा तो मजबूरन बाजार बंद कर विरोध दर्ज कराना पड़ेगा।




## राष्ट्रपति के नाम पिछड़ा वर्ग कांग्रेस कमेटी ने दिया ज्ञापन

**नूर मोहम्मद शेख**

**खातेगांव**। पिछड़ा वर्ग जिला कांग्रेस कमेटी देवास के द्वारा ज्ञापन दिया गया। पिछड़ा वर्ग कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सांसद राजमणि पटेल के निर्देश पर देवास जिला पिछड़ा वर्ग कांग्रेस कमेटी के द्वारा महामहिम राष्ट्रपति महोदय के नाम जिला कलेक्टर देवास के द्वारा एक ज्ञापन एसडीएम महोदय खातेगांव को दिया गया, जिसमें मध्य प्रदेश में हो रहे हैं पंचायत चुनाव में ओबीसी के आरक्षण को माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा महाराष्ट्र के प्रकरण का हवाला देकर पिछड़ा वर्ग हेतु आरक्षित सीटों के निर्वाचन को स्थगित रख बाकी सीटों का निर्वाचन कराया जाना था। पिछड़ा वर्ग कांग्रेस कमेटी ने ज्ञापन के माध्यम से यह मांग की है कि भविष्य में भी पंचायत राज एवं अन्य निकायों के चुनाव में



पिछड़ा वर्ग आरक्षण रोस्टर प्रणाली से सुनिश्चित किया जाए, एवं ओबीसी वर्ग की जातिगत जनगणना कराए जाने की मांग भी लंबे समय से की जा रही है। अतः भविष्य में होने वाली जनगणना में ओबीसी वर्ग की प्रथक से जनगणना कराई जाए एवं आंकड़े प्रथक से प्रकाशित किया जाए तथा कोरोना काल के दौरान शासन द्वारा जो बिजली बिल माफ किए गए थे उन्हें वापस जमा कराने हेतु उपभोक्ताओं को सूचना पत्र दिए जा रहे हैं। इन बिलों को मध्यप्रदेश की शिवराज सिंह सरकार ने माफ करने का एलान किया था परंतु बिल वापस दिए जा रहे हैं इन बिलों को माफ करने की भी मांग की गई। ज्ञापन में मुख्य रूप से पूर्व विधायक कैलाश कुंडल पूर्व मंडी अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण बड़ा वाला पीसीसी सदस्य सुनील यादव बंटू गुर्जर खातेगांव ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोहन बिलोदा नरेंद्र सिंह राजावत पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अजय गुर्जर अध्यक्ष अजय गुर्जर प्रदेश कांग्रेस सचिव रफीक मोहम्मद शेख चिमना बाता मुकेश नायक पिछड़ा वर्ग ब्लॉक अध्यक्ष खातेगांव मुकेश पटेल अजनास ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद गुर्जर महेश जी दीक्षित संदीप इनानिया रोहित बंडा वाला राम चंद्र पटेल लकड़आनी शिवराज शेखावत युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष दीपक मीणा इरशाद पटेल सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष अजनास मगन मनसौरे अल्पसंख्यक ब्लॉक अध्यक्ष खातेगांव आबिद खान किशोर दुबे एडवोकेट गोपाल यादव राजेश दुबे गोलू अजय परनामी अरविंद बोहरे अजीत दुबे हरिप्रसाद हरियाले अशोक कुंडल दीपक अग्रवाल शैलेश यादव सादिक रोमियो रोहित आम करें देवी लाल केवट आदि मौजूद थे।

## सड़क हादसे में हुई मौत को लेकर परिजनों से मिलने पहुंची जिला पंचायत सदस्य पूनम यादव

**अज़ीम खान**

**बदायूं/सहसवान**। ट्रक की आमने सामने की भिड़ंत में एक गर्भवती महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। जबकि 20 से ज्यादा अन्य लोग घायल हो गए। घटना सोमवार की सुबह तीन बजे की है। मिली जानकारी के अनुसार रामपुर जिले के स्वार क्षेत्र में सोमवार की सुबह तीन बजे के आसपास यह हादसा हुआ। हादसे में हताहत हुए लोग बदायूं के सहसवान तहसील के जरीफपुर गडिया गांव निवासी दो दर्जन मजदूर एक एक पिकअप में सवार होकर कोसी के तट पर रेता छानने के लिए जा रहे थे। कोहरा अधिक होने के कारण उनकी पिकअप एक अनियंत्रित ट्रक से टकराने के बाद सड़क के किनारे नाले में जा पलटी। इससे गाड़ी में बैठे लोग छिटक कर इधर उधर जा गिरे। हादसे में बदायूं के जरीफपुर गड़िया निवासी बबिता की मौत हो गई। बबिता छह महीने की गर्भवती थी। अलीगढ़ जिले के एक बच्चे की भी हादसे में मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पूनम यादव जरीफपुर गढिया में मृतक व घायलों के परिवार से मिली और हर संभव मदद का आश्वासन दिया!



## नगर पालिका द्वारा मास्टर प्लान के अनुसार की जा रही कार्रवाई का विरोध

**प्रमोद कुमार बंसल**

एसडीएम न्यायालय ने 36 लोगों को नोटिस जारी कर उन्हें पाबंद किया। प्रभावित 25 दुकानदारो व संरचना मालिकों द्वारा हाईकोर्ट में प्रस्तुत की गई याचिका पर आज सोमवार को सुनवाई होगी नगर व्यापार महासंघ संघर्ष समिति के बैनर तले चल रहे आंदोलन के दौरान दुकानदारों ने रविवार को मौन जुलूस निकाला इसके बाद धरना स्थल पर सभा हुई जिसको संबोधित करते हुए पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना ,भाजपा विधानसभा प्रभारी मुकेश गोयल, मनोज नारायण शर्मा, पूर्व पालिका चेयरमैन प्रकाश सैनी, व महेंद्र सैनी, जनता दल यू के प्रदेश अध्यक्ष रामनिवास यादव ,किशोरी लाल शर्मा, जितेंद्र चौधरी ,रमेश जिंदल ने पालिका प्रशासन के खिलाफ रोष जाहिर करते हुए कहा की मनमानी किसी भी रूप में सहन नहीं की जाएगी। पालिका प्रशासन का कहना है कि मास्टर प्लान के अनुसार मुख्य चौराहे से नगरपालिका तिराए तक की सड़क 80 फुट चौड़ी है जबकि सनी मंदिर से सरदार स्कूल के आगे की सड़क की चौड़ाई 60 फीट है पालिका ईओ फतेह सिंह मीणा का कहना है कि मास्टर प्लान लागू करने में आ रही दिक्कतों को शीघ्र सुलझाया जाएगा साथ ही माननीय न्यायालयों के आदेशों की पालना अक्षरश : की जाएगी।



## कान्ह नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए प्रशासन द्वारा युद्ध स्तर पर सतत अभियान चलाया जाएगा

**एनसीआर समाचार**

कान्ह नदी में जुड़ने वाले तीन नालों में इंडस्ट्रियल वेस्ट डिस्चार्ज करने वाले उद्योगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए कहा कि उक्त कार्रवाई करने के लिए संबंधित क्षेत्र के सीईओ जनपद, नायब तहसीलदार, पंचायत सचिव एवं अन्य अधिकारियों का दल गठित किया जाएगा। यह दल गैर-आवासीय गतिविधियों से प्रदूषित होने वाली नालों की समीक्षा करेंगे एवं प्रदूषण के लिए जिम्मेदार उद्योगों को सील कर उनका विद्युत कनेक्शन कटवाने की प्रक्रिया संपन्न करायेंगे। इस संपूर्ण कार्य की मॉनिटरिंग अपर कलेक्टर श्री पवन जैन द्वारा किया जायेगी। कलेक्टर श्री मनीष सिंह ने कहा कि उद्योगों के निरीक्षण के दौरान फैक्ट्री द्वारा किए जा रहे पानी के उपभोग की मात्रा, एफ्लूएंट के रूप में निकाला जा रहा है इंडस्ट्रियल वेस्ट तथा कॉमन एफ्लूएंट ट्रीटमेंट प्लांट में भेजा जा रहा तरल वेस्ट आदि की समीक्षा की जाएगी।



ऐसी सभी फैक्ट्रियां जहां एफ्लूएंट ट्रीटमेंट प्लांट होना अनिवार्य है उनकी भी जांच की जाएगी। जिन फैक्ट्रियों में ईटीपी प्लांट बंद पाया जाएगा उनको भी सील की जाने की कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर श्री मनीष सिंह ने यह निर्देश आज सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक के दौरान दिए। बैठक में एडीएम श्री पवन जैन, जिला पंचायत सीईओ श्री हिमांशु चंद्र सहित सभी अपर कलेक्टर, एसडीएम एवं अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की विभाग बार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन पर 100 दिवस की अधिक अवधि से लंबित 1304 शिकायतों के संतुष्टि पूर्वक निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने अभिलेख शुद्धिकरण, धारण अधिकार, पीएम किसान सम्मान निधि तथा सीएम किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने 8 जनवरी से 14 जनवरी 2022 तक आयोजित किए जाने वाले पोषण जागरूकता सप्ताह के दौरान जिले के सभी 0 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों को पोषण सर्टिफिकेट दिलवाने के लिए प्रभावी अभियान चलाने के निर्देश महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि वे नगरीय क्षेत्र के संबंधित सीएमओ के साथ समन्वय स्थापित कर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा बच्चों को पोषण मिशन का लाभ दिलाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### कुवि ने भेजी फर्जी रसीद की जांच संबंधित नोटिस: विश्वविद्यालय द्वारा सही समय पर नहीं भेजे जा रहे नोटिस से विद्यार्थी परेशान

**शुशील कुमार**



कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी द्वारा भेजे फर्जी रसीद नोटिस से विद्यार्थी हुए परेशान पिछले दो हफ्तों से विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा फर्जी रसीद की जांच बारे नोटिस भेजे जा रहे है, लेकिन कुछ विद्यार्थियों ने अपने परीक्षा फार्म संबंधित सीएससी सेंटरों से भरे है और उनको ऑनलाइन ट्रांसैक्शन भी विद्यार्थियों ने की है, बच्चे जब यूनिवर्सिटी जाकर आ रहे है तब उन्हें यूनिवर्सिटी कर्मचारियों, अधिकारियों से पता लग रहा है उनकी फीस रसीद से छेड़छाड़ कर यूनिवर्सिटी को भेजी गयी है। जिससे काफी बच्चों के भविष्य पर तलवार लटक चुकी है। इस दौरान यूनिवर्सिटी के प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों को दोषी समझा जा रहा है, पीड़ित विद्यार्थी विनोद कुमार ( बी कॉम)धारणिया ने इस मामले को लेकर लगाई जांच की गुहार। इस मामले को लेकर जिला प्रशासन और मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार से इस बारे निष्पक्ष जांच की गुहार लगाई है। विनोद का आरोप है कि आजाद सीएससी सेंटर आदमपुर से मेने मेरा आवेदन किया है और उसको ऑनलाइन फीस भी भेजी है और यूनिवर्सिटी ने मेरी परीक्षा भी ऑनलाइन ली है और अब यूनिवर्सिटी ने भी मुझे फर्जी रसीद जांच नोटिस भेजा है जो जिस तारीख को मिलना था। नोटिस संबंधित तारीख से पहले ना मिलकर कल 28 दिसम्बर 2021 को मिला है जिसमें यूनिवर्सिटी की लापरवाही भी साफ झलक रहीं है। ह्यूमन राइट्स कौंसिल ऑफ इंडिया के जिला सदस्य सुशील कुमार ने भी पीड़ित विद्यार्थियों के हक में निष्पक्ष जांच के लिए पत्र (कुलपति) कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को भेज लिखा है कि यूनिवर्सिटी के अनियमित संचार की बजह से विद्यार्थी परेशानी का शिकार हुए है। इनके हक और अधिकारों से खिलवाड़ बारे और अनियमित संचार बारे आयोग को अवगत कराया जाएगा।

### सीमा सुरक्षा बल की 50 वी बटालियन का सिविक एक्शन फ्रि मेडिकल कार्यक्रम का आयोजन




**दीपक कुमार तंवर**

चौहटन बाड्मेर- क्षेत्र मे मंगलवार को बीएसएफ की 50 वी बटालियन के द्वारा सरहद से सटे गांव सरुपे का तला मे सिविक एक्शन मेडिकल शिविर आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि 50 बटालियन के कमांडेंट श्री युवराज दुबे पहुंचे।कार्यक्रम मे एस-के-टी कम्पनी कमाण्डर श्री सुभाष साहब, सरपंच जमालखान, प्रिंसिपल स्वरूप सिंह, आयुर्वेदिक चिकित्सक भीखाराम, डाक्टर शम्भुराम,डाक्टर नरपत गढवीर, लेखराज तंवर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष धनाऊ,समाज सेवी ताजुखान सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।कमांडेंट युवराज दुबे ने कहा सीमावर्ती क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य सेवाओ के प्रति जागरूक करना और उनके स्वास्थ्य को लेकर समय समय पर अभियान के तहत मेडिकल शिविर का आयोजन कर आमजन के स्वास्थ्य का परीक्षण करना भी बीएसएफ की एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। जिसमे बॉर्डर के लोग फिट रहेगे और उनका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।प्रोग्राम मे सीमा सुरक्षाबल की चिकित्सक टीम मे असिस्टेंट कमांडेंट डाक्टर हिनाखान, डाक्टर मुकेश कुमार, डाक्टर विष्णु पुनिया ने 500 लोगो का स्वास्थ्य जांच कर उन्हे विभिन्न प्रकार की दवाईयो का भी वितरण की गया। साथ ही कोविड 19 का टीकाकरण डोज प्रथम व द्वितीय 350 लोगो को किया गया।

### बरेली के कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उबेद खान इन दिनों सुर्खियों में छाए हुए हैं

**अंसार खान**



उमेश खान कांग्रेश के नगर अध्यक्ष भी रह चुके हैं वे खेलों में अपनी अच्छी खासी रुचि रखते हैं उदयपुरा क्षेत्र के वर्तमान विधायक देवेंद्र पटेल ने उवेश खान को खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायसेन जिला विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर कांग्रेस के एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं कांग्रेस पदाधिकारी युवाओं ने फूल मालाएं पहनाकर युवा कल्याण विभाग के वरिष्ठ नेता उवैस खान का जोरदार स्वागत किया। स्वागत समारोह में उपस्थित रहे ठाकुर विशाल सिंह एडवोकेट, राहुल रघुवंशी बढ़िया वाले, इदरीश हयात, आसिफ पठान, खालिद ठेकेदार, शाहबेज खान नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष साहिब पठान अदनान नगर युवा कांग्रेस शाहरुख साह उपस्थित रहे।

### मुंडावर के हालात देख हो जायेंगे हैरान

**राजेश कुमार**

हल्की सी बरसात हुई हैं और ये मुंडावर के रोड़ का ये हाल है की आजादी के बाद से कोई मुंडावर की जनता की सुनने वाला नहीं है अभी तक मुंडावर के रोड़ के हालात ख़राब हैं। कुछ समय पहले रोड़ का कार्य हुआ था लेकिन ये ख़ुशी कुछ दिन की थी हल्की सी बरसात में ही निकलना मुस्किल हो जाता है। मुंडावर बस स्टैंड के हालात भी ख़राब हो गए हैं, ना ही यहाँ कोई बस सेवा हैं और ना ही सरकार द्वारा कोई आश्वाशन दिया गया। मुंडावर तहसील अलवर जिले की सबसे पुरानी तहसील है लेकिन अभी तक सबसे पिछड़ी हुई तहसीलो में गिनी जाती हैं। मुंडावर में पहाड़ होने से हमेशा पानी की कमी रहती है एक दिन छोड़ कर एक दिन पानी आता है और वो भी 100 लीटर जो केवल एक परिवार पी सकता है।

## आर्थिक रूप से कमजोर कोरोना मरीजों का का नि:शुल्क उपचार कराना सर्वोच्च प्राथमिकता

**देवराम ठाकुर**



इस योजना का संवेदनशीलता तथा प्रभावी क्रियान्वयन के लिये कलेक्टर श्री मनीष सिंह के निर्देशन में इंदौर जिले में विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। इसी के तहत आर्थिक रूप से कमजोर ऐसे मरीज जिनके पास आयुष्मान के कार्ड हैं, उनके निःशुल्क इलाज के लिये जिले के 50 शासकीय एवं अशासकीय अस्पतालों को आयुष्मान योजना से जोड़ा गया है। इन अस्पतालों में मरीजों का कोरोना संबंधी पूरी तरह निःशुल्क उपचार सुनिश्चित किया जायेगा। यह जानकारी आज यहाँ अपर कलेक्टर श्री अभय बेड़ेकर द्वारा ली गई अस्पतालों संचालकों की बैठक में दी गई। बैठक में बताया गया कि इंदौर जिले में मरीजों को कोरोना संबंधी इलाज सहजता के साथ उपलब्ध कराने के लिये हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। जिले में कोरोना के इलाज के लिये 50 शासकीय तथा अशासकीय अस्पतालों में प्रथम चरण में कुल 3235 बेड्स आरक्षित रखे गये हैं। इनमें से 50 से अधिक बेड्स की क्षमता वाले 37 अशासकीय अस्पतालों में कुल 1760 बेड्स आरक्षित किये गये हैं। शेष 1475 बेड्स 13 शासकीय अस्पतालों में कोरोना के इलाज के लिये रहेंगे। आयुष्मान योजना के तहत सभी 13 शासकीय अस्पतालों में 1475 बेड्स तथा अशासकीय अस्पतालों में 528 बेड्स कोरोना के निःशुल्क इलाज के लिये उपलब्ध रहेंगे। इस तरह जिले में आयुष्मान योजना के तहत कुल 50 शासकीय तथा अशासकीय अस्पतालों में निःशुल्क इलाज के लिये दो हजार से अधिक बेड्स आरक्षित रहेंगे। बैठक में अपर कलेक्टर श्री अभय बेड़ेकर ने अस्पताल संचालकों को आयुष्मान योजना के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में उपरोक्त 50 अस्पतालों को चिन्हित किया गया है। दूसरे चरण में 26 और अशासकीय अस्पतालों को आयुष्मान योजना से जोड़ा जायेगा। उन्होंने अस्पताल संचालकों से कहा कि कोई भी अस्पताल आयुष्मान योजना के कार्डधारियों से किसी भी तरह की राशि नहीं लें। उनका पूरी तरह निःशुल्क उपचार करें। कोरोना मरीज आते ही उन्हें तत्काल एडमिट करें। अस्पताल में भर्ती करने से उन्हें मना नहीं किया जाये। संदिग्ध मरीज जिनकी रिपोर्ट पॉजीटिव नहीं आयी है और उन्हें गंभीर रूप से लक्षण दिखाई दे रहे हैं तो भी आवश्यकतानुसार उनका इलाज भर्ती कर तुरंत शुरू किया जाये।

## आईटी विभाग ने फरवरी 2022 तक करदाताओं के लिए समय में ढील दी

**एजेंसी**

करदाता जिन्होंने 2019-20 के वित्तीय वर्ष के लिए अपने आईटीआर को ई-सत्यापित नहीं किया है, वे 28 फरवरी, 2022 तक सत्यापन प्रक्रिया को पूरा कर सकते हैं, क्योंकि आयकर विभाग ने करदाताओं को एकमुश्त छूट दी है। कानून के अनुसार, बिना डिजिटल हस्ताक्षर के इलेक्ट्रॉनिक रूप से दाखिल आयकर रिटर्न (आईटीआर) को 120 दिनों के भीतर आधार ओटीपी, या नेट-बैंकिंग, या डीमैट खाते, पूर्व-मान्य बैंक खाते और एटीएम के माध्यम से भेजे गए कोड के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से सत्यापित किया जाना है। रिटर्न दाखिल करने का। वैकल्पिक रूप से, करदाता बेंगलुरू में केंद्रीकृत प्रसंस्करण केंद्र (सीपीसी) कार्यालय में दायर आईटीआर की एक भौतिक प्रति भेज सकते हैं। यदि सत्यापन प्रक्रिया, जो आईटीआर-वी फॉर्म के माध्यम से की जाती है, पूरी नहीं होती है, तो यह माना जाता है कि रिटर्न दाखिल नहीं किया गया है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने 28 दिसंबर को एक सर्कुलर में कहा कि आकलन वर्ष 2020-21 के लिए बड़ी संख्या में इलेक्ट्रॉनिक रूप से दाखिल आईटीआर अभी भी वैध आईटीआर-वी की प्राप्ति के लिए आयकर विभाग के पास लंबित हैं। सीपीसी, बेंगलुरु में फॉर्म या संबंधित करदाताओं से लंबित ई-सत्यापन। आकलन वर्ष 2020-21 (वित्तीय 2019-20) के लिए सभी एलटीआर के संबंध में, जो करदाताओं द्वारा अनुमत समय के भीतर इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपलोड किए गए थे ... और जो आईटीआर-वी फॉर्म जमा न करने के कारण अधूरे रह गए हैं।

## सीएम की मांगें मानने के बाद टला ट्रेन आंदोलन स्थगित, 4 जनवरी को फिर होगी बैठक

**तेजविंदर सिंह**



किसान मजदूर संघर्ष समिति के नेताओं ने चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री चरणजीत चन्नी के साथ बैठक में आश्वासन दिया कि मुख्यमंत्री द्वारा मांगों को पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री के साथ संगठन की अगली बैठक अब 4 जनवरी को होगी. संगठन ने आश्वासन के बाद रेल रोको आंदोलन स्थगित कर दिया है। संगठन ने 31 दिसंबर को राज्य समिति की बैठक भी बुलाई है। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री श्री चरणजीत चन्नी ने आज करीब डेढ़ घंटे तक चंडीगढ़ स्थित अपने आवास पर किसान मजदूर संघर्ष कमेटी पंजाब के प्रदेश नेताओं के साथ बैठक की. बैठक में मुख्यमंत्री के अलावा कृषि मंत्री रणधीर सिंह नाभा, मुख्य सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे. किसान प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष सतनाम सिंह पन्नू, सरवन सिंह पंढेर, सविंदर सिंह चटाला, सुखविंदर सिंह सबरा, जसबीर सिंह पिडी और गुरलाल सिंह मान शामिल थे. बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए किसान नेताओं ने कहा कि माझा में ओलावृष्टि से नष्ट हुई बासमती फसल का मुआवजा 12 हजार से बढ़ाकर 17 हजार किया जाएगा. शहीदों के परिवारों को एक सप्ताह के भीतर नौकरी और मुआवजा दिया जाएगा। विभिन्न आंदोलनों के पहले जीवित शहीदों के परिवारों को नौकरी और मुआवजा दिया जाएगा। गृह मंत्री से मुलाकात कर जल्द ही रेलवे पुलिस के सभी मामले खारिज कर दिए जाएंगे. कई पुलिस मामले वापस ले लिए गए हैं और शेष मामले जल्द ही वापस ले लिए जाएंगे।

## नीट पीजी काउंसलिंग

## पुलिस की कार्रवाई से गुस्से में डॉक्टर, सभी स्वास्थ्य सेवाओं को बंद करने की दी चेतावनी, एफआईआर दर्ज

**एनसीआर समाचार**




**नई दिल्ली।** आईटीओ स्थित शहीद पार्क के पास हजारों की तादाद में जुटे डॉक्टरों को जब पुलिस ने रोका तो वे सड़क पर ही बैठ गए। इसके चलते दिल्ली गेट से आईटीओ की ओर आने-जाने वाला मार्ग पूरी तरह से जाम में तब्दील हो गया। नीट पीजी काउंसलिंग में देरी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे रेजिडेंट डॉक्टर दिल्ली पुलिस की कार्रवाई से आक्रोशित हैं। सोमवार शाम डॉक्टरों ने सभी स्वास्थ्य सेवाओं को बंद करने की घोषणा की जिसके बाद देर रात तक राजधानी के ज्यादातर सरकारी अस्पतालों में आपातकालीन सेवाओं तक प्रभावित रहीं।

अभी तक यह हड़ताल राजधानी के करीब छह बड़े अस्पतालों में चल रही थी लेकिन अब सभी अस्पतालों के रेजिडेंट डॉक्टर इसमें शामिल हुए हैं। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (फोर्डा) ने नीट पीजी काउंसलिंग का समय जल्द से जल्द घोषित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की। सुबह 10 बजे मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज में एकत्रित हुए रेजिडेंट डॉक्टरों ने जैसे ही प्रदर्शन शुरू किया और कॉलेज परिसर से बाहर आए, दिल्ली पुलिस ने चंद मीटर पर ही उन्हें रोक दिया। आईटीओ स्थित शहीद पार्क के पास हजारों की तादाद में जुटे डॉक्टरों को जब पुलिस ने रोका तो वे सड़क पर ही बैठ गए। इसके चलते दिल्ली गेट से आईटीओ की ओर आने-जाने वाला मार्ग पूरी तरह से जाम में तब्दील हो गया। कई घंटों तक वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिलीं।

## 4 दिन से लगातार दिन और रात में हो रहा जमकर रेत खनन



**अजीम खान**

सहसवान तहसील क्षेत्र के ब्लॉक दहगवां के ग्राम घोवर खेड़ा में 4 दिन से लगातार दिन और रात हो रहा है अवैध रेत खनन। बताते चलें इसकी शिकायत ग्रामीणों ने पहले भी कई बार अधिकारियों से शिकायत की थी लेकिन उस वक्त खनन रोक दिया गया। लेकिन 4 दिन से दोबारा जेसीबी मशीन द्वारा रात्रि में खनन होना शुरू हो गया और खनन माफिया का कहना है कि मैंने इजाजत ले रखी है अगर परमिशन है तो कितनी ट्रॉली एवं किस स्थान पर पढ़नी है लेकिन खनन माफिया लगातार खनन करने पर उतारू है जिस पर प्रशासन मौन साधे हुए हैं अब देखना है प्रशासन इस ओर क्या ध्यान देता है।

## कबड्डी महासंग्राम का समापन

## फाइनल मुकाबला पहली समन्दसर टीम व टीम बी के मध्य जिसमें विजेता समन्दसर टीम ए रही

**नरपत पुरोहित**



स्पोर्ट्स क्लब लखासर के तत्वाधान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के मैदान में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में डॉ. दिव्या चौधरी एसडीएम श्री डूंगरगढ़ व मंचस्थ अतिथियों ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी व मेडल आदि प्रदान कर सम्मानित किया. डॉ दिव्या चौधरी ने कहा कि गांवों मे छुपी प्रतिभाओं को खेलों से जोड़ने में ऐसे आयोजन सार्थक साबित होंगे व भारी संख्या में उपस्थित ग्रामीण व युवाओं को देखकर खेल जगत के लिए शुभ संकेत बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मालचंद नैण उपप्रधान प्रतिनिधि ने ग्रामीणों की आपसी सहयोग व समरसता भावना को देखकर लखासर को खेल प्रेमी गांव बताया. रेवन्त राम खिलेरी ने समारोह में पधारे हुए अतिथियों का समस्त ग्रामीण व आयोजन कमेटी की ओर से आभार व्यक्त किया, डॉ. संतोष आर्य मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी श्री डूंगरगढ़, ओमप्रकाश भादू कृषि उपज मंडी व्यापार मंडल के अध्यक्ष श्री डूंगरगढ़, सुप्रसिद्ध व्यवसायी नरपत पुरोहित, मोहन सिंह देवड़ा, धन्ने सिंह तंवर, लक्ष्मण राम खिलेरी मुखराम गोयल, डॉ.ताराचंद गोदारा, प्रधानाचार्य राजीव श्रीवास्तव, मामराज गोदारा, रामलाल जाखड़, डॉ दीनू खान, राजू सिंह पीटीआई कालूराम पीटीआई मंचस्थ रहे। यूथ कांग्रेस विधानसभा सचिव मुनीराम खिलेरी ने बताया कि राष्ट्रीय व राज्यस्तरीय खिलाड़ियों को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया। मंच संचालन शिक्षाविद् इंद्राज खिलेरी ने किया, कार्यक्रम में भोलू राम नायक, पाबूदान सिंह भाटी, लादू सिंह तंवर, मूलाराम खिलेरी, मालाराम खिलेरी, नारायण राम चाहर, दानाराम गेट, गणेशाराम सांसी, गणेशा राम मेघवाल, चुनाराम नायक, भीखाराम नाई, मदन फौजी, रणवीर पीटीआई, राजू गेट राकेश खिलेरी इंद्रजीत सिंह तंवर,हरचंद मेघवाल, रणजीत खिलेरी, संतोष खिलेरी आदि सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, मंच संचालन शिक्षाविद् इंद्राज खिलेरी ने किया।

## खेल और खिलाड़ी की समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका: सारंग

**देवेन्द्र कुमार जैन**




चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि खेल और खिलाड़ियों की शक्तिशाली समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका है। व्यक्ति के लिये खेल और समाज निर्माण में खिलाड़ी की आवश्यकता है। मंत्री श्री सारंग मंगलवार को राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता के समापन और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। एथलेटिक संघ मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी नागालैण्ड में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि खेल से मानसिक और शारीरिक सुदृढ़ता मिलती है। साथ ही वैभवशाली और शक्तिशाली समाज आप जैसी प्रतिभाओं से गौरवान्वित होता है। उन्होंने चयनित खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। क्रिकेटर श्री जे.पी. यादव, संघ के उपाध्यक्ष श्री विष्णु त्रिपाठी, सचिव श्री सुरेश प्रजापति, श्री नवल प्रजापति मौजूद थे। कार्यक्रम में 56वीं राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री चैम्पियनशिप 2022 कोहिमा, नागालैण्ड में 15 जनवरी 2022 के लिये चयनित खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। बालक 16 वर्ष वर्ग में जबलपुर के प्रिंस कुमार को प्रथम, जबलपुर के ऋषभ कोस को द्वितीय और विदिशा के अश्विन सतनामी को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। बालिका 16 वर्ष वर्ग में होशंगाबाद की कशक गौर को प्रथम, होशंगाबाद की विधि मालवीय को द्वितीय और दमोह की रोशनी गौर को तृतीय पुरस्कार दिया गया। इसी प्रकार 4 किलोमीटर की बालिका 18 वर्ष प्रतियोगिता में होशंगाबाद की साक्षी यदुवंशी को प्रथम और होशंगाबाद की कनक गौर को द्वितीय पुरस्कार मिला। बालक 18 वर्ष वर्ग में विदिशा के प्रथम चौधरी को प्रथम, भोपाल के पाविल अत्री को द्वितीय और दमोह के शिवम पटेल को तृतीय पुरस्कार दिया गया। बालिका 20 वर्ष वर्ग में भोपाल की साक्षी गुर्जर को प्रथम, सीहोर की पूजा प्रजापति को द्वितीय और सीहोर की शिवाली मालवीय को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी क्रम में 10 किलोमीटर पुरूष वर्ग में शाजापुर के नरेन्द्र राजपूत को प्रथम, रायसेन के गोलू धाकड़ को द्वितीय, दमोह के कृष्ण कुमार पटेल को तृतीय, महिला वर्ग में भोपाल की प्रियंका पटेल को प्रथम, होशंगाबाद की सलीता यदुवंशी को द्वितीय।

## बचपन का प्यार गाना गाने वाले शहदेव डर्डो का हुआ एक्सीडेंट

**एनसीआर समाचार**

अपने बचपन का प्यार वीडियो के लिए वायरल हुए छत्तीसगढ़ के लड़के सहदेव दिर्डो एक दुर्घटना के बाद अस्पताल में भर्ती हैं। छत्तीसगढ़ का 10 वर्षीय लड़का सहदेव दिर्डो, जो अपने बचपन का प्यार वीडियो वायरल होने के बाद इंटरनेट सनसनी बन गया, मंगलवार को एक दुर्घटना का शिकार हो गया। रैपर बादशाह, जिन्होंने गाने के रीमिक्स संस्करण के लिए उनके साथ सहयोग किया, ने ट्विटर पर एक अपडेट साझा किया। बादशाह ने लिखा "सहदेव के परिवार और दोस्तों के संपर्क में हूँ। वह बेहोश है, अस्पताल ले जा रहे हैं। मैं उसके लिए वहां हूं। आपकी प्रार्थनाओं की आवश्यकता है। पुलिस ने कहा कि सहदेव छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सड़क पर फिसल कर गिर जाने से घायल हो गए। सुकमा के पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा ने कहा कि दुर्घटना शाम करीब साढ़े छह बजे शबरी नगर इलाके में हुई और हेलमेट नहीं पहने सहदेव गिर गए और सिर में गंभीर चोट आई, जबकि सवार को मामूली चोटें आईं। शर्मा ने बताया कि सहदेव को जिला अस्पताल ले जाया गया और प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जगदलपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही सुकमा के कलेक्टर विनीत नंदनवार व शर्मा ने जिला अस्पताल का दौरा कर उनका हालचाल जाना।

## संपादकीय

# गहलोत ने फिर दिखाई जादूगरी आलाकमान को खुश कर पायलट को कर दिया किनारे

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपनी जादूगरी से कांग्रेस आलाकमान को खुश कर दिया है। राजस्थान की राजनीति में उनके विरोधी माने जाने वाले सचिन पायलट व उनके समर्थकों को गहलोत किनारे लगाने में सफल रहे हैं। राजनीति में आने से पहले अशोक गहलोत जादूगरी के पेशे से जुड़े हुए थे। उनके पिता लक्ष्मण सिंह गहलोत अपने जमाने के जाने-माने जादूगर थे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को भी जादू की कला विरासत में मिली थी। हालांकि अशोक गहलोत जादूगरी के क्षेत्र में तो नहीं गए। मगर समय-समय पर अपनी जादूगरी दिखाकर राजनीति के क्षेत्र में वह लगातार ऊंची सीढ़ियां चढ़ते चले गए। तीसरी बार राजस्थान के मुख्यमंत्री पद पर काम कर रहे अशोक गहलोत छात्र जीवन से ही कांग्रेस से जुड़ गए थे। उस समय कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे हरिदेव जोशी और परसराम मदेरणा के सानिध्य में उन्होंने राजनीति के क्षेत्र में ऊंची छलांग लगाई। 1980 में पहली बार जोधपुर से कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव जीत कर इंदिरा गांधी के मंत्रिमंडल में उप मंत्री बने। गहलोत राजीव गांधी व नरसिम्हा राव के मंत्रिमंडल में भी राज्य मंत्री रहे। तीन बार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष रह चुके अशोक गहलोत जैसे-जैसे राजनीति की ऊंची सीढ़ियां चढ़ते गए वैसे-वैसे एक-एक कर अपने विरोधी नेताओं का सफाया करते गये। 1998 में वरिष्ठ नेता परसराम मदेरणा को मात देकर पहली बार मुख्यमंत्री बने अशोक गहलोत ने उसी कार्यकाल में परसराम मदेरणा, शिवचरण माथुर, पंडित नवल किशोर शर्मा, हीरालाल देवपुरा, नाथूराम मिर्धा, रामनिवास मिर्धा, जगन्नाथ पहाड़िया, कमला, बनवारी लाल बैरवा, रामनारायण चौधरी जैसे बड़े नेताओं को एक-एक कर किनारे लगा दिया। उसके बाद गहलोत राजस्थान कांग्रेस को अपने इर्द-गिर्द घुमाने लगे। 2008 के विधानसभा चुनाव में भी राजस्थान में कांग्रेस को बहुमत नहीं मिला था। इसके उपरांत भी अशोक गहलोत ने बसपा के विधायकों को कांग्रेस में शामिल करवा कर अपनी सरकार बना ली थी। 2018 के विधानसभा चुनाव में सचिन पायलट प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष होने के साथ ही मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार थे। विधानसभा चुनाव सचिन पायलट के नेतृत्व में ही लड़ा गया था। हर किसी का मानना था कि कांग्रेस की सरकार बनने पर सचिन पायलट ही मुख्यमंत्री बनेंगे। क्योंकि 2013 का विधानसभा चुनाव अशोक गहलोत के मुख्यमंत्री रहते उनके नेतृत्व में लड़ा गया था। जिनमें कांग्रेस को महज 21 सीटें ही मिल पाई थीं। राजस्थान में कांग्रेस बहुत कमजोर स्थिति में थी। कार्यकर्ता हताश, निराश थे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मनोबल बुरी तरह से गिरा हुआ था। उस समय कांग्रेस आलाकमान ने युवा नेता सचिन पायलट को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बना कर कांग्रेस को फिर से एक बार फिर नए सिरे से मजबूत बनाने की जिम्मेदारी सौंपी थी। सचिन पायलट ने पूरी सक्रियता से प्रदेश में दौरे कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया और विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनाने का मार्ग प्रशस्त किया था। मगर मुख्यमंत्री बनने की बारी आई तब अशोक गहलोत एक बार फिर अपनी जादूगरी दिखाते हुए बाजी पलट कर खुद मुख्यमंत्री बन गए। उस समय सचिन पायलट को मात्र उप मुख्यमंत्री बनकर ही संतोष करना पड़ा था। 2018 में गहलोत के मुख्यमंत्री बनने की जरा भी संभावना नहीं थी। मगर अशोक गहलोत दिल्ली में कांग्रेस आलाकमान को अपने विश्वास में लेकर मुख्यमंत्री के पद पर काबिज हो गए। उस समय कांग्रेस आलाकमान ने सचिन पायलट व उनके समर्थक विधायकों को आश्वस्त किया था कि आधे कार्यकाल के बाद पायलट को मुख्यमंत्री बना दिया जाएगा। मगर आधा कार्यकाल बीतने से पहले ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सचिन पायलट के सामने ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न कर दी कि उनको गहलोत सरकार के खिलाफ बगावत करनी पड़ी। अशोक गहलोत इसी मौके की तलाश में थे। उन्होंने कांग्रेस आलाकमान से सचिन पायलट व उनके समर्थक सभी मंत्रियों को पद से बर्खास्त करवा दिया। यहां तक कि सचिन पायलट को भी उपमुख्यमंत्री व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से बर्खास्त करवा दिया था। एक समय तो ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न कर दी गई थी कि पायलट व उनके समर्थक विधायकों का कांग्रेस से निष्कासन होना तय लग रहा था। मगर ऐन वक्त पर पायलट ने बदली हुई परिस्थितियों को देखकर कांग्रेस आलाकमान के सामने सरेंडर कर दिया था।

सचिन पायलट इन दिनों फिर से कांग्रेसी आलाकमान के नजदीक होकर मुख्यमंत्री बनने का दांव चल रहे थे। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी व महासचिव प्रियंका गांधी भी पायलट के पक्ष में खड़े नजर आ रहे थे। कांग्रेस आलाकमान ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर पायलट समर्थक विधायकों को फिर से मंत्रिमंडल में शामिल करने को लेकर दबाव बनाना शुरू कर दिया था। हालांकि गहलोत ने सवा साल के टालमटोल के बाद पायलट समर्थक चार विधायकों को मंत्रिमंडल विस्तार में शामिल किया। यहां भी गहलोत के सख्त रुख के कारण भारी आरोपों के बावजूद किसी भी मंत्री को हटाया नहीं गया। कांग्रेस आलाकमान के समक्ष गहलोत किसी भी मंत्री को मंत्रिमंडल से हटाने पर सहमत नहीं हुए थे। जिन मंत्रियों को आरोपों के चलते हटाने के कयास लगाए जा रहे थे। मंत्रिमंडल विस्तार में उनमें से कइयों को तो पदोन्नत कर कैबिनेट मंत्री बना दिया गया। पायलट के लगातार बढ़ते दबाव को कम करने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर में केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस की एक बड़ी सफल रैली करवा कर अपनी ताकत का इजहार कर दिया है। कांग्रेस की रैली में लाखों की भीड़ जुटाकर मुख्यमंत्री गहलोत ने आलाकमान को दिखा दिया कि राजस्थान में आज भी वही सबसे बड़े लोकप्रिय नेता हैं, जो अगले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को जीत दिला सकते हैं। जयपुर की रैली में कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, अधीर रंजन चौधरी, केसी वेणुगोपाल, कमलनाथ, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित सभी बड़े नेता शामिल हुए थे। हालांकि रैली को सोनिया गांधी ने तो संबोधित नहीं किया था। मगर राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला था। रैली की सफलता से सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी तीनों ही अभिभूत नजर आ रहे थे। रैली की सफलता के बाद कांग्रेस आलाकमान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को अगले दो साल तक मुख्यमंत्री के रूप में फ्री हैंड देने के मूड में लग रहा है।

# विधानसभा चुनाव: योगी के लिए आसान नहीं राह

अजय कुमार

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को भी क्या सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ेगा, जैसा की किसी भी चुनाव में अमूमन सभी सरकारों को करना पड़ता है। चुनाव कोई भी हो,लेकिन प्रत्येक चुनाव में करीब 3-4 प्रतिशत ऐसे वोटर अवश्य निकल आते हैं जो सरकार के कामकाज से नाखुश होकर उसके खिलाफ वोटिंग करते हैं। इन्हीं तीन-चार फीसदी वोटरों की नाराजगी के चलते कई बार सरकारें बदल भी जाती हैं।

**यूपी में बीजेपी का कमजोर होने का मतलब केन्द्र में मोदी सरकार की भी ताकत का क्षीण होना तय है। इसी लिए पीएम मोदी भी यूपी विधान सभा चुनाव में पूरी ताकत झोंके हुए हैं। एक तरह से 2017 की तरह 2022 के विधान सभा चुनाव भी बीजेपी मोदी के चेहरे पर ही चुनाव की बिसात बिछा रही है।**

फिर यूपी का तो इतिहास ही रहा है कि यहां कोई भी पार्टी दोबारा सत्ता में नहीं आई है.बीजेपी चाहती है कि उसकी सत्ता में वापसी हो तो उसे यह मिथक भी तोड़ना होगा.आज की स्थिति यह है कि भले ही बीजेपी के नेता जीत के बड़े-बड़े दावें कर रहे हों, लेकिन अंदर खाने से यह नेता यह भी जान-समझ रहे हैं कि इस बार बीजेपी की राह बहुत ज्यादा आसान नहीं है। बीजेपी को चिंता इस बात की भी है कि कहीं हिन्दू वोट विभिन्न दलों के बीच बिखर नहीं जाए। क्योंकि इस बार सभी दल अकेले चुनाव लड़ रहे हैं, बीजेपी का सत्ता विरोधी लहर के अलावा भी दो-तीन प्रतिशत वोट अन्य दलों के खाते में चला गया तो बीजेपी को इसका बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ सकता है. वहीं बात मुस्लिम वोटों की कि जाए तो उसको लेकर यही संभावना व्यक्त की जा रही है कि वह एक मुश्त साइकिल की ही सवारी करेगा। ओवैसी यूपी में इतने ताकतवर नहीं दिख रहे हैं, फिर उसकी छवि बीजेपी की बी टीम वाली भी बन गई है, जिसे तोड़ना ओवैसी के लिए आसान नहीं लग रहा है। यूपी में बीजेपी की पतली हालात को देखते हुए ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और बीजेपी आलाकमान यूपी में एड़ी-चोटी का जोर लगाए हुए है। यूपी में बीजेपी का कमजोर होने का मतलब केन्द्र में मोदी सरकार की भी ताकत का क्षीण होना तय है। इसी लिए पीएम मोदी भी यूपी विधान सभा चुनाव में पूरी ताकत झोंके हुए हैं। एक तरह से 2017 की तरह 2022 के विधान सभा चुनाव भी बीजेपी मोदी के चेहरे पर ही चुनाव की बिसात बिछा रही है। बीजेपी के रणनीतिकारों को लगता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही उत्तर प्रदेश में सरकार विरोधी लहर की धार को कुंद कर सकते है। मोदी के साथ ही, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा,रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी पूरा यूपी मथने और योगी सरकार विरोधी लहर को ध्वस्त करने की रणनीति बनाने में लगे हैं। वहीं बीजेपी की प्रदेश इकाई की तरफ से भाजपा के प्रदेश



अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह अपने सहयोगी और पार्टी के संगठन मंत्री सुनील बंसल के साथ कड़ी मेहनत कर रहे हैं। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या पार्टी के पक्ष में पिछड़ों को लामबंद करने के साथ हिन्दुत्व की भी अलख जलाए हुए हैं। सभी को मोदी की लोकप्रियता के सहारे 2022 में सरकार बना लेने का भरोसा है। आज स्थिति यह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगे-आगे और मुख्यमंत्री योगी उनकी छाया बने हुए हैं। कुल मिलाकर भाजपा का थिंक टेंक मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में तो योगी को ही आगे किए हुए है, लेकिन जीत दिलाने का भरोसा उसे पीएम मोदी पर ही है। उधर, नेताओं को वोटरों की चुप्पी रास नहीं आ रही है तो बीजेपी के शीर्ष नेत्त्व को लग रहा है कि इस बार 2017 की तुलना में सामाजिक समीकरण काफी बदले हुए हैं। भाजपा की चिंता इस बात को भी लेकर है कि क्यों क्यों उसके विधायक और नेता पार्टी छोड़ते जा रहे हैं?

भाजपा की अंदरुनी रिपोर्ट भी बहुत संतोषजनक नहीं है। भाजपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती जातिगत समीकरण की तरफ बढ़ रहे चुनाव को साधने की है। दूसरी बड़ी चुनौती टिकट बंटवारे की है। सूत्र बताते हैं कि बीजेपी आलाकमान ने इस बार विधायकों के कामकाज के आधार पर करीब 40 फीसदी विधायकों के टिकट काटने का मन बना लिया है। तीसरा कारण जनता के बीच में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की छवि को बताया जा रहा है,योगी के सख्त तेवरों ने तमाम लोगों की सरकार से नाराजगी बढ़ा दी है तो एक बड़ा कारण यह भी है कि योगी राज में किसी भाजपा नेता या कार्यकर्ता का कोई काम नहीं होता था, क्योंकि इस पर योगी ने रोक लगा रखी थी, जबकि सपा राज में सपाई छाती ठोंक कर सरकारी अधिकारियों से काम करा लिया करते थे। पार्टी के रणनीतिकारों को उम्मीद थी कि जगह-जगह विकास को लोकर की जा रही घोषणाओं से भी वातावरण बदलेगा, लेकिन ऐसा ज्यादा देखने को हनीं मिल रहा है। गोरखपुर से लेकर गाजियाबाद तक एक संदेश भाजपा को परेशान कर रहा है। भाजपा के एक नेता का कहना है कि तीनों कृषि कानूनों पर प्रधानमंत्री की घोषणा के बाद पढ़े लिखे लोगों और किसानों में गलत संदेश गया है। यह भ्रम विपक्ष ने फैलाया है। लोग सवाल पूछ रहे हैं कि जब तीनों कानून सही थे तो वापस क्यों लिए गए? जरूर कुछ गड़बड़ थी। पश्चिमी उ.प्र. के कई जिलों में यह धारणा कुछ ज्यादा ही बन रही है। भाकियू के प्रवक्ता धर्मेन्द्र मलिक और उनकी टीम भी आग में घी डालने का काम रही है। वह गांव-गांव लोगों के बीच में जाकर इस सवाल को उठा रहे हैं। इसी प्रकार से लखीमपुर प्रकरण और उसमें केन्द्रीय राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी और उनके पुत्र की भूमिका भी बीजेपी नेताओं के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। केन्द्र सरकार भी इस मुद्दे पर असंवेदनशील हो जाती है। भाजपा के नेता भी नाम न छापने की शर्त पर मानते हैं कि टेनी को राहत देने से पार्टी को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। अखिलेश यादव की विजय रथ यात्रा के रणनीतिकार संजय लाठर कहते हैं कि भाजपा के पैर के नीचे से जमीन खिसक रही है।

भाजपा छोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल होने वाले विधायकों, नेताओं की संख्या देख लीजिए। लाठर कहते हैं कि राजनीति करने वाले जमीन पर बदल रही हवा को भांपकर ही अपना पाला भी बदलते हैं। उ.प्र. सरकार के एक और पूर्व मंत्री कहते हैं कि चुनाव आयोग द्वारा अधिसूचना तो घोषित होने दीजिए बीजेपी की परेशानी और भी बढ़ जाएगी। राजनीति के जानकार सवाल खड़ा कर रहे हैं कि ऐन चुनाव से पहले सपा प्रमुख अखिलेश यादव के करीबी 4 लोगों के यहां आयकर का छापा, रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के खिलाफ पुराने मामले को अब खोले जाने का आखिर क्या मतलब है?

राजनैतिक पंडित कहते हैं कि विपक्षी दलों की जनसभा में भीड़ का उमड़ना लोगों की नाराजगी को ही दर्शाता है। कांग्रेस की नेता प्रियंका गांधी और बसपा की भी जनसभा देख लीजिए। मायावती की जनसभा में तो भीड़ होती थी, लेकिन कांग्रेस की नेता की जनसभा में भी लोग बड़ी संख्या में जुट रहे हैं। वोटरों की नाराजगी के ताप को कम करने के लिए भाजपा ने सूबे के छह क्षेत्रों से छह रूट निर्धारित करके जन विश्वास यात्रा की शुरूआत की है। इसके माध्यम से बीजेपी का उत्तर प्रदेश की 403 विधान सीटों को साध लेने का उद्देश्य है। इसे भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह अपनी ऊर्जा दे रहे हैं। यात्रा का समापन लखनऊ में कराने की योजना है और इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संबोधित करेंगे। भाजपा के रणनीतिकारों को उम्मीद है कि यह 2017 में विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर की गई परिवर्तन यात्रा जैसा माहौल बनाएगी। जन विश्वास यात्रा में भाजपा ने प्रदेश की जनता तक उ.प्र. सरकार के कामकाज, केन्द्र सरकार की प्रदेश को सौगात और डबल इंजन की सरकार के कारण फलते-फूलते उ.प्र. का संदेश देने की योजना बनाई गई है। लब्बोलुआब यह है कि बीजेपी की सत्ता में भले ही वापसी हो जाए,लेकिन अबकी बार उसके लिए 300 का आकड़ा छूना आसान नहीं होगा.तमाम ऐसे छोटे-बड़े मुद्दे हैं जो बीजेपी के खिलाफ नजर आ रहे हैं।

# नेता कोई भी हो, सबके भाषणों से गायब हैं जनता के असल मुद्दे

**राजधानी में सियासी पार्टियों के जितने के भी मुख्यालय हैं वहां आजकल इसी की पाठशाला लगती है। सप्ताह में करीब दो बार प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश में चुनावी सभा करने पहुंच रहे हैं। वहां कुछ ऐसा बोलकर चले आते हैं जिससे माहौल एकाध दिनों तक चर्चाओं में रहता है।**

डॉ. रमेश ठाकुर

मुल्क में नए किस्म की सियासत यानी मुद्दाविहीन राजनीति का दौर चल पड़ा है जिसमें सियासी दलों को तो फायदा हो रहा है। पर इस चलन से आवाम का कितना नुकसान हो रहा है, ये राजनेता अंदाजा नहीं लगा सकते। दरअसल, जनहित की राजनीति में मुद्दा जहां महंगाई-रोजगार का होना चाहिए, वहां धर्म-समुदाय के नाम पर जनता को आपस में भिड़ाया जा रहा है। कमोवेश, मौजूदा समय के पांच राज्यों के चुनावी हुड़दंग में चकल्लस ऐसी ही मची हुई है। चुनावी मौसम को चुनावी हुड़दंग इसलिए कहा जाने लगा है क्योंकि आमजन के मुद्दों के जगह अब सिर्फ बिना वजह का शोर होता है। सियासी भाषणों से जमकर ड्रामा हो, उसकी पटकथा पहले ही लिखी जा चुकी होती है जिसका मुख्यालय दिल्ली है।

राजधानी में सियासी पार्टियों के जितने के भी मुख्यालय हैं वहां आजकल इसी की पाठशाला लगती है। सप्ताह में करीब दो बार प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश में चुनावी सभा करने पहुंच रहे हैं। वहां कुछ ऐसा बोलकर चले आते हैं जिससे माहौल एकाध दिनों तक चर्चाओं में रहता है। पिछले सप्ताह शाहजहांपुर में योगी को यूपी का उपयोगी बोल आए थे और उसके पिछले सप्ताह लाल टोपी बोलकर हंगामा कटवा दिया था। यूपी चुनाव में इस समय लाल टोपी, जालीदार टोपी, धर्म-धर्मांतरण, जिन्ना आदि के मसले ही तो गर्म हैं। दालों का रेट आसमान छू रहा है, ईंधन की कीमतें, रोजमर्रा की वस्तुएं आपे से बाहर हैं, बावजूइ इसके कोई राजनेता बोलने को राजी नहीं है। बहरहाल, चुनाव जैसे-जैसे अपने रंगत में आता जा रहा है, कोरोना भी जोर मारने लगा है। कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए केंद्र सरकार ने करीब दर्जन भर राज्यों में रात्रि कर्फ्यू लगाया है जिनमें ज्यादातर वो राज्य हैं जिनमें चुनाव नहीं हैं। सिर्फ उत्तर प्रदेश में रात्रि कर्फ्यू की घोषणा हुई है। कहीं भाजपा की जबरदस्त तैयारियों पर कोरोना पानी ना फेर दे। चुनाव कहीं वर्चुअल तरीके से ना कराने पड़ जाएं। दिल्ली में बीते एक सप्ताह से रोजाना कोरोना संक्रमण के केस बढ़ रहे हैं। दिल्ली ही क्या पूरे देश में यही हाल है। संक्रमणों और मरने वालों की संख्या में भी एकाएक बढ़ोतरी हुई है। कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रोन ने अपने शुरुआती चरण में ही हंगामा बरपा दिया है। इसलिए दिल्ली में मुख्य चुनाव आयोग के कार्यालय में सुगबुगाहट इस बात है कि शायद चुनाव आगे बढ़ाए जाएं, इसको लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त बीते दिनों उत्तराखंड के दौरे पर पहुंचे। पंजाब भी जाने वाले हैं और आज उत्तर प्रदेश गये हैं। जहां सभी जिलों के एसपी-डीएम के साथ बैठक करके स्थिति का जायजा लेंगे। चुनाव कराने के मुताबिक अगर उनसे फीडबैक अच्छा नहीं मिला तो कुछ महीनों के लिए चुनाव टाले भी जा सकते हैं। ऐसा



भी हो सकता है बिहार विधानसभा चुनाव की तरह प्रचार वर्चुअल कराने का निर्णय लिया जाए। कोरोना की स्थिति आगे क्या रहने वाली है, किसी को पता नहीं? चिकित्सकों में भी स्थिति स्पष्ट नहीं है। वो तीसरी लहर का अंदाजा अक्टूबर के आसपास लगा रहे थे। डब्ल्यूएचओ ने भी यही तुक्का मारा था, हालांकि उनका अनुमान पहली लहर में भी धराशायी हुआ था। लेकिन पिछली दोनों लहरों की टाइमिंग ठीक से देखें, तो दोनों का आगमन एक ही वक्त पर हुआ था। होली त्योहार के तुरंत बाद कोरोना ने एकदम जोर पकड़ा था। शुरुआत इन्हीं दिनों यानी दिसंबर-जनवरी से होनी आरंभ हुई थी, जो धीरे-धीरे बढ़ती गई। इस हिसाब से तो मार्च-अप्रैल के लिए हमें अभी से सतर्क होना चाहिए। केंद्र सरकार और राज्यों की हुकूमतों को अभी से कमर कस लेनी चाहिए। चिकित्सा तंत्र की उन दिनों परीक्षा होती है, उन्हें अपनी तैयारियों को अभी से दुरुस्त करना चाहिए। मौसम चुनावी है इसलिए उन राज्यों को सबसे ज्यादा गंभीर होना चाहिए, जहां चुनाव हैं। विशेषकर उत्तर प्रदेश को, जहां सियासी दलों की रैलियों में एक साथ लाखों लोगों जुट रहे हैं। क्योंकि ऐसी गलती हम पश्चिम बंगाल चुनाव में पहले कर चुके हैं। वहां बढ़ते कोरोना के बीच चुनाव संपन्न हुए थे।

चुनाव खत्म होते ही पाबंदियां लगा दी गई थीं, लेकिन तब तक संक्रमण बुरी तरह फैल चुका था। यही हाल इस वक्त यूपी में है, लेकिन इस बात की कोई परवाह नहीं कर रहा। बेशक, वहां रात्रि कर्फ्यू लगा दिया है जो कोरोना रोकने का विकल्प कतई नहीं हो सकता। स्थिति चाहे कैसी भी हो, चुनावी रैलियों में बड़े नेताओं को भीड़ चाहिए। भीड़ जुटाने का दबाव अब सिर्फ कार्यकर्ताओं के कंधों पर नहीं होता। जिले के पटवारी, तहसीलदार, लेखपाल, ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी लगाया जाता है। रैली से पूर्व गांव के बाहर बसों को तैनात किया जाता है, उन्हें खचाखच भरने की जिम्मेदारी इन सरकारी मुलाजिमों की ही होती है। ये बात तो काफी समय से तय हो चुकी है कि अब चुनावी रैलियों में जुटने वाली भीड़ वास्तविक नहीं होती, वह लालच देकर बुलाई जाती है। मतदाताओं को पैसे भी दिए जाते हैं, जिस जिले में रैली होती है भीड़ के लोग स्थानीय नहीं, बल्कि अन्य जिलों के होते हैं। बंगाल में इसको लेकर हंगामा भी कटा था। ममता बनर्जी सार्वजनिक रूप से भाजपा पर आरोप लगाती रहीं थीं कि उनकी रैलियों में दिखने वाले चेहरे बंगाली नहीं हैं बल्कि बहारी हैं। दरअसल, ये तस्वीरें गंदी सियासत की परिभाषा को बताने के लिए पर्याप्त हैं। साफ-सुधरी राजनीति के लिए राजनेताओं को इन हथकंड़ों से तौबा करनी चाहिए।

# धर्म-परिवर्तन विरोधी कानून शुद्ध प्रेम पर आधारित विवाहों के मार्ग की बाधा नहीं बनने चाहिए

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

**वास्तव में धर्म-परिवर्तन है क्या? यह वास्तव में धर्म-परिवर्तन के नाम पर ताकत का खेल है। इसका एक मात्र उद्देश्य अपने-अपने समुदाय का संख्या-बल बढ़ाना है। किसी भी लोकतांत्रिक देश में संख्या-बल के आधार पर ही सत्ता पर कब्जा होता है।**

कर्नाटक की विधानसभा ने धर्म-परिवर्तन विरोधी कानून पारित कर दिया है। भाजपा ने उसका समर्थन किया है और कांग्रेस ने उसका विरोध! इस तरह के कानून भाजपा-शासित कई अन्य राज्यों ने भी बना दिए हैं और कुछ अन्य बनाने जा रहे हैं। कर्नाटक के इस कानून के विरोध में कई ईसाई संगठनों ने बेंगलुरु में प्रदर्शन भी कर दिए हैं। कई मुस्लिम नेता भी इस कानून के विरोध में अपने बयान जारी कर चुके हैं। इस तरह के जितने भी कानून बने हैं, उनके कुछ प्रावधानों से किसी-किसी पर मतभेद तो जायज हो सकता है लेकिन भारत-जैसे देश में धर्म-परिवर्तन पर कुछ जरूरी प्रतिबंध अवश्य होने चाहिए। वास्तव में धर्म-परिवर्तन है क्या? यह वास्तव में धर्म-परिवर्तन के नाम पर ताकत का खेल है। इसका एक मात्र उद्देश्य अपने-अपने समुदाय का संख्या-बल बढ़ाना है। किसी भी लोकतांत्रिक देश में संख्या-बल के आधार पर ही सत्ता पर कब्जा होता है। सिर्फ सत्ता पर औपचारिक कब्जा ही



नहीं, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में भी अपना वर्चस्व कायम करने में मजहबी-संख्या की जबर्दस्त भूमिका होती है। जो लोग अन्य लोगों का धर्म-परिवर्तन करवाते हैं, उनसे कोई पूछे कि वे जिस धर्म के हैं, क्या वे उस धर्म का पालन अपने खुद के जीवन में ईमानदारी से करते रहे हैं ? यूरोप का इतिहास बताता है कि वहां एक हजार साल की अवधि को अंधकार युग माना जाता है, क्योंकि उस काल में पोप की सत्ता ही सर्वोपरि रहती थी। कर्नल इंगरसोल ने अपनी रचनाओं में पोपों और पादरियों के भ्रष्टाचार, दुराचार, व्यभिचार आदि की पोल खोलकर रख दी है। पादरियों के दुराचार की खबरें आज भी अमेरिका और यूरोप से आए दिन संसार को चमकाती रहती हैं। इसका अर्थ यह नहीं कि सभी पादरी या धर्मध्वजी भ्रष्ट होते हैं लेकिन यह कहने का अर्थ यही है कि धर्म की आड़ में पादरियों, मौलवियों, पंडितों, पुरोहितों, साधुओं और संन्यासियों ने सदियों से अपना ठगी का धंधा चला रखा है। सारे संगठित धर्म राजनीति से भी अधिक खतरनाक होते हैं, क्योंकि वे अंधश्रद्धा पर आधारित होते हैं। कोई भी व्यक्ति जब अपना धर्म-परिवर्तन करता है तो क्या वह वेद, त्रिपिटक, बाइबिल, जिंदावस्ता, कुरान या गुरु ग्रंथसाहिब पढ़कर और समझकर करता है? हम लोग जिस भी धर्म को मानते हैं, वह इसलिए मानते हैं कि हमारे माँ-बाप ने उसे हमें घुट्टी में पिला दिया था। यदि कोई व्यक्ति किसी भी धर्म, संप्रदाय, पंथ या विचारधारा को सोच-समझकर उसमें दीक्षित होना चाहता है तो उसे परमात्मा भी नहीं रोक सकता लेकिन जो व्यक्ति लालच, भय, प्रतिरोध, अज्ञान और ठगी के कारण धर्म-परिवर्तन करता है, उसे वैसा करने से जरूर रोका जाना चाहिए। इसीलिए ये धर्म-परिवर्तन विरोधी कानून बन रहे हैं लेकिन इन कानूनों को शुद्ध प्रेम पर आधारित अंतरजातीय विवाहों और तर्क पर आधारित धर्म-परिवर्तन के मार्ग की बाधा नहीं बनना चाहिए।

NCR समाचार

संपादकीय कार्यालय

जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-110062. सोमवार से शनिवार प्रातः 9:00 से सायं 9:00

फोन: 8888883968, 9811111715

## आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षो से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

## संक्षिप्त समाचार

### रिलायंस मौजूदा कर्ज चुकाने के लिए जुटाएगी पांच अरब डॉलर



**नई दिल्ली।** अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने शनिवार को कहा कि वह विदेशी मुद्रा आधारित बॉन्डों के जरिए पांच अरब अमेरिकी डॉलर तक जुटाएगी और मौजूदा उधारी चुकाने के लिए उसका इस्तेमाल करेगी। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि उसके बोर्ड की वित्त समिति ने शनिवार को अपनी बैठक में नियमित अंतराल में एक या अधिक किश्तों में वरिष्ठ असुरक्षित अमेरिकी डॉलर वाले निश्चित दर के पत्र जारी करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी, जिसकी कुल राशि पांच अरब डॉलर होगी। कंपनी ने कहा कि इन पत्रों को जारी करने से मिली आय का इस्तेमाल मुख्य रूप से मौजूदा उधारी को चुकाने के लिए किया जाएगा। यह बॉन्ड बिक्री किसी भारतीय कंपनी द्वारा इस तरह की सबसे बड़ी उधारी होगी। आरआईएल ने बॉन्ड के समय या कीमत के बारे में ब्योरा नहीं दिया, हालांकि अनुमान है कि 10 साल अवधि के कर्ज की पेशकश अमेरिकी ट्रेजरी मानक पर लगभग 110 से 130 आधार अंक पर, और 30 साल के कर्ज की पेशकश 130 से 140 आधार अंकों पर हो सकती है।

### अतुल कुमार गोयल ने संभाला पीएनबी के विशेष कार्याधिकारी का पद



**नई दिल्ली।** एक अतुल कुमार गोयल ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) का कार्यभार संभाल लिया है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ने शनिवार को यह जानकारी दी। गोयल अगले महीने से पीएनबी के नए प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) का पद संभालेंगे। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग द्वारा 28 दिसंबर, 2021 को जारी अधिसूचना के तहत गोयल ने एक जनवरी से बैंक के ओएसडी का पदभार संभाल लिया। शेयर बाजारों को दी गई जानकारी के अनुसार, गोयल एक फरवरी, 2022 से एस एस मल्लिकार्जुन राव के स्थान पर पीएनबी के प्रबंध निदेशक और सीईओ का पद संभालेंगे। राव 31 जनवरी, 2022 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

### अनुप्रिया पटेल, उपराज्यपाल ने लद्दाख की औद्योगिक विकास योजना को जल्द मंजूरी देने पर चर्चा की



**नई दिल्ली।** एक आधिकारिक प्रवक्ता के मुताबिक पटेल ने बताया कि वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय लद्दाख को निर्यात रणनीति विकसित करने में मदद करेगा। प्रवक्ता के अनुसार केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वह विभिन्न व्यापार संवर्धन परिषदों के कहेंगी कि वे लद्दाख की मदद करने के लिए आगे आएं। लेह) केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने शनिवार को यहां केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के उपराज्यपाल आर के माथुर से मुलाकात की और औद्योगिक विकास योजना (आईडीएस) को जल्द से जल्द मंजूरी देने पर चर्चा की। एक आधिकारिक प्रवक्ता के मुताबिक पटेल ने बताया कि वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय लद्दाख को निर्यात रणनीति विकसित करने में मदद करेगा। प्रवक्ता के अनुसार केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वह विभिन्न व्यापार संवर्धन परिषदों के कहेंगी कि वे लद्दाख की मदद करने के लिए आगे आएं। बैठक के दौरान स्पाइस बोर्ड जैसे विभिन्न बोर्डों की भागीदारी, सिडबी (भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक) के विस्तार कार्यालय की स्थापना, इंडिया ब्रांड इक्विटी फाउंडेशन (आईबीईएफ) के जरिए लद्दाख की ब्रांडिंग और अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेलों तथा प्रदर्शनियों में स्थानीय उद्यमियों की भागीदारी बढ़ाने पर भी चर्चा हुई।

### व्हाट्सऐप ने नवंबर 2021 में 17.5 लाख से अधिक भारतीय खातों को बंद किया: अनुपालन रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया कंपनी व्हाट्सऐप ने अपनी अनुपालन रिपोर्ट में कहा कि उसने नवंबर 2021 में 17.5 लाख से अधिक भारतीय खातों को बंद किया, जबकि इस दौरान उसे 602 शिकायतें मिलीं। अपनी ताजा रिपोर्ट में मैसेजिंग मंच ने कहा कि इस दौरान व्हाट्सऐप पर 17,59,000 भारतीय खातों को बंद किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय खातों की पहचान +91 फोन नंबर के जरिए की जाती है। व्हाट्सऐप के एक प्रवक्ता ने कहा, ''आईटी नियम 2021 के अनुसार हमने नवंबर महीने के लिए अपनी छठी मासिक रिपोर्ट प्रकाशित की है। इस उपयोगकर्ता-सुरक्षा रिपोर्ट में उपयोगकर्ताओं की शिकायतों का ब्यौरा और व्हाट्सऐप द्वारा की गई संबंधित कार्रवाई के साथ ही व्हाट्सऐप द्वारा खुद की गई कार्रवाइयां भी शामिल हैं।'' प्रवक्ता ने कहा कि व्हाट्सऐप ने नवंबर में 17.5 लाख से अधिक खातों पर प्रतिबंध लगा दिया। फेसबुक के स्वामित्व वाली कंपनी ने इससे पहले कहा था कि 95 प्रतिशत से अधिक प्रतिबंध स्वचालित या बल्क मैसेजिंग (स्पैम) के अनधिकृत उपयोग के कारण हैं।

## मारुति, हुंदै की बिक्री दिसंबर में हुई कम

# टाटा मोटर्स, महिंद्रा ने पकड़ी तेजी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** यात्री वाहन बाजार की प्रमुख कंपनियों.. मारुति सुजुकी और हुंदै की बिक्री दिसंबर, 2021 में नीचे आई है। वहीं दूसरी ओर टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) ने सेमीकंडक्टर की कमी के बावजूद इस दौरान थोक बिक्री में बढ़ोतरी दर्ज की है। अन्य वाहन विनिर्माताओं में निसान और स्कोडा की बिक्री दिसंबर, 2021 में बढ़ी, हालांकि होंडा कार्स इंडिया को गिरावट का सामना करना पड़ा।

मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की बिक्री दिसंबर, 2021 में चार प्रतिशत घटकर 1,53,149 वाहन रह गई। दिसंबर, 2020 में कंपनी ने 1,60,226 वाहन बेचे थे। दिसंबर, 2021 में घरेलू बाजार में कंपनी की बिक्री 13 प्रतिशत घटकर 1,30,869 इकाई रह गई, जो एक साल पहले समान महीने में 1,50,288 इकाई रही थी। कंपनी ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जों की कमी का माह के दौरान वाहनों के उत्पादन पर मामूली प्रभाव रहा। इस कमी से हालांकि घरेलू बाजार में बिकने वाले वाहनों का उत्पादन प्रभावित हुआ। हुंदै मोटर इंडिया ने उम्मीद जताई है कि 2022 में भी बिक्री में तेजी का दौर बना रहेगा और सेमीकंडक्टर की उपलब्धता में सुधार



**दिसंबर, 2020 में कंपनी ने 1,60,226 वाहन बेचे थे। दिसंबर, 2021 में घरेलू बाजार में कंपनी की बिक्री 13 प्रतिशत घटकर 1,30,869 इकाई रह गई, जो एक साल पहले समान महीने में 1,50,288 इकाई रही थी। कंपनी ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जों की कमी का माह के दौरान वाहनों के उत्पादन पर मामूली प्रभाव रहा।**

जैसे सकारात्मक कारकों से कारोबार को समर्थन मिलेगा। देश की दूसरी सबसे बड़ी यात्री वाहन विनिर्माता ने बताया कि 2020 की तुलना में बीते साल उसकी कुल थोक बिक्री में वृद्धि हुई। हालांकि, दिसंबर माह में कंपनी की बिक्री घटी है। हुंदै मोटर इंडिया के निदेशक (बिक्री, विपणन एवं सर्विस) तरुण गर्ग नेबताया, ''हम 2022 में सतर्क आशावाद के साथ प्रवेश कर रहे हैं। आने वाले वक्त में नकारात्मक बातों के मुकाबले सकारात्मक बातें अधिक हैं और हमें बेहतर साल की उम्मीद है। बीते साल कंपनी की कुल बिक्री 21.6 प्रतिशत बढ़कर 6,35,413 इकाई पर पहुंच गई, जो 2020 में 5,22,542 इकाई रही थी। बीते साल घरेलू बाजार में कंपनी की बिक्री 19.2 प्रतिशत बढ़कर 5,05,033 इकाई रही, जो 2020 में 4,23,642 इकाई रही थी। हालांकि, दिसंबर, 2021 में कंपनी की कुल बिक्री 26.6 प्रतिशत घटकर 48,933 इकाई रह गई, जो दिसंबर, 2020 में 66,750 इकाई रही थी। दिसंबर में घरेलू बाजार में कंपनी की बिक्री 31.8 प्रतिशत घटकर 32,312 इकाई रह गई। दिसंबर, 2020 में यह 47,400 वाहन रही थी। टाटा मोटर्स की दिसंबर, 2021 में यात्री वाहनों की कुल बिक्री 50 प्रतिशत बढ़कर 35,299 इकाई हो गई। टाटा मोटर्स ने शेयर बाजार को बताया कि कंपनी ने एक साल पहले इसी महीने में कुल 23,545 इकाइयां बेची थीं। कंपनी ने कहा कि दिसंबर, 2021 को समाप्त तीसरी तिमाही के दौरान उसकी कुल यात्री वाहनों की बिक्री 99,002 इकाई रही, जो पिछले साल की समान अवधि में 68,806 इकाई थी। इस तरह इसमें 44 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

टाटा मोटर्स के अध्यक्ष (यात्री वाहन कारोबार इकाई) शैलेश चंद्र ने कहा कि टाटा मोटर्स के यात्री वाहनों की वृद्धि यात्रा जारी है और सेमीकंडक्टर संकट के बावजूद समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कई नए मील के पत्थर बने। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने बताया कि दिसंबर, 2021 में उसकी कुल बिक्री 11 प्रतिशत बढ़कर 39,157 इकाई हो गई। कंपनी ने कहा कि दिसंबर, 2020 में उसकी बिक्री 35,187 इकाई थी। कंपनी ने बताया कि घरेलू बाजार में उसके यात्री वाहनों की बिक्री पिछले महीने 10 प्रतिशत बढ़कर 17,722 इकाई हो गई, जो दिसंबर, 2020 में 16,182 इकाई थी। वाणिज्यिक वाहन खंड में दिसंबर, 2021 के दौरान बिक्री 18,418 इकाई रही, जो दिसंबर, 2020 में 16,795 इकाई थी। इस तरह इसमें 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

# फ्यूचर रिटेल नियत समय पर नहीं चुका पाई बैंकों के 3,494.56 करोड़

**जिसके तहत उसे 31 दिसंबर 2021 को या उससे पहले 3,494.56 करोड़ रुपये चुकाने थे। फ्यूचर रिटेल ने शेयर बाजार को बताया कि समूह मौजूदा स्थिति को हल करने के लिए बैंकों के निर्देशों के अनुसार अगले 30 दिनों के भीतर निर्दिष्ट व्यवसाय के मौद्रीकरण को पूरा करने के लिए सहयोग करेगी।**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** फ्यूचर रिटेल ने शनिवार को कहा कि वह बैंकों और ऋणदाताओं को 3,494.56 करोड़ रुपये का भुगतान नियत तारीख पर करने से चूक गई है, क्योंकि वह अमेजन के साथ चल रहे मुकदमों के कारण अपनी संपत्ति बेच नहीं सकी। फ्यूचर रिटेल ने पिछले साल बैंकों और ऋणदाताओं के एक समूह के साथ एकमुश्त पुनर्गठन (ओटीआर) योजना में प्रवेश किया था, जिसके तहत उसे 31 दिसंबर 2021 को या उससे पहले 3,494.56 करोड़ रुपये चुकाने थे। फ्यूचर रिटेल ने शेयर बाजार को बताया कि समूह मौजूदा स्थिति को हल करने के लिए बैंकों के निर्देशों के अनुसार अगले 30 दिनों के भीतर निर्दिष्ट व्यवसाय के मौद्रीकरण को पूरा करने के लिए सहयोग करेगी। कंपनी ने बताया, अमेजन डॉट कॉम एनवी इंवेस्टमेंट होल्डिंग्स एलएलसी के साथ चल रहे मुकदमों के कारण, कंपनी तय तारीख पर बैंकों / ऋणदाताओं की पूर्वोक्त देनदारियों को चुकाने के लिए, ओटीआर योजना में अपेक्षित निर्दिष्ट व्यवसाय के मौद्रीकरण को पूरा नहीं कर सकी। फ्यूचर रिटेल लिमिटेड को कर्ज देने वाले संस्थानों से कंपनी को अप्रैल में मौजूदा वित्तीय ऋण के पुनर्गठन योजना को मंजूरी मिल गई थी। यह मंजूरी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की कोविड संबंधित दबाव के चलते लाई गई समाधान व्यवस्था के तहत दी गई थी। कंपनी के अनुसार समाधान योजना के तहत एफआरएल द्वारा गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्रों के जरिये जुटाए गए ऋण भी मौजूदा कर्ज का हिस्सा होगा और उसे भी पुनर्गठित करने का प्रस्ताव था।

# केंद्रीय कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन स्कीम का मिल सकता है लाभ, सरकार कर रही है विचार

**दरअसल केंद्र सरकार बात पर विचार कर रही है कि, कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना उन्हें दी जाए। योजना का लाभ उन कर्मचारियों को होगा,जिन सरकारी कर्मचारियों की भर्ती के लिए विज्ञापन 31 दिसंबर 2003 से पहले जारी किए गए थे।**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कर्मचारी लंबे वक्त से मोदी सरकार से ओल्ड पेंशन स्कीम की डिमांड कर रहे थे। अब केंद्रीय कर्मचारियों के लिए खुशखबरी आई है, उन्हें अब ओल्ड पेंशन स्कीम का लाभ मिल सकता है। केंद्र सरकार कर्मचारियों की इस मांग पर विचार कर रही है। केंद्र सरकार द्वारा ओल्ड पेंशन स्कीम को लेकर कानून मंत्रालय से मशवरा मांगा गया है। कानून मंत्रालय इस पर क्या जवाब देता है उसका इंतजार है। दरअसल केंद्र सरकार बात पर विचार कर रही है कि, कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना उन्हें दी जाए। योजना का लाभ उन कर्मचारियों को होगा,जिन सरकारी कर्मचारियों की भर्ती के लिए विज्ञापन 31 दिसंबर 2003 से पहले जारी किए गए थे। कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय में राज्यमंत्री डॉ जितेंद्र



सिंह ने बताया कि, इस मुद्दे पर फैसला तभी होगा जब कानून मंत्रालय की ओर से जवाब आ जाएगा। केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने संसद में जानकारी दी थी कि, सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद केंद्र सरकार ने मामले को कानून मंत्रालय को सौंप दिया था। वित्त सेवा विभाग पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग उन कर्मचारियों को एनपीएस से बाहर करने का फैसला ले सकता है, जिन की भर्ती के लिए विज्ञापन 1 जनवरी 2004 उससे पहले जारी किया गया था। उन्हें पुरानी पेंशन योजना के तहत कवर किया जा सकता है। आपको बता दें कि, संसद में केंद्रीय राज्यमंत्री से यह सवाल पूछा गया था कि, क्या पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग और कानून मंत्रालय ने उच्चतम न्यायालय के फैसले को ध्यान में रखते हुए, उन कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना में शामिल करने का विचार कर रहा है, जिनकी भर्ती के लिए विज्ञापन 31 दिसंबर 2003 या उससे पहले जारी किए गए थे। आपकी जानकारी के लिए, बता दें, संसद में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि, सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स को पुरानी पेंशन स्कीम का फायदा नहीं मिलेगा। उन्होंने बताया कि 1972 के सेंट्रल सिविल सर्विस एज पेंशन रूल्स के तहत पैरामिलिट्री स्टाफ को पेंशन और दूसरी सुविधाएं मिल रही हैं। राज्य स्तर पर ओल्ड पेंशन स्कीम को लेकर आंदोलन किए जा रहे हैं। क्योंकि नई पेंशन स्कीम के तहत कर्मचारियों को बहुत कम फायदे मिलते हैं। आपको बता दें कि, 2010 के बाद सरकार ने नई पेंशन योजना के तहत कर्मचारियों की नियुक्ति की है।

# 5G को लेकर इंतजार की घड़ियां हुए खत्म

## अगले साल कई शहरों में शुरू हो जाएगी 5G की सेवा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश में 4G आने के बाद से ही 5जी की चर्चा शुरू हो गई थी। और लोग इंतजार कर रहे थे कि देश में 5G कब आएगा। सोचिए 4G आने के बाद देश में डिजिटली इतने बदलाव हुए तो 5G आने के बाद डिजिटल की दुनिया में किस तरह की क्रांति हो सकती है। 5G आने के बाद डिजिटल की दुनिया में कई तरह के बदलाव देखने को मिल सकते हैं। फिलहाल अभी देश में 4G नेटवर्क उपलब्ध है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि, दूरसंचार विभाग (DOt) ने सोमवार को एक स्टेटमेंट दिया। अपने ऑफिशियल स्टेटमेंट में दूरसंचार विभाग ने बताया कि, गुरुग्राम, बेंगलुरु, कोलकाता, मुंबई, दिल्ली, अहमदाबाद, हैदराबाद और पुणे सहित मेट्रो और बड़े शहर अगले वर्ष से 5जी सेवाएं प्राप्त करने वाले पहले राज्य होंगे।

आपको बता दें कि, मार्च-अप्रैल 2022 में सरकार 5G के लिए स्पेक्ट्रम नीलामी आयोजित करवाने का प्लान बना रही है। बीते सितंबर महीने में DOT ने टेलीकॉम सेक्टर की रेगुलेटर ट्राई (TRAI) से स्पेक्ट्रम की नीलामी, रिजर्व प्राइज, बैंड प्लान, ब्लॉक साइज, कस्टम ऑफ स्पेक्ट्रम से संबंधित सिफारिशें मांगी थी। TRAI ने भी इस मुद्दे पर इंडस्ट्री के कंसलटेंट के साथ विचार विमर्श करना शुरू कर दिया है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि, देश में पिछले 2 साल से 5G की टेस्टिंग की जा रही है। लोग भी इसका काफी वक्त से इंतजार कर रहे हैं। सूचना है कि मई 2022 तक 5G की टेस्टिंग पूरी होने की संभावना है। हालांकि 5G कमर्शियल लॉन्च को लेकर अभी कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट या सूचना नहीं आई है। टेलीकॉम ऑपरेटर भारती एयरटेल, रिलायंस जिओ और वोडाफोन आइडिया ने गुरुग्राम, बैंगलोर, कोलकाता, मुंबई, चंडीगढ़, दिल्ली, जामनगर, हैदराबाद, अहमदाबाद, लखनऊ, पुणे, गांधीनगर और चेन्नई में अपनी 5G टेस्ट साइट स्थापित की हैं। देश की डिजिटल क्रांति में 4G ने मोबाइल समेत डिजिटल की दुनिया को बदलने में अपना किरदार अदा किया है। लेकिन 5G को लेकर अनुमान लगाया जा रहा है कि, इसकी रफ्तार 4G से भी 10 गुना ज्यादा तेज होगी। 5G के लॉन्च होने के बाद डिजिटल क्रांति को एक नया आयाम मिलेगा।

### सहारा समूह ने नहीं दी है अभी तक पूरी रकम: सेबी प्रमुख

**मुंबई।** बाजार नियामक सेबी ने मंगलवार को यह साफ किया कि सहारा समूह ने उच्चतम न्यायालय के वर्ष 2012 के फैसले के अनुरूप अब तक पूरी रकम नहीं जमा की है। उसे 25,781 करोड़ रुपये जमा करने हैं लेकिन अब तक उसने करीब 15,000 करोड़ रुपये ही जमा किए हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन अजय त्यागी ने संवाददाताओं से कहा कि सेबी सहारा के मामले में सिर्फ उच्चतम न्यायालय के आदेश का पालन कर रहा है और कंपनी को निर्धारित रकम पूरी तरह जमा करना बाकी है। त्यागी ने कहा, उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुरूप निर्धारित राशि को वसूलना है और उसे सेबी के पास जमा करना है। उसके बाद ही हम तय कर सकते हैं कि उस राशि का क्या करना है? हम सिर्फ न्यायालय के आदेश का पालन कर रहे हैं। इससे पहले आई एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया कि सेबी सहारा समूह के बांडधारकों की 23,191 करोड़ रुपये की राशि रखे हुए है जो कि एक एस्क्रो खाते में जमा है।

कानून | जान लीजिए इनकम टैक्स के ये रूल्स

# यहां कैश का कम करें उपयोग, आ सकता है आयकर विभाग का नोटिस!

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अगर आप 1 साल में 1 या उससे अधिक खातों में 10,00,000 रुपये या उससे ज्यादा पैसे जमा करते हैं तो, इनकम टैक्स आपसे आपके पैसों के स्रोत के बारे में सवाल पूछ सकता है।

इनकम टैक्स कैश के लेनदेन को लेकर इन दिनों काफी सतर्क हो गया है। बीते कुछ सालों से आयकर विभाग ने बैंक, म्यूच्यूअल फंड, हाउस ब्रोकर प्लेटफार्म जैसे निवेश के अलग-अलग प्लेटफार्म पर जनता के लिए नगद लेनदेन के नियमों में काफ़ी कड़ाई की है। बहुत सारे ऐसे लेनदेन होते हैं जिस पर इनकम टैक्स की नजर रहती है। जिनमें बैंक, म्यूच्यूअल फंड, ब्रोकरेज हाउस और प्रॉपर्टी रजिस्ट्रार के पास आप अगर लेन-देन करते हैं तो इसकी



जानकारी आपको आयकर विभाग को देनी होती है। इस खबर में हम आपको बताएंगे कि, कौन से वह 5 तरह के लेन देन है जो आपको परेशानी में डाल सकते हैं। ऐसे लेनदेन करते वक्त आपको आयकर विभाग का डर होना चाहिए।

**बैंक एफडी**

अगर आप अपने बैंक एफडी में 1 साल के अंदर एक से ज्यादा बार एफडी में 10 लाख से ज्यादा जमा करते हैं तो, आपसे इनकम टैक्स आपके पैसे के सोर्स के बारे में जानकारी मांग सकता है। एफडी में अगर आप पैसे जमा करना चाहते हैं तो, ऑनलाइन या फिर चेक के माध्यम से ही पैसे जमा करें।

**बैंक सेविंग अकाउंट**

**इनकम टैक्स कैश के लेनदेन को लेकर इन दिनों काफी सतर्क हो गया है। बीते कुछ सालों से आयकर विभाग ने बैंक, म्यूच्यूअल फंड, हाउस ब्रोकर प्लेटफार्म जैसे निवेश के अलग-अलग प्लेटफार्म पर जनता के लिए नगद लेनदेन के नियमों में काफ़ी कड़ाई की है। बहुत सारे ऐसे लेनदेन होते हैं जिस पर इनकम टैक्स की नजर रहती है।**

अगर आप 1 साल में 1 या उससे अधिक खातों में 10,00,000 रुपये या उससे ज्यादा पैसे जमा करते हैं तो, इनकम टैक्स आपसे आपके पैसों के स्रोत के बारे में सवाल पूछ सकता है।

**क्रेडिट कार्ड का भुगतान**

हम सभी क्रेडिट कार्ड रखते हैं, और समय पर उसके बिल का भुगतान भी करते हैं। लेकिन अगर आप एक लाख से ऊपर क्रेडिट कार्ड का बिल नगद में जमा करते हैं तो इनकम टैक्स के सवालों के लिए, तैयार हो जाइए, दूसरी तरफ अगर आप 1 साल में 10,00,000 रुपये से ज्यादा क्रेडिट कार्ड के बिल को कैश में जमा करते हैं तो आयकर विभाग आपसे आपके पैसों का सोर्स बताने के लिए कहेगा, और आपको जानकारी देनी होगी।

**प्रॉपर्टी में लेनदेन**

अगर आप प्रॉपर्टी रजिस्टर से नगद में कोई लेन-देन करते हैं तो उसकी सूचना भी आयकर विभाग को दी जाती है। अगर आप प्रॉपर्टी रजिस्टर से 30 लाख के ऊपर की कोई प्रॉपर्टी कैश में खरीदते या बेचते हैं, तो उसकी सूचना प्रॉपर्टी रजिस्ट्रार की ओर से इनकम टैक्स विभाग को दी जाती है।

**शेयर, म्यूच्यूअल फंड और बॉन्ड की खरीद पर**

अगर आप शेयर, म्यूच्यूअल फंड, डिबेंचर या बॉन्ड आदि खरीदने की योजना बना रहे हैं, ध्यान रखिए इसमें एक वित्त वर्ष में आप 10 लाख से अधिक का लेन-देन नहीं कर सकते। अगर आप इससे ज्यादा का कैश में लेन देन करते हैं तो, आपको परेशानी उठानी पड़ सकती है। अगर आप की प्लानिंग इनमें से किसी जगह निवेश करने की है तो ध्यान रखिये आप बड़ी मात्रा में कैश का उपयोग नहीं कर सकते।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका के पूर्व सांसद एवं नेवादा से सबसे लंबे समय तक कांग्रेस के सदस्य रहे हैरी रीड का निधन




**लास वेगास (अमेरिका)।** अमेरिका के पूर्व सांसद एवं नेवादा से सबसे लंबे समय तक कांग्रेस के सदस्य रहे हैरी रीड का निधन हो गया। वह 82 वर्ष के थे। पूर्व सांसद की पत्नी लैंड्रा रीड ने एक बयान में कहा, हैरी ने मंगलवार को अंतिम सांस ली, उस वक्त परिवार से सभी सदस्य मौजूद थे। वह पिछले चार साल से अग्न्याशय कैंसर से पीड़ित थे। उन्होंने कहा, हैरी एक समर्पित पारिवारिक व्यक्ति और निष्ठावान दोस्त थे। हम पिछले कुछ वर्षों में इतने सारे लोगों से मिले समर्थन की सराहना करते हैं। हम उन चिकित्सकों और नर्स के भी आभारी हैं, जिन्होंने हैरी का ध्यान रखा। लैंड्रा ने बताया कि हैरी के अंतिम संस्कार से जुड़ी जानकारी आने वाले दिनों में साझा की जाएगी। वाशिंगटन में 34 साल के करियर में, पूर्व राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश और बराक ओबामा के कार्यकाल में हैरी ने अहम भूमिकाएं निभाई। हैरी ने एक हादसे में एक आंख की रोशनी खोने के बाद 2016 में राजनीति को अलविदा कह दिया था। हैरी को मई 2018 में अग्न्याशय का कैंसर हो गया था और तभी से उनका इलाज चल रहा था।

### अमेरिका के मिसीसिपी में नये साल के मौके पर हुई पार्टी में गोलीबारी, तीन मरे, चार घायल

**गल्फपोर्ट|** मिसिसिपी में नये साल के मौके पर हुई पार्टी में कई लोगों द्वारा गोलीबारी करने के बाद तीन लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, गल्फपोर्ट नव वर्ष पार्टी शुरू होने के बाद हुई झड़प में लोगों ने गोलीबारी शुरू कर दी ।इस संबंध में अभी किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। हैरिसन काउंटी के कोरोनर ब्रायन स्विट्जर ने मीडिया को बताया कि मारे गए तीन लोगों की पहचान डी इबरविल के 23 वर्षीय कोरी डुबोस, गल्फपोर्ट के 28 वर्षीय सेड्रिक मैककॉर्ड और बे सेंट लुइस के 22 वर्षीय ऑब्रे लुईस के रूप में हुई है। प्रशासन के अनुसार एक घायल की हालत नाजुक है, वैसे उसका नाम नहीं बताया गया है।

### फ्रांस में संक्रमण के बढ़ते मामलों के बीच छह साल के बच्चों के लिए मास्क अनिवार्य

सरकार मास्क पहनने के लिए बच्चों की उम्र 11 साल से घटाकर छह साल करके स्कूलों को बंद करने से बचने की कोशिश कर रही है। फ्रांस में सोमवार से कक्षाएं फिर से शुरू होंगी और छोटे बच्चों को सार्वजनिक परिवहन, खेल परिसरों और पूजा स्थलों में मास्क पहनना होगा।

**पेरिस|** फ्रांस में कोविड-19 के मामलों में तेज बढ़ोतरी के बीच अधिकारियों ने शनिवार को घोषणा की कि छह साल और उससे अधिक उम्र के बच्चों को बंद सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनना होगा। फ्रांस में लगातार चौथे दिन कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन से संक्रमण के 200,000 से अधिक नए मामले सामने आए हैं। सरकार मास्क पहनने के लिए बच्चों की उम्र 11 साल से घटाकर छह साल करके स्कूलों को बंद करने से बचने की कोशिश कर रही है। फ्रांस में सोमवार से कक्षाएं फिर से शुरू होंगी और छोटे बच्चों को सार्वजनिक परिवहन, खेल परिसरों और पूजा स्थलों में मास्क पहनना होगा। मास्क पहनना अनिवार्य करने संबंधी यह आदेश पेरिस और ल्योन जैसे शहरों तक बढ़ा दिया गया है। यहां हाल में घर से बाहर निकलने पर मास्क पहनना अनिवार्य किया गया है। नए साल के पहले दिन फ्रांस में संक्रमण के 219,126 नए मामले सामने आए, जो 2021 के अंतिम दिन 232,200 के दैनिक मामलों से थोड़ा कम है।

### उत्तरी पाकिस्तान में 5.3 की तीव्रता के भूकंप के झटके

**इस्लामाबाद|** पाकिस्तान के उत्तरी हिस्से स्थित खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कुछ इलाकों में शनिवार को 5.3 की तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किये गए। भूकंप के झटके प्रांत की राजधानी पेशावर में भी महसूस किये गए जिससे निवासियों में दहशत उत्पन्न हो गई। भूकंप शाम लगभग सवा छह बजे आया और इसका केंद्र अफगानिस्तान-ताजिकिस्तान सीमा से लगे इलाके में जमीन से 180 किलोमीटर नीचे स्थित था। पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार भूकंप के झटके स्वात घाटी, पेशावर, लोअर दीर, स्वाबी, नौशेरा, चित्राल, मर्दन, बाजौर, मलकंद, पब्बी, अकोरा, इस्लामाबाद और इसके आसपास के इलाकों में महसूस किए गए। 'डॉन' अखबार की खबर के अनुसार, बड़ी संख्या में निवासी दहशत में सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए अपने घरों से बाहर निकल आए। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, अभी तक किसी तरह के जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। पिछले साल 24 दिसंबर को स्वात और खैबर पख्तूनख्वा के अन्य इलाकों में 4.2 तीव्रता का भूकंप आया था।

### पाकिस्तान का चीन के साथ सहयोग के तीन दशक पूरे, परियोजना को मिली मंजूरी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अपने मित्र देश चीन के साथ सहयोग के तीन दशक पूरे होने के अवसर पर चीनी सहायता प्राप्त कराची परमाणु ऊर्जा संयंत्र में ईंधन डालने का काम पूरा कर लिया है। यहां शनिवार को जारी एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। सरकारी 'एसोसिएटेड प्रेस ऑफ पाकिस्तान (एपीपी) ने बताया कि पाकिस्तान परमाणु नियामक प्राधिकरण (पीएनआरए) से औपचारिक मंजूरी मिल जाने के बाद पाकिस्तानी प्राधिकारियों ने शुक्रवार को 1,100 मेगावॉट के परमाणु संयंत्र में ईंधन डालने की प्रक्रिया पूरी कर ली है। उसने बताया कि ''परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण इस्तेमाल के क्षेत्र में चीन और पाकिस्तान के बीच सहयोग के तीन दशक पूरे होने'' और के-3 के नाम से जाने जाने वाले कराची परमाणु ऊर्जा संयंत्र इकाई-तीन में ईंधन डालने का काम पूरा होने के अवसर पर आयोजित समारोह में दोनों देशों के परमाणु ऊर्जा संबंधी संगठनों के शीर्ष अधिकारी शामिल हुए। रिपोर्ट में कहा गया है कि के-3 चालू होने के अंतिम चरण में है और परिचालन एवं सुरक्षा संबंधी जांच के बाद मार्च 2022 के अंत तक संयंत्र का वाणिज्यिक संचालन शुरू होने की संभावना है।

# डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने ओमीक्रोन संक्रमण के मामलों की 'सुनामी' आने की आशंका जताई

## उम्मीद जताई कि दुनिया अगले साल में इस महामारी को पछाड़ देगी

एजेंसी

**बर्लिन।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रमुख ने बुधवार को कहा कि वह कोविड-19 के ओमीक्रोन और डेल्टा स्वरूपों के मिलने से संक्रमण के मामलों की 'सुनामी' आने की आशंका को लेकर चिंतित है, लेकिन उम्मीद जताई कि दुनिया अगले साल में इस महामारी को पछाड़ देगी।



कोरोना वायरस सबसे पहले सामने आने के लगभग दो साल बाद संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य एजेंसी के शीर्ष अधिकारियों ने आगाह किया कि वायरस के सबसे नये स्वरूप ओमीक्रोन से हल्के-फुल्के लक्षण वाला संक्रमण होने की ओर इशारा करने वाले शुरुआती आंकड़ों को पूरी तरह मान लेना अभी जल्दबाजी होगी। दक्षिण अफ्रीका में पिछले महीने सबसे पहले सामने आये वायरस के इस स्वरूप का संक्रमण अमेरिका और यूरोप के हिस्सों में फैलता जा रहा है। डब्ल्यूएचओ के 194 सदस्य देशों में से 92 देश इस साल के अंत तक अपनी 40 प्रतिशत आबादी का टीकाकरण कराने के लक्ष्य को पूरा नहीं कर पाये हैं जिसके बाद इसके महानिदेशक टेड्रस अधनम घेब्रेयेसस ने सभी से नये साल पर यह संकल्प लेने का आग्रह किया है कि जुलाई की शुरुआत तक देशों की 70 प्रतिशत जनसंख्या के टीकाकरण के अभियान का समर्थन करें। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में पिछले सप्ताह सामने आये कोविड-19 के मामलों की संख्या उससे पहले के सप्ताह की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक हो गयी और अमेरिका महाद्वीपीय देशों में सर्वाधिक बढ़ोतरी देखी गयी है।

संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य एजेंसी ने मंगलवार को जारी अपनी साप्ताहिक महामारी संबंधी रिपोर्ट में कहा कि 20 से 26 दिसंबर के बीच दुनियाभर में करीब 49.9 लाख नये मामले सामने आये। इनमें से आधे से अधिक मामले यूरोप में आये। हालांकि यूरोप के मामलों में एक सप्ताह से पहले की तुलना में केवल तीन प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गयी। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि अमेरिका महाद्वीपीय क्षेत्र में नये मामले 39 प्रतिशत बढ़कर करीब 14.8 लाख हो गये। अकेले अमेरिका में 34 प्रतिशत वृद्धि के साथ 11.8 लाख से अधिक मामले हो गये।

अफ्रीका में नये मामलों में 7 प्रतिशत बढ़ोतरी के साथ संक्रमितों की संख्या करीब 2,75,000 हो गयी। उसने कहा, ''नये स्वरूप ओमीक्रोन से संबंधित जोखिम बहुत ज्यादा बना हुआ है।''टेड्रस ने एक ऑनलाइन पत्रकार वार्ता में कहा, ''मुझे इस बात की बहुत चिंता है कि डेल्टा के प्रकोप के दौरान ही ओमीक्रोन का अधिक संक्रामक होना मामलों की सुनामी लाने की आशंका दर्शाता है।''उन्होंने कहा कि इससे पहले ही थक चुके स्वास्थ्य कर्मियों और स्वास्थ्य प्रणाली पर अत्यधिक बोझ पड़ेगा।

# आईएसआई प्रमुख अंजुम ने मीडिया को उनकी तस्वीर, वीडियो जारी नहीं करने का निर्देश दिया

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलीजेंस (आईएसआई) के नवनियुक्त प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल नदीम अंजुम ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे मीडिया को उनकी तस्वीरें या वीडियो फुटेज जारी नहीं करें। मीडिया की एक खबर में बुधवार को यह कहा गया। पाकिस्तान के असैन्य और सैन्य नेतृत्व के बीच लंबे गतिरोध के बाद पिछले महीने अंजुम को आईएसआई का महानिदेशक बनाया गया था।

अंजुम ने लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद की जगह ली। इस साल अगस्त में अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता पर काबिज होने के बाद काबुल में एक रिपोर्टर के साथ हमीद की बातचीत का एक वीडियो सामने आया था। पाकिस्तान की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति ने सोमवार को देश की पहली राष्ट्रीय सुरक्षा नीति को मंजूरी दी थी। उच्च स्तरीय बैठक में आईएसआई के महानिदेशक भी शामिल हुए। अखबार



'द न्यूज इंटरनेशनल' की खबर के मुताबिक पाकिस्तान सरकार द्वारा बैठक की जारी तस्वीरों और वीडियो-रिकॉर्डिंग में आईएसआई प्रमुख को छोड़कर अन्य सभी शीर्ष गणमान्य व्यक्ति नजर आए। एक संघीय मंत्री ने अखबार को बताया कि आईएसआई प्रमुख ने सरकारी अधिकारियों को निर्देश दिया था कि उनकी किसी भी बैठक में शामिल होने वाली तस्वीरें या वीडियो फुटेज जारी नहीं करें। खबर में कहा गया है कि यही वजह है कि अंजुम की नियुक्ति के बाद से मीडिया में उनकी कोई तस्वीर उपलब्ध नहीं है। पाकिस्तान के पूर्व अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) अमजद शोएब के अनुसार, खुफिया सेवाओं का मूल सिद्धांत मीडिया की चकाचौंध से दूर रहना और चुपचाप काम करना है।

## कंगाल पाकिस्तान ने अपने 'मालिक' को ही दिखाई आंखें

# कुरैशी ने सऊदी के राजदूत के सामने दिखाई अशिष्टता

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पैसे-पैसे को मोहताज पाकिस्तान अपने मुल्क की मुफलिसी दूर करने के लिए सऊदी अरब की रहम पर टिका है। लेकिन अब पाकिस्तान अपने आका को ही आंखे दिखाने लग गया है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी द्वारा इस्लामाबाद में सऊदी राजदूत नवाफ बिन सईद अल-मल्की के साथ मुलाकात के दौरान अपमानजनक व्यवहार करने की वजह से लिए सोशल मीडिया पर फटकार लगाई गई। पाकिस्तान में सऊदी दूतावास के अनुसार दोनों देशों के मंत्रियों ने क्षेत्र में वर्तमान घटनाओं पर चर्चा करने और द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में बैठक की।

लेकिन मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस दौरान कुरैशी अपना एक पैर दूसरे पैर पर चढ़ाकर बैठे हुए थे और उनका पैर (जूते सहित) सऊदी राजदूत की ओर था, जिस पर कई सऊदी लोगों ने अपनी आपत्ति जताई है। ट्विटर और अन्य प्लेटफॉर्म पर सोशल मीडिया यूजर्स ने कुरैशी के इस अभद्र व्यवहार पर गुस्से में प्रतिक्रिया दी। सऊदी जनता ने इस बैठक को अलग तरीके से लिया है। एक यूजर ने कॉमेंट किया, 'पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने सऊदी विदेश मंत्री का बहुत ही गलत तरीके से स्वागत किया है। एक अन्य सऊदी ट्विटर यूजर ने कहा, 'सच कहूं, अगर मैं सऊदी राजदूत होता, तो मैं बैठक छोड़कर चला जाता।' ऐसा नहीं है कि नाराजगी केवल सऊदी नागरिकों की ओर से ही जताई जा रही है, बल्कि कुछ पाकिस्तानियों ने भी विदेश मंत्री के बैठने की स्थिति की निंदा की है।



**पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी द्वारा इस्लामाबाद में सऊदी राजदूत नवाफ बिन सईद अल-मल्की के साथ मुलाकात के दौरान अपमानजनक व्यवहार करने की वजह से लिए सोशल मीडिया पर फटकार लगाई गई।**

### यमन का दावा, सऊदी अरब के हवाई हमलों में उसके 12 सैनिकों की मौत

**सना (यमन)।** सऊदी अरब के नेतृत्व वाली गठबंधन सेना ने गलती से सहयोगी यमन सरकार समर्थक सुरक्षा बलों के एक शिविर पर हवाई हमला कर दिया, जिसमें कम से कम 12 सैनिकों की मौत हो गई। यमन की सेना के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने पहचान गुप्त रखे जाने की शर्त पर बताया कि यह हवाई हमले बृहस्पतिवार को शाबवा प्रांत में किए गए, जिसमें कम से कम आठ सैनिक घायल भी हो गए। सऊदी अरब के नेतृत्व वाली गठबंधन सेना ने इस संबंध में अब तक कोई टिप्पणी नहीं की है। यह गठबंधन सेना यमन की अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त सरकार का समर्थन करती है। गौरतलब है कि यमन 2014 से ही गृह युद्ध के हालातों का सामना कर रहा है, जब ईरान के समर्थन वाले हौती विद्रोहियों ने राजधानी सना समेत देश के कई अन्य शहरों पर कब्जा कर लिया था।

# पाकिस्तान सरकार ने कहा- CPEC प्रोजेक्ट को निशाना बना रहे हैं अफगान आतंकवादी

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** चीन और पाकिस्तान की सबसे महत्वपूर्ण परियोजना जिसे हम चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (CPEC) के नाम से जानते हैं। उसे अफगानिस्तान के आतंकी निशाना बनाने की कोशिश कर रहे हैं। यह जानकारी पाकिस्तान सरकार की ओर से दी गई है। पाकिस्तान के आतंक निरोधी विभाग (CTD) की ओर से बताया गया कि अफगानिस्तान से ताल्लुक रखने वाले 90 फीसद आतंकी ग्रुप इस चाइना पाकिस्तान इकोनामिक कॉरिडोर परियोजना को निशाना बना रहे हैं। इन आतंकी संगठनों के निशाने पर पाकिस्तान के कुछ और मिशन भी है। कहा जा रहा है कि इसमें तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान यानी टीटीपी की भी संलिप्तता है। आपको बता दें कि पाकिस्तान के इमरान खान सरकार और टीटीपी के बीच सीजफायर एग्रीमेंट खत्म हो गया था।

पाकिस्तान के आतंक विरोधी विभाग के डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल जावेद इकबाल ने पाकिस्तान के अखबार द न्यूज को एक साक्षात्कार दिया। उन्होंने इस इंटरव्यू में कई बातें बताईं। पहले पाकिस्तान की सरकार या सेना अफगानिस्तान के आतंकी संगठनों के नाम लेने में हिचकते थे। इसका कारण यह था कि, पाकिस्तान अफगान तालिबान को नाराज नहीं करना चाहता था। उन्होंने बताया कि, अफगानिस्तान से संचालित हो रहे यह आतंकी संगठन चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारे को खाना बना रहे हैं। इतना ही नहीं ये आतंकी संगठन प्रमुख प्रतिष्ठान, पोलियो टीम और इकोनॉमिक एक्टिविटीज को भी टारगेट कर रहे हैं। CDT के डिप्टी इंस्पेक्टर जरनल इकबाल जावेद ने कहा कि, हमारी फौज ने इस्लामिक स्टेट- खोरासन ग्रुप से जुड़े आतंकी संगठनों के खिलाफ कार्यवाई की है। जिन आतंकियों को हमारी फौज ने गिरफ्तार किया, वह करीब 40 हमलों में शामिल थे। उन्होंने बताया कि, साल 2021 में



हमारी फौज ने 110 आतंकियों को मार गिराया और 599 को गिरफ्तार किया। जिन आतंकियों को गिरफ्तार किया गया उनसे काफी पैसा और हथियार बरामद हुए।

### पाकिस्तान ने चीन से खरीदे 25 लड़ाकू विमान

एजेंसी

**इस्लामाबाद|** पाकिस्तान ने चीन से 25 बहुउद्देश्यीय जे-10सी लड़ाकू विमानों की एक पूरी स्क्वाड्रन खरीदी है। पाकिस्तान ने भारत द्वारा राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद किए जाने के जवाब में ये विमान खरीदे हैं। पाकिस्तान के गृह मंत्री शेख राशिद अहमद ने बुधवार को यह जानकारी दी। शेख राशिद अहमद ने रावलपिंडी में संवाददाताओं से कहा कि जे-10सी के 25 विमानों का एक पूरा स्क्वाड्रन अगले साल 23 मार्च को पाकिस्तान दिवस समारोह में हिस्सा लेगा। जे-10सी को चीन के सर्वश्रेष्ठ लड़ाकू विमानों में से एक माना जाता है। जे-10सी हर प्रकार के मौसम में उड़ान भरने में सक्षम है। पाकिस्तान के पास हालांकि अमेरिका में बने एफ-16 श्रेणी के लड़ाकू विमानों का एक बेड़ा मौजूद है।

**सुर्खियां** अफगानिस्तान में कुपोषण सबसे चिंताजनक है और सहायता संगठनों का कहना है कि आधी से अधिक आबादी खाद्यान्न संकट का सामना कर रही है।

# पैसों-पैसों का मोहताज अफगानिस्तान, अपनी संतान बेचने को हुए मजबूर

एजेंसी

**शेदाई कैंप (अफगानिस्तान)।** पश्चिमी अफगानिस्तान में सूखे और युद्ध से विस्थापित लोगों की विशाल बस्ती में एक महिला अपनी बेटी को बचाने के लिए लड़ रही है। अजीज गुल के पति ने अपनी 10 साल की बच्ची को बिना उसे बताए शादी के लिए बेच दिया ताकि इसके एवज में मिले पैसों से वह अपने पांच बच्चों का भरण-पोषण कर सके।

गुल के पति ने कहा कि ''बाकी की जान बचाने के लिए उसे एक की बलि देनी पड़ी।'' अफगानिस्तान में बेसहारा लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। पैसों के लिए मोहताज ये लोग ऐसे कई निर्णय ले रहे हैं जो देश में बदहाली का संकेत दे रहे हैं। सहायता पर निर्भर अफगानिस्तान की अर्थव्यवस्था पहले से ही चरमरा रही थी जब तालिबान ने अगस्त के मध्य में अमेरिका और नाटो सैनिकों की वापसी के बीच सत्ता पर कब्जा कर लिया था। अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने विदेशों में अफगानिस्तान की संपत्ति को जब्त कर लिया और वित्तीय मदद रोक दी। युद्ध, सूखे और कोरोना वायरस महामारी से पीड़ित देश के लिए परिणाम विनाशकारी रहे हैं। कर्मचारियों को महीनों से वेतन नहीं दिया गया है। कुपोषण सबसे चिंताजनक है और सहायता संगठनों का कहना है कि आधी से अधिक आबादी खाद्यान्न संकट का सामना कर रही है। अफगानिस्तान में सहायता संगठन 'वर्ल्ड विजन' के राष्ट्रीय निदेशक असुंथ चार्ल्स ने कहा, ''इस देश में स्थिति दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है, विशेष रूप से बच्चे इससे सबसे अधिक पीड़ित हैं।''

चार्ल्स पश्चिमी शहर हेरात के पास विस्थापित लोगों के लिए स्वास्थ्य क्लीनिक चलाते हैं। उन्होंने कहा, ''आज मुझे यह देखकर बहुत दुख होता है कि कई परिवार दाने-दाने को मोहताज हैं ओर परिवार के अन्य सदस्यों को खिलाने के लिए वे अपने बच्चों को भी बेचने को तैयार हैं।'' इस क्षेत्र में बहुत कम उम्र की लड़कियों का विवाह आम बात है। दूल्हे का परिवार इस सौदे के बदले लड़की के



परिवार को पैसे देता है और 15 साल की होने तक बच्ची आमतौर पर अपने माता-पिता के साथ रहती है। कई लोग अपने बेटों को भी बेचने की कोशिश कर रहे हैं। इस पितृसत्तात्मक, पुरुष-प्रधान समाज में गुल अपनी बेटी को बेचे जाने का विरोध कर रही हैं। गुल खुद 15 साल में ब्याही गई थीं और अब वह अपनी बेटी कांडी गुल के साथ यह अन्याय नहीं होने देना चाहतीं। गुल कहती हैं कि अगर उनकी बेटी को उनसे छीन लिया गया तो वह खुद को मार डालेंगी।''गुल के पति ने बताया कि उसने कांडी को बेच दिया है जिस पर उन्होंने अपने पति से कहा, ''ऐसे करने से मरना बहुत बेहतर था।'' गुल ने अपने भाई और गांव के बुजुर्गों को इकट्ठा किया और उनकी मदद से कांडी के लिए इस शर्त पर ''तलाक'' हासिल किया कि वह अपने पति को मिले 100,000 अफगानी (लगभग 1,000 डॉलर) का भुगतान करेंगी, जो उनके पास नहीं है। घटना के बाद से गुल का पति फरार है। तालिबान सरकार ने हाल ही में जबरन विवाह पर प्रतिबंध लगाया है। गुलने कहा, ''मैं बहुत निराश हूं। कभी कभी ख्याल आता है कि अगर मैं इन लोगों को भुगतान करने के लिए पैसे नहीं दे सकती और अपनी बेटी को अपने पास नहीं रख सकती तो मैं खुद को मार डालूं, लेकिन फिर दूसरे बच्चों के बारे में सोचती हूं कि मेरे जाने के बाद इनका क्या होगा? उन्हें कौन खिलाएगा?'' उनकी सबसे बड़ी बेटी 12 साल की है, उसकी सबसे छोटी और छठी बेटी सिर्फ दो महीने की है। शिविर के एक अन्य हिस्से में चार बच्चों के पिता हामिद अब्दुल्ला भी अपनी कम उम्र की बेटियों को विवाह के लिए बेच रहे थे क्योंकि उनके पास अपनी बीमार पत्नी के इलाज के लिए पैसे नहीं थे जो जल्द पांचवे बच्चे को जन्म देने वाली है।

अब्दुल्ला ने कहा कि वह अपनी पत्नी के इलाज के लिए उधार के पैसे नहीं चुका सकते। तीन साल पहले उन्हें अपनी सबसे बड़ी बेटी होशरान जो अब सात साल की है, के विवाह के लिए पैसे मिले हैं। जिस परिवार ने होशरान को खरीदा है वह पूरी रकम चुकाने और उसे लेने से पहले उसके बड़े होने का इंतजार कर रहा है। लेकिन अब्दुल्ला को अब पैसों की जरूरत है, इसलिए वह अपनी दूसरी बेटी, छह साल की नाजिया की शादी करीब 20,000-30,000 अफगानी (200-300 डॉलर) में कराने की कोशिश कर रहा है। अब्दुल्ला की पत्नी बीबी जान ने कहा कि उनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं था लेकिन यह एक कठिन निर्णय था।

''जब हमने यह फैसला किया, तो ऐसा लगा जैसे किसी ने मुझसे मेरे शरीर का हिस्सा ले लिया हो।'' पड़ोसी बड़घिस प्रांत में एक और विस्थापित परिवार अपने आठ वर्षीय बेटे सलाहुद्दीन को बेचने पर विचार कर रहा है। उसकी मां गुलदस्ता (35) ने कहा, ''मैं अपने बेटे को बेचना नहीं चाहती, लेकिन मुझे करना होगा। कोई भी मां अपने बच्चे के साथ ऐसा नहीं कर सकती है, लेकिन जब आपके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं होता है, तो आपको अपनी इच्छा के विरुद्ध निर्णय लेना पड़ता है।'' संयुक्त राष्ट्र के अनुसार अफगानिस्तान में लाखों लोग भुखमरी का सामना कर रहे हैं। पांच साल से कम उम्र के 32 लाख बच्चे तीव्र कुपोषण का सामना कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### रोहित को आगामी सीरीज, टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए दक्षिण अफ्रीका के लिए नहीं चुना गया: चेतन




**मुंबई।** मुख्य चयनकर्ता चेतन शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि आगामी महत्वपूर्ण श्रृंखलाओं और टी20 विश्व कप को ध्यान में रखकर रोहित शर्मा को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे श्रृंखला में नहीं उतारने का फैसला लिया गया। शर्मा ने कहा ,'' यही वजह है कि हमने तय किया कि रोहित रिहैब जारी रखकर अपनी फिटनेस पर काम करे।''उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे श्रृंखला के लिये टीम की घोषणा के बाद कहा ,'' आजकल बहुत क्रिकेट हो रहा हे।कोई खिलाडी चोटिल नहीं होना चाहता।सभी खेलना चाहते हैं। कोई जान बूझकर चोटिल होना नहीं चाहता।'' उन्होंने कहा ,' यही वजह है कि रोहित को ये मैच खेलने से रोका गया। आगे विश्व कप और महत्वपूर्ण श्रृंखलायें खेलनी है।

### भारत ने सेंचुरियन में रचा इतिहास, पहले टेस्ट में साउथ अफ्रीका को 113 रन से हराया



**सेंचुरियन।** भारतीय टीम ने सेंचुरियन में साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेले जा रहे पहले टेस्ट मुकाबले को 113 रनों से जीत लिया है। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया था। जिसे सलामी बल्लेबाजों ने सही साबित किया। पहली पारी में केएल राहुल ने शानदार शतकीय पारी खेली। जबकि मयंक अग्रवाल ने 60 रन बनाए थे। इसके अलावा रहाणे 48, कोहली 35 रन बना पाने में कामयाब हुए थे। जिसकी बदौलत भारतीय टीम ने पहली पारी में 327 रन बनाए। साउथ अफ्रीका पहली पारी में 197 रन पर ही ढेर हो गई। वहीं भारतीय टीम ने दूसरी पारी में 174 रन बनाए। जिसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने साउथ अफ्रीका की कमर तोड़ दी। पांचवें और आखिरी दिन भारतीय टीम ने मुकाबले को 113 रनों से जीत लिया। यह पहली बार है जब भारतीय टीम ने सेंचुरियन में मुकाबला जीता है। इसी के साथ ही 3 मैचों की टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम 1-0 से आगे हो गई।

**शमी ने तोड़ी थी साउथ अफ्रीका की कमर**

भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने पहली पारी में साउथ अफ्रीका के पांच खिलाड़ियों को पवेलियन भेजकर मुकाबले में बढ़त बना ली थी। उन्होंने पहली पारी में 16 ओवर में 44 रन देकर 5 विकेट चटकाए थे। जबकि दूसरी पारी में एक विकेट चटका पाने में कामयाब हुए। वहीं बाकी गेंदबाजों की बात की जाए तो पैर मुड़ जाने के बावजूद जसप्रीत बुमराह ने शानदार गेंदबाजी की और उन्होंने दोनों पारियों में कुल 5 विकेट हासिल किए।

### विराट को ड्राइव करना जारी रखना चाहिए, लेकिन बेहतर गेंदों पर : राठौड़



**सेंचुरियन।** भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ का मानना है कि विराट कोहली को ड्राइव करने में हिचक नहीं दिखानी चाहिए क्योंकि इससे उन्होंने ढेरों रन जुटाये हैं लेकिन इसके लिये उन्हें सही गेंद का चयन करना चाहिए। कोहली कवर ड्राइव या ऑफ ड्राइव करने के प्रयास में विकेट के पीछे कैच दे रहे हैं और इसलिए इस संबंध में राठौड़ से सवाल किया गया था। राठौड़ ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा, ''इन शॉट से उन्होंने (कोहली) ने ढेरों रन जुटाये हैं और यह रन बनाने वाले शॉट हैं। उन्हें वह शॉट खेलने चाहिए लेकिन मुझे लगता है कि जो आपका मजबूत पक्ष है वही आपकी कमजोरी भी बनती है। उन्हें ये शॉट खेलते समय बेहतर गेंद का चयन करना चाहिए।''राठौड़ ने रन बनाने के लिये जूझ रहे चेतेश्वर पुजारा और अंजिक्य रहाणे का भी समर्थन किया। उन्होंने कहा, ''वे (पुजारा और रहाणे) अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश कर रहे हैं। रहाणे आउट होने से पहले वास्तव में अच्छी लय में दिख रहे थे। पुजारा भी अच्छी लय में थे। उन्होंने अतीत में कुछ महत्वपूर्ण पारियां खेली हैं। ये सभी के लिये चुनौतीपूर्ण परिस्थितियां हैं।''राठौड़ ने कहा, ''आपको धैर्य रखने की जरूरत है और जब तक वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ दे रहे हैं, कोचिंग इकाई के रूप में हमें कोई परेशानी नहीं है।

### जसप्रीत बुमराह को उपकप्तान बनाकर टीम मैनेजमेंट ने इन खिलाड़ियों को दिया बड़ा संदेश, निरंतर प्रदर्शन का बढ़ा दबाव

भारतीय टीम फिलहाल तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलने के लिए दक्षिण अफ्रीका दौरे पर है। टेस्ट श्रृंखला खत्म होने के बाद भारतीय टीम को तीन एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले भी खेलने है। हाल में ही वाइट बॉल फॉर्मेट के नए कप्तान चुने गए रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में केएल राहुल को टीम की कमान सौंपी गई है।

# गाबा, ओवल के बाद सेंचुरियन में भारत की जीत

एजेंसी

**सेंचुरियन।** भारतीय टीम ने गाबा, ओवल के बाद साउथ अफ्रीका के सेंचुरियन में तिरंगा लहराया। भारतीय टीम ने पहले टेस्ट में साउथ अफ्रीका को 113 रन से हरा दिया है। सेंचुरियन के मैदान में भारत ने पहली जीत दर्ज की है। इस जीत के बाद सोशल मीडिया पर फैंस ने शानदार अंदाज में जश्न मनाया। किसी ने ऑस्ट्रेलिया का गाबा टेस्ट याद किया तो किसी को इंग्लैंड का लॉड्र्स और ओवल टेस्ट याद आ गया। खैर यह दूसरी बात है लेकिन भारत ने साउथ अफ्रीका में चौथा टेस्ट मुकाबला जीता है।

जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज की धारदार गेंदबाजी के दम पर भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका को पहले टेस्ट मैच के पांचवें और आखिरी दिन 113 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। साउथ अफ्रीका 305 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पांचवें दिन के दूसरे सत्र में अपनी दूसरी पारी के दौरान 191 रन पर ऑलआउट हो गई।

भारतीय टीम की तरफ से पहली पारी में शतक लगाने वाले केएल राहुल को मैन ऑफ द मैच चुना गया है। उन्होंने अपने टेस्ट कॅरियर में अबतक 7 शतक जड़े हैं। जिनमें से 6 शतक विदेशी जमीं पर हैं।

भारतीय टीम ने सेंचुरियन में पहली बार जीत दर्ज की है। इससे पहले भारतीय टीम ने साल 2018 में जोहानिसबर्ग में 28 रन से जीत दर्ज की थी। आपको बता दें कि सेंचुरियन 56वां ऐसा मैदान बन गया है, जहां पर भारतीय टीम ने कोई टेस्ट मैच जीता है। इसके साथ ही भारत ने सबसे ज्यादा मैदान पर टेस्ट जीतने के मामले में ऑस्ट्रेलिया के वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। इस सीरीज का दूसरी मैच 3 जनवरी से जोहानिसबर्ग में खेला जाएगा। भले ही विराट कोहली लगातार टेस्ट मुकाबलों में अपने प्रतिद्वंद्वियों को मात दे रहे हों लेकिन उनका बल्ला करिश्मा दिखाने में असफल साबित हो रहा है। आपको बता दें कि विराट कोहली ने बांग्लादेश के खिलाफ अपना आखिरी शतक जड़ा था। इसके बाद उनके बल्ले से अभी तक कोई भी शतक नहीं निकल पाया है। जिसकी वजह से उनके फॉर्म को लेकर बहस छिड़ गई है।



**जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज की धारदार गेंदबाजी के दम पर भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका को पहले टेस्ट मैच के पांचवें और आखिरी दिन 113 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है।**

साउथ अफ्रीका की खिलाफ खेले गए मुकाबले में विराट कोहली, चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे फ्लॉप साबित हुए हैं। हालांकि यह तीनों खिलाड़ी अपने फॉर्म वापस लाने में सक्षम हैं लेकिन उनका बल्ला नहीं चल रहा है। अजिंक्य रहाणे की बात की जाए तो उनका औसत विदेशी जमीं पर शानदार है। उन्हें उछालभरी पिच पसंद है लेकिन उनके अनुकूल पिच होने के बाद भी उन्होंने दूसरी पारी में आसान सा कैच थमा दिया।

क्रिकेट में अक्सर हम खिलाड़ियों को आउट ऑफ फॉर्म में जाते हुए देखते हैं लेकिन फिर उनकी शानदार वापसी भी होती है। वो कहते हैं ना क्रिकेट अनिश्चितताओं का खेल है, प्रिडिक्शन करना इसमें फेल है। उम्मीद जल्द ही तीनों खिलाड़ी अपने फॉर्म में वापस लौटेंगे। इस मुकाबले के दौरान ऋषभ पंत पूर्व विकेटकीपर महेंद्र सिंह धोनी को पीछे करने में सफल हुए। आपको बता दें कि ऋषभ पंत, तेंबा बावुमा का कैच पकड़कर टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 100 शिकार करने वाले भारतीय विकेटकीपर बन गए हैं। ऋषभ पंत ने यह उपलब्धि 26वें टेस्ट की 50वी पारी में हासिल कर ली। जबकि महानतम विकेटकीपर कप्तान रहे महेंद्र सिंह धोनी को अपने 100 शिकार पूरे करने के लिए 36 टेस्ट मैच खेलने पड़े थे। इस मामले में ऋषभ पंत ने महेंद्र सिंह धोनी से 10 टेस्ट मैच कम खेले हैं। इसके अलावा मोहम्मद शमी ने टेस्ट क्रिकेट में 200 शिकार पूरे कर लिए हैं। आपको बता दें कि मोहम्मद शमी ने 55 मुकाबलों में 27.01 के औसत से 203 विकेट चटकाए हैं। इसके अलावा पैर मुड़ जाने के बावजूद जसप्रीत बुमराह ने भी एक उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने विदेश सरजमीं में खेले गए 22 मुकाबलों में शतकीय विकेट चटकाए हैं। जीत दर्ज करने के बाद कप्तान विराट कोहली ने कहा कि हम उस तरह की शुरुआत करने में सफल रहे जैसा चाहते थे।

## यूथ बिग्रेड ने श्रीलंका को दी मात भारत ने आठवीं बार जीता एशिया कप

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत की शुरुआत खराब रही और 8 रन के स्कोर पर ही पहला विकेट गिर गया। लेकिन सलामी बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी (नाबाद 56) की शानदार अर्धशतकीय पारी से टीम ने महज 21.3 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

भारत की अंडर-19 क्रिकेट टीम ने एशिया कप में शानदार प्रदर्शन किया है। भारत के यूथ बिग्रेड ने दुबई में खेले गए फाइनल मुकाबले में श्रीलंका को 9 विकेट से मात दी। इसके साथ ही भारत की जूनियर टीम ने रिकॉर्ड आठवीं बार अंडर-19 एशिया कप का खिताब जीता है। हालांकि, आज के मैच का परिणाम डीएलएस मेथड से निकाला गया। पाकिस्तान से मिली हार के बाद भारत के यूथ बिग्रेड ने जोरदार वापसी करते हुए एशिया कप में शानदार प्रदर्शन किया और फाइनल मुकाबले में श्रीलंका को धूल चटाई। बारिश से प्रभावित मैच में श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी की। जब बारिश में खेल में खलल डाला तो श्रीलंकाई पारी के 32 ओवर पूरे हो चुके थे। भारतीय गेंदबाज़ी के सामने श्रीलंकाई बल्लेबाजी पूरी तरह से विफल रही और 38 ओवर में सिर्फ 106 रन ही बना पाई। डीएलएस मेथड के तहत भारतीय टीम को 38 ओवर में 102 रनों का लक्ष्य मिला। भारत की शुरुआत खराब रही और 8 रन के स्कोर पर ही पहला विकेट गिर गया।

## मोहम्मद शमी को लेकर शतकवीर राहुल ने कही यह बात, सफलता के पीछे का राज भी खोला

एजेंसी

**सेंचुरियन।** भारतीय टीम के लिए साल 2021 काफी ज्यादा शानदार रहा। साल का अंत होते-होते उन्होंने साउथ अफ्रीका के सेंचुरियन में भी 'तिरंगा' फहरा दिया। इससे पहले उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के गाबा, इंग्लैंड के लॉड्र्स और ओवल में करिश्मा दिखाया था। इस मुकाबले में भारतीय तेज गेंदबाजों मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने धारदार गेंदबाजी की और 'केएल राहुल' ने शतकीय पारी खेल अच्छी शुरुआत दी। जिसकी वजह से उन्हें सेचुरिंयन टेस्ट का चुना गया। आपको बता दें कि शतकवीर केएल राहुल ने विदेशी जमीं पर जीत का असली हीरो गेंदबाजों को माना। उन्होंने कहा कि भारतीय गेंदबाज नेट्स पर हमें साथियों के रूप में नहीं देखते हैं और उन्हें डराते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय तेज गेंदबाज प्रतिस्पर्धी एथलीट हैं और नेट्स पर उनके खिलाफ खेलना मुश्किल है। केएल राहुल ने बताया कि नेट्स पर खेलना ज्यादा मुश्किल है क्योंकि हमें नेट्स में उनका सामना करने में मजा नहीं आता। नेट्स पर भी वे हमें डराते हैं। वे हमें टीम के साथी के रूप में नहीं देखते हैं, वे बहुत प्रतिस्पर्धी एथलीट और खिलाड़ी हैं।



उन्होंने आगे जोर देकर कहा कि हमारा देश बहुत भाग्यशाली है कि उनके पास गुणवत्तापूर्ण गेंदबाज हैं। उन्होंने कहा कि ईशांत शर्मा और उमेश यादव जैसे महत्वपूर्ण गेंदबाजों का बेंच पर होना टीम के लिए एक सकारात्मक संकेत है। इसी बीच केएल राहुल ने मोहम्मद शमी की जमकर तारीफ की। जिन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ दोनों पारियों में कुल 8 विकेट चटकाए। उन्होंने मोहम्मद शमी के बारे में आगे कहा कि मुझे लगता है कि वह वास्तव में महत्वपूर्ण गेंदबाज रहे हैं और बहुत मजबूत खिलाड़ी हैं जिन्होंने सभी परिस्थितियों में हमारे लिए अच्छा प्रदर्शन किया है।

## इंग्लैंड के खिलाड़ियों को आईपीएल के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर नहीं रहना चाहिए: आथर्टन

**आथर्टन ने कहा, "कई प्रारूप में खेलने वाले प्रमुख खिलाड़ियों को सात अंक में धनराशि दी जाती है लेकिन अजीब है कि साल के दो महीने इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान ईसीबी उनसे हाथ धो बैठता है।"**



एजेंसी

**लंदन।** आस्ट्रेलिया में एशेज श्रृंखला में इंग्लैंड के खराब प्रदर्शन को देखते हुए पूर्व कप्तान माइकल आथर्टन ने कहा है कि देश के क्रिकेटरों को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर नहीं होना चाहिए। इंग्लैंड की टीम शुरुआती तीन मैचों में करारी हार के बाद पहले ही आस्ट्रेलिया में पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला गंवा चुकी है और टीम के लचर प्रदर्शन की पूर्व खिलाड़ियों ने कड़ी आलोचना की है।

आथर्टन ने 'द टाइम्स' में अपने कॉलम में लिखा, ''खिलाड़ियों को आईपीएल में खेलने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर नहीं रहना चाहिए, ना ही कहीं और खेलने के लिए आराम दिया जाना चाहिए और ना ही रोटेट किया जाना चाहिए।''लुभावने आईपीएल के संदर्भ में इस पूर्व कप्तान ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लाल गेंद के प्रारूप में इंग्लैंड की टीम के प्रदर्शन में सुधार के लिए सुझाव दिए। आथर्टन ने कहा, ''कई प्रारूप में खेलने वाले प्रमुख खिलाड़ियों को सात अंक में धनराशि दी जाती है लेकिन अजीब है कि साल के दो महीने इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान ईसीबी उनसे हाथ धो बैठता है।''उन्होंने कहा, ''खिलाड़ियों को बताया जाना चाहिए कि ईसीबी आईपीएल में खेलने के आग्रह पर विचार करेगा लेकिन उनका अनुबंध पूरे 12 महीने का है ओर आईपीएल तथा अन्य फ्रेंचाइजी प्रतियोगिताओं में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया जाना इस पर निर्भर करता है कि यह इंग्लैंड टीम के सर्वश्रेष्ठ हित में हो।''इंग्लैंड की 1993 से 2001 के बीच 54 टेस्ट में कप्तानी करने वाले आथर्टन का मानना है कि पांच दिवसीय प्रारूप में बेन स्टोक्स मौजूदा कप्तान जो रूट की जगह लेने के लिए व्यावहारिक विकल्प हैं।

पिछले साल बल्ले से शानदार प्रदर्शन करने वाले रूट की आस्ट्रेलिया में कप्तानी को लेकर आलोचना हुई है। आथर्टन ने लिखा, ''चयन से लेकर रणनीति पर इतनी अधिक गलतियां की गई कि कप्तान को निजी तौर पर जिम्मेदारी लेनी होगी। रूट अगर मैदान पर चीजें सही करते तो यह इससे काफी अधिक करीबी श्रृंखला होती।''आथर्टन ने साथ ही कहा कि मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड को बाहर का रास्ता दिखाने का समय आ गया है। चौथा टेस्ट सिडनी में पांच जनवरी से शुरू होगा।

## 'कामचलाऊ उप कप्तानी' के रूप में बुमराह को मिला प्रदर्शन में निरंतरता का पुरस्कार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बहुत कम को यह उम्मीद थी जसप्रीत बुमराह को 'कामचलाऊ व्यवस्था' के लिये ही सही उपकप्तान नियुक्त किया जाएगा लेकिन अब यह स्पष्ट है कि चयनकर्ताओं ने इस तेज गेंदबाज को तीनों प्रारूपों में निरंतर अच्छे प्रदर्शन का इनाम दिया है। चेतन शर्मा की अगुवाई वाली चयनसमिति ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में जांचे परखे ऋषभ पंत और श्रेयस अय्यर को नजरअंदाज करके बुमराह को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला के लिये वनडे टीम का उप कप्तान नियुक्त किया है।



रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में केएल राहुल इस श्रृंखला में टीम की कमान संभालेंगे। चयनसमिति के करीबी सूत्रों पर विश्वास करें तो बुमराह की उप कप्तान के रूप में नियुक्ति पंत और अय्यर के लिये स्पष्ट संदेश है कि उन्हें सभी प्रारूपों में निरंतरता दिखानी होगी। बुमराह 2016 से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद से निरंतर अच्छा प्रदर्शन करते रहे हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, ''यह व्यवस्था एक श्रृंखला के लिये है क्योंकि रोहित (चोट के कारण बाहर) का वेस्टइंडीज और श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला में वापसी करना तय है और तब राहुल उप कप्तान की भूमिका निभाएंगे।'' उन्होंने कहा, ''हालांकि चयनकर्ता जस्सी (बुमराह) को उनके निरंतर अच्छे प्रदर्शन और अच्छे क्रिकेट दिमाग का इनाम देना चाहते थे। इसलिए उन्हें पंत और अय्यर पर प्राथमिकता दी गयी। '' चयनसमिति के पूर्व अध्यक्ष एमएसके प्रसाद ने कहा कि उन्हें केवल एक श्रृंखला के लिये उप कप्तान बनाया गया है इसलिए चयनकर्ताओं के लिये यह आसान फैसला था। प्रसाद ने कहा, ''जसप्रीत बहुत समझदार है और काफी सूझबूझ से काम लेता है। इसलिए उन्हें क्यों न इसका सम्मान दिया जाए। मुझे यह फैसला पसंद है। अगर एक तेज गेंदबाज सभी प्रारूपों में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है तो उसे कप्तान क्यों नहीं बना सकते।

**शख्शियत** ''खेल में कहीं और पैसा है, ऐसे में (काउंटी) चैंपियनशिप अपने मौजूदा प्रारूप में टेस्ट टीम के लिए उम्दा खिलाड़ी देने की स्थिति में नहीं है।''

# टेस्ट क्रिकेट को बचाने के लिए केविन पीटरसन ने टीम को दिया ये सुझाव

एजेंसी

**लंदन।** इंग्लैंड में क्रिकेट को बचाने के लिए पीटरसन का हंड्रेड की तरह लाल गेंद के टूर्नामेंट का प्रस्ताव दिया गया। पीटरसन ने बेटवे पर ब्लॉग में लिखा, ''खेल में कहीं और पैसा है, ऐसे में (काउंटी) चैंपियनशिप अपने मौजूदा प्रारूप में टेस्ट टीम के लिए उम्दा खिलाड़ी देने की स्थिति में नहीं है।पूर्व कप्तान केविन पीटरसन का मानना है कि हंड्रेड टूर्नामेंट की तर्ज पर प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता से इंग्लैंड की टेस्ट टीम को पुराना गौरव हासिल करने में मदद मिल सकती है। वर्ष 2005, 2009, 2010-11 और 2013 में एशेज जीतने वाली टीम के सदस्य रहे पीटरसन ने कहा कि मौजूदा काउंटी चैंपियनशिप ने अपनी चमक खो दी है और मौजूदा प्रारूप में यह टेस्ट टीम के लिए उम्दा खिलाड़ी देने की स्थिति में नहीं है।

पीटरसन ने बेटवे पर ब्लॉग में लिखा, ''खेल में कहीं और पैसा है, ऐसे में (काउंटी) चैंपियनशिप अपने मौजूदा प्रारूप में टेस्ट टीम के लिए उम्दा खिलाड़ी देने की स्थिति में नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी इसमें खेलना नहीं चाहते इसलिए इंग्लैंड के युवा खिलाड़ी अन्य दिग्गज खिलाड़ियों से सीख नहीं पा रहे जैसे मैंने सीखा। खराब विकेट पर औसत गेंदबाज बल्लेबाजों को आउट कर रहे हैं और सारी चीजें उलझी हुई हैं।'' इस 41 वर्षीय पूर्व कप्तान ने फ्रेंचाइजी आधारित 100 गेंद के क्रिकेट टूर्नामेंट 'द हंड्रेड' के लिए इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की सराहना की। उन्होंने कहा, ''द हंड्रेड में ईसीबी ने असल में प्रतिस्पर्धा वाला टूर्नामेंट तैयार किया है। इसमें सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी एक-दूसरे का सामना करते हैं, इसका विपणन अच्छी तरह किया गया है और दर्शक इससे जुड़े रहते हैं।'' पीटरसन ने कहा, ''उन्हें लाल गेंद के क्रिकेट में भी इसी तरह की फ्रेंचाइजी प्रतियोगिता शुरू करने की जरूरत है जहां हर हफ्ते सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी एक-दूसरे के खिलाफ खेलें। उन्हें दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ विदेशी खिलाड़ियों को आकर्षित करना चाहिए और इंग्लैंड के शीर्ष खिलाड़ियों को उनके साथ खेलकर फायदा होगा। '' पीटरसन ने आठ टीम की राउंड रोबिन लीग का प्रस्ताव रखा जिसकी पिच इस तरह तैयार होनी चाहिए कि खिलाड़ियों की तकनीक ठोस हो। उन्होंने कहा, ''पिच की निगरानी ईसीबी को करनी चाहिए जिससे कि अभी की तरह गेंदबाजों के अत्याधिक अनुकूल पिच नहीं दिखें।



**खराब विकेट पर औसत गेंदबाज बल्लेबाजों को आउट कर रहे हैं और सारी चीजें उलझी हुई हैं।**

# राजपूत और गुर्जर समाज के बीच बढ़ा विवाद

## अक्षय कुमार की फिल्म पृथ्वीराज की स्क्रीनिंग रोकने की धमकी

फिल्म के रिलीज से पहले ही अगर वह फिल्म चर्चा का विषय बन जाए तो इसमें कोई बड़ी बात नहीं होगी। पहले भी बॉलीवुड की ऐसी कई फिल्में रही है जिसको लेकर विवाद होता आया है। यहां फिल्म रिलीज होती नहीं कि इससे पहले ही बड़ा विवाद खड़ा हो जाता है। जब भी बॉलीवुड इतिहास से संबधित कोई फिल्म बनाती है तो उससे पहले विवाद , बहस और लोगों के दावे भी साथ जन्म देने लगती है। जब फिल्म पद्मावत रिलीज होने वाली थी तो उससे पहले फिल्म के कई सीन को लेकर विवाद खड़ा हुआ था। जगह-जगह फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने के लिए भारी संख्या में प्रदर्शन हुए। अब ऐसा ही एक और विवाद अब दोबारा खड़ा हो गया है। अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म पृथ्वीराज पर अब जोरदार विवाद हो रहा है। बता दें कि, फिल्म को लेकर राजस्थान में गुर्जर समाज ने फिल्म को लेकर कई बड़े दावे किए है और साथ ही पृथ्वीराज की स्क्रीनिंग रोकने की धमकी भी दे डाली है। गुर्जर समाज के मुताबिक, अगर फिल्म में पृथ्वीराज चौहान के लिए राजपूत शब्द का इस्तेमाल किया गया तो फिल्म रिलीज नहीं की जाएगी। गुर्जर समाज ने दावा किया है कि, पृथ्वीराज चौहान गुर्जर थे न कि राजपूत। वहीं राजपूत समाज ने गुर्जर समाज के इस दावे को बिल्कुल खारिज कर दिया है। इस विवाद को लेकर श्री राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय प्रवक्ता विजेंद्र सिंह शक्तावत ने अपना एक बयान जारी करते हुए कहा कि, गुर्जर शुरू में गौचर थे, जो बाद में गुज्जर और फिर गुर्जर में बदल गए और यह गुजरात से आते हैं जिसके कारण उन्हें यह नाम मिला। यह शब्द जगह से




संबंधित है न कि जाति से। वहीं गुर्जर नेता हिम्मत सिंह ने कहा कि, पृथ्वीराज चौहान रासो महाकाव्य को 16वीं शताब्दी में लिखा गया था, जो कि पूरी तरह से काल्पनिक कहानी है। यह महाकाव्य चंदबरदाई ने प्रिंगल भाषा में लिखा था, जो बाजरा और राजस्थानी भाषाओं का मिश्रण है। गुर्जर सम्राट पृथ्वीराज चौहान के शासन काल के समय संस्कृत का इस्तेमाल किया जाता था, ना कि प्रिंगल भाषा का, जिसका कवि ने प्रयोग किया है। हिम्मत सिंह ने आगे बताया कि, कई ऐतिहासिक सबूत बताते है कि, तेरहवीं शताब्दी से पहले राजपूत कभी अस्तित्व में नहीं थे। उन्होंने कहा कि, इन तथ्यों को साबित कर दिया गया है और इन्हें राजपूत समाज को भी मान लेना चाहिए।


## करीना खान ने परिवार संग मनाया नए साल का जश्न



बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री करीना कपूर खान ने पूरे परिवार के साथ धूमधाम से नए साल का जश्न मनाया। अभिनेत्री की नन्द यानी अभिनेत्री सोहा अली खान ने नए साल के जश्न की कुछ बेहतरीन तस्वीरें अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपलोड की। तस्वीरें अपलोड होते ही इंटरनेट पर वायरल हो गई हैं। पटौदी परिवार का रॉयल नई ईयर सेलिब्रेशन देखकर फैंस ख़ुशी से झूम रहे हैं। अभिनेत्री सोहा अली खान ने नए साल के जश्न की तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, "2021 का आखिरी खाना (50 प्रतिशत क्षमता पर)"। तस्वीरों में आप कुणाल खेमू, सैफ अली खान, करीना कपूर, उनके चाचा कुणाल कपूर और उनकी चचेरी बहन शायरा कपूर को देख सकते हैं। पूरी फॅमिली ने नई ईयर पार्टी के जमकर मजे किये इस बात का अंदाजा आप तस्वीरों को देखकर लगा सकते हैं। लोग भी अपने पसंदीदा सेलिब्रिटीज को खुश देखकर खुद भी बहुत खुश हैं और जमकर तस्वीरों पर प्यार लुटाने में लगे हुए हैं। अभिनेत्री करीना कपूर की बात करें तो उन्होंने रेड कलर का नाईटसूट पहना हुआ है। वहीं सोहा अली खान ने नारंगी रंग की काफ्तान ड्रेस पहनी हुई हैं। अभिनेता कुणाल खेमू और सैफ अली खान एक जैसे कपड़ों में पार्टी एन्जॉय करते दिख रहे हैं। करीना कपूर मस्त होकर पार्टी एन्जॉय करती नजर आ रहीं है। सैफ अली खान भी खाने और वाइन का लुफ्त उठाते दिख रहे हैं। कुणाल खेमू भी तस्वीरों में मजे करते दिख रहे हैं।

## दिशा पाटनी ने बोल्ड अवतार से इंटरनेट पर लगाई आग टाइगर ने सेल्फी शेयर कर धड़काए फीमेल फैंस के दिल


बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी रूमर बॉयफ्रेंड अभिनेता टाइगर श्रॉफ के साथ न्यू ईयर की छुट्टियाँ मनाने के लिए मालदीव गई हुईं हैं। दोनों छुट्टियों की तस्वीरें अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर शेयर कर रहे हैं। दोनों की तस्वीरें इन दिनों पर छाई हुई हैं। जहाँ एक तरफ अभिनेत्री अपने बोल्ड अवतार से इंटरनेट पर आग लगा रही हैं, वहीं दूसरी तरफ अभिनेता ने अपनी सेल्फी शेयर करके फीमेल फैंस का दिल धड़का दिया है। दोनों की तस्वीरें उनके फैंस और फॉलोवर्स को काफी पसंद आ रही हैं। अभिनेत्री दिशा पाटनी ने पिंक बिकिनी पहने अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की। तस्वीरों में अभिनेत्री हमेशा की तरफ हॉट और सेक्सी नजर आ रही हैं। दिशा अपने मालदीव में अपना वेकेशन कितना एन्जॉय कर रही हैं इसका अंदाजा आप तस्वीरों में उनकी खुशी देखकर लगा सकते हैं।






वहीं अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने अपनी एक सेल्फी शेयर की। सेल्फी में टाइगर अपनी स्मार्टनेस से लोगों को मदहोश करने में लगे हुए हैं। दोनों की तस्वीरों पर अब तक लाखों लोग अपना दिल हार चुके हैं। दिशा की तस्वीरों पर कमेंट करते हुए एक सोशल मीडिया यूजर ने लिखा, बहुत ही सुंदर। वहीं टाइगर की तस्वीर पर दिशा ने खुद की तारीफ़ करते हुए लिखा, वाह क्या शानदार फोटोग्राफर है। काम की बात करें तो अभिनेत्री दिशा पाटनी ने हाल ही में सिद्धार्थ मल्होत्रा स्टारर फिल्म 'योद्धा' की शूटिंग पूरी की है और जल्द ही मोहित सूरी की फिल्म एक विलेन रिटर्न्स में मुख्य भूमिका में नजर आएगी। टाइगर की बात करें तो वह मालदीव आने से पहले यूके में अपनी आने वाली फिल्म 'गणपथ' की शूटिंग कर रहे थे। आपको बता दें कि दिशा पाटनी और टाइगर श्रॉफ लम्बे समय से एक दूसरे के साथ हैं पर दोनों ने कभी भी अपने रिलेशनशिप में होने की बात कबूली नहीं हैं।


## ऐसे कपड़े पहनकर दादा की इज्जत को मिट्टी में मिलाती दिखीं रामानंद सागर की परपोती







साक्षी चोपड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। बिकिनी, ब्रालेस, ब्लैकलेस ड्रेस पहनकर अगर साक्षी अपनी बेहद हॉट तस्वीरें सोशल मीडिया डालती रहती हैं। साक्षी के इंस्टाग्राम पर के नजर डालेंगे तो उनकी बोल्डनेस पर से नजरें हटाना आपके लिए मुश्किल हो जाएंगे। इन दिनों धारावाहिक 'रामायण' के प्रसिद्ध डायरेक्टर रामानन्द सागर की परपोती साक्षी चोपड़ा इंटरनेट पर तहलका मचाने में लगी हुईं हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी हद से ज्यादा बोल्ड तस्वीरें सोशल मीडिया शेयर की। तस्वीरें अपलोड होते ही सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल गई हैं। साक्षी के हॉट अवतार को देखकर जहाँ एक तरफ उनके फैंस मदहोश हुए जा रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ साक्षी की अजीबो-गरीब ड्रेस देखकर लोग उन्हें जमकर ट्रोल कर रहे हैं। इंटरनेट पर वायरल हो रही इन तस्वीरों में साक्षी ने Crochet Dress पहनी हुई है जिसमें से उनकी अंडरगारमेंट्स साफ़ नजर आ रही हैं। उन्होंने बेशक काफी अजीब कपड़े पहने हुए हैं पर उनका सेक्सी फिगर इन कपड़ों में काफी अच्छा लग रहा हैं। उनके परफेक्ट कर्व्स पर से लोगों के लिए नजरे हटाना मुश्किल हो रहा है। तस्वीरों पर लोग उनकी हॉटनेस की जमकर तारीफ करने में लगे हैं। कमेंट सेक्शन फायर वाले इमोजी से भरा हुआ है। एक सोशल मीडिया यूजर ने तस्वीरों पर कमेंट करते हुए लिखा, ₹मस्त लग रही हो₹। एक अन्य ने कमेंट करते हुए लिखा, ₹हाय गर्मी₹। एक अन्य ने कमेंट किया, बहुत खूबसूरत। साक्षी चोपड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। बिकिनी, ब्रालेस, ब्लैकलेस ड्रेस पहनकर अगर साक्षी अपनी बेहद हॉट तस्वीरें सोशल मीडिया डालती रहती हैं। साक्षी के इंस्टाग्राम पर के नजर डालेंगे तो उनकी बोल्डनेस पर से नजरें हटाना आपके लिए मुश्किल हो जाएंगे। प्रोफेशन की बात करें तो साक्षी एक सिंगर और सॉन्गराइटर हैं।


## साल की आखिरी तस्वीर में बोल्डनेस का तड़का लगाकर मौनी राय ने बढ़ाया इंटरनेट का पारा











बॉलीवुड अभिनेत्री मौनी रॉय की 2021 साल की आखिरी तस्वीरों ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया हैं। जहाँ एक तरफ आधे देश में कड़ाके की ठंड पड़ रही है वहीं मौनी रॉय मुंबई के बीच पर घूमती नजर आ रही हैं। बॉलीवुड की हस्तियां नए साल का जश्न मना रही हैं। इसी बीच बॉलीवुड अभिनेत्री मौनी रॉय की 2021 साल की आखिरी तस्वीरों ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया हैं। जहाँ एक तरफ आधे देश में कड़ाके की ठंड पड़ रही है वहीं मौनी रॉय मुंबई के बीच पर घूमती नजर आ रही हैं। इतनी ठंड में अभिनेत्री का बिकिनी लुक देखकर फैंस की साँसे अटक सी गईं हैं। साल 2021 की इन आखिरी तस्वीरों को अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की। तस्वीरों को शेयर करते हुए मौनी ने कैप्शन में लिखा, सोननेट्स एंड सनसेट्स.....2021 का आखिरी। मौनी रॉय बीच पर ब्लू ब्रालेट टॉप और स्लिट स्कर्ट में घूमती नजर आ रही हैं। तस्वीरों में अभिनेत्री बेहद ही खुश दिख रही हैं और साल के आखिरी दिन को उन्होंने अच्छे एन्जॉय किया है। मौनी रॉय अपनी बोल्डनेस और फिटनेस के लिए काफी मशहूर हैं। उनकी इन तस्वीरों में उनका सेक्सी फिगर बेहद ही कातिलाना लग रहा है। सनसेट के साथ मिलकर अभिनेत्री की बोल्डनेस नई ईयर पर इंटरनेट का पारा चढाने में लगे हुए हैं। फैंस को भी अभिनेत्री की यह तस्वीरें पसंद आ रही हैं। कई फैन पेज ने मौनी की यह तस्वीरें शेयर करके उन्हें नए साल की शुभकामनाएं दी। तस्वीरों को अब तक चार लाख से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं।

## बिग बॉस के घर में नये साल का जश्न, रोने लगी शमिता शेट्टी

बिग बॉस के सीजन 15 में साल 2021 को अलविदा कहने के लिए बिग बॉस के हाउस में काफी मस्ती हुई। जहां एक तरफ शो में लड़ाई-झगड़े हो रहे है वहीं साल 2021 को अलविदा कहने के लिए सेलिब्रेशन भी जबरदस्त हुआ। बिग बॉस के हाउस में न्यू ईयर का स्वागत करने के लिए पार्टी हुई और माहौल को अच्छा करने के लिए शो में कई सेलेब्स भी आए और अपने -अपने अंदाज में जबरदस्त धमाल मचाया। आइये आपको बताते चले बीते दिन के ऐपिसोड में आखिर क्या-क्या बवाल मचा। बिग बॉस के ऐपिसोड में New Year Resolution टास्क हुआ और इसकी शुरूआत सलमान खान ने की। टास्क में घरवालों को एक-दूसरे को 2022 का Resolution बताना था। टास्क के खत्म होने के बाद सलमान खान घर के कुछ सदस्यों जिसमें देवोलीन भट्टाचार्या, अभिजीत बिचुकले, प्रतीक सहजपाल और तेजस्वी प्रकाश को अपने अंदर सुधार लाने को कहते है। वहीं न्यू ईयर के मौके पर शिल्पा अपनी बहन शमिता से वीडियो कॉल पर बात करती है और सरप्राइज के तौर पर बिग बॉस हाउस में अपनी बहन से महीनों बाद मिलती है। दोनों एक-दूसरे से गले लगाते है और माहौल काफी इमोशनल हो जाता है। दोनों बहनें रोने लगती है और शिल्पा बताती है कि, वह अपनी बहन से कभी भी इतने महीने दूर नहीं रही है। शिल्पा ने अपनी बहन को पहले ही बिग बॉस का विनर बताया। इसके बाद सलमान खान ने श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी के साथ डांस किया और शो में एंट्री की। सलमान और पलक ने बिजली-बिजली गाने पर डांस किया। शो में पलक तिवारी के अलावा शेखर, सिद्धार्थ निगम, जन्नत जुबैर और अनु मलिक भी आये हुए थे।




स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक एवं RNI No. DELHIHIN/2010/37009 संपादक मो हनीफ द्वारा अरावली प्रिंटर्स -WA30, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली से मुद्रित करवाकर, जी-12/276 , संगम विहार, नई दिल्ली-62 से प्रकाशित। फोन:8888883968, 9811111715 किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही होगा।